अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 17°C
तापमान

सेंसेक्स
76,617.44
निफ्टी
23,332.35

सोना 93,720
चांदी 1,05,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 3 अप्रैल 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 222 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 4 शव्वाल 1446 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी अस्पताल में भर्ती

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### जैकब डफी आईसीसी टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा नया वक्फ कानून

## विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2025 लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सरकार ने लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच मुस्लिम धार्मिक संपत्तियों के प्रबंधन करने वाले वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 को पेश किया और कहा कि यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं है, बल्कि शुद्ध रूप से दान की गई संपत्ति के बेहतर प्रबंधन के लिए है, ताकि मुस्लिम समाज के गरीबों एवं महिलाओं की तकदीर बदली जा सके।

सदन में प्रश्नकाल के बाद आवश्यक दस्तावेज पटल पर रखवाने के उपरान्त अध्यक्ष ओम बिरला ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का नाम वक्फ़ संशोधन विधेयक 2025 तथा मुसलमान वक्फ निरसन विधेयक 2024 को सदन के विचार एवं पारित करने के लिए रखने को पुकारा। सदन में उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी उपस्थित थे। विपक्ष की ओर से आरएसपी के नेता एनके प्रेमचंद्रन ने विधेयक के मसौदे पर आपत्ति जताते हुए कहा कि किसी भी संयुक्त संसदीय समिति को विधेयक के पाठ को बदलने का हक नहीं है। अलबत्ता सरकार और मंत्री यह काम कर सकते हैं। इस पर गृह मंत्री श्री शाह ने स्पष्ट किया कि संयुक्त संसदीय समिति ने जिस मसौदे को स्वीकृति दी है, उसे केन्द्रीय मंत्रिमंडल की स्वीकृति दिलाने के बाद ही संसद में लाया गया है। इसलिए -शेष पृष्ठ दो पर



**यह विधेयक किसी भी मस्जिद, दरगाह या अन्य किसी धार्मिक स्थान को हड़पने के लिए नहीं**

**मुस्लिम समुदाय के धार्मिक अधिकारों में दखल नहीं दिया जाएगा: अमित शाह**

### वक्फ प्रबंधन समिति में 22 में से 10 लोग मुस्लिम समाज से होंगे: रिजिजू

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इसमें वक्फ़ प्रबंधन समिति में 22 लोगों में से 10 मुस्लिम समाज के लोग, दो पूर्व न्यायाधीश, एडवोकेट, मुस्लिम महिलाएं, दो गैर मुस्लिम सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन विधेयक में देश के कानूनों को जगह देकर ट्रिब्यूनल में लंबित हज़ारों केसों को निस्तारित करने का रास्ता खोजा है

# विपक्ष ने कहा सरासर गलत

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने ने लोकसभा में बुधवार को पेश वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 को सरकार की संविधान विरोधी नीति का परिणाम बताया और कहा कि इस विधेयक को लाकर भाजपा देश में भ्रम फैला रही है और समाज को बांटने का काम कर रही है।

कांग्रेस के गौरव गोगोई ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरन रिजिजू द्वारा सदन में विधेयक को चर्चा करके पारित करने के लिए प्रस्ताव पर बहस शुरू करते हुए कहा कि विपक्ष भी चाहता है कि कानून में आवश्यक संशोधन हो, लेकिन सरकार की मंशा ठीक नहीं है और विभाजन की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार वक्फ विधेयक को लेकर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। देश का संविधान हर व्यक्ति को बराबरी, मौलिक अधिकारों की रक्षा, संघीय ढांचे की सुरक्षा और राष्ट्र की अखंडता सुनिश्चित करने की बात करता है, लेकिन सरकार का वक्फ विधेयक संविधान पर आक्रमण है और भ्रम फैलाकर समाज को विभाजित कर वोट बैंक की हिफाजत करना है। उनका कहना था कि सरकार यह कहते हुए भ्रम फैला रही है कि विधेयक पर व्यापक रूप से चर्चा हुई है जबकि सरकार इस पर मनमानी करती रही और सदन में व्यापक चर्चा की बात कर भ्रम फैला रही है। उनका यह भी कहना था कि इस विधेयक को लेकर जो बैठकें हुई है उन बैठकों के मिनट्स सरकार सदन में रखेगी, तो सच्चाई सबके सामने आ जाएगी। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि यह विधेयक अल्पसंख्यक मंत्रालय नहीं बल्कि किसी और मंत्रालय ने तैयार किया है, इसलिए इसमें अल्पसंख्यकों के हितों के कोई प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति वक्फ कर सकता है, लेकिन सरकार इस कानून के जरिए एक व्यक्ति के अधिकार को छीनने का काम कर रही है।

■ **वक्फ विधेयक संविधान पर हमला, सरकार फैला रही है भ्रम**
■ **समाज को बांटने का काम कर रही है भाजपा: गोगोई**

### कुणाल कामरा को तीसरा समन, पांच अप्रैल को बुलाया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे पर पैरोडी सॉन्ग मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने तीसरा समन भेजा है। उन्हें 5 अप्रैल को खार पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है। इससे पहले पुलिस कामरा को दो समन भेज चुकी है। इधर, मंगलवार को कुणाल कामरा मद्रास हाईकोर्ट में पेश हुए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने की कोशिश कर रही है, इसलिए उन्हें ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी जाए। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस सुंदर मोहन ने कामरा को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे दी। इससे पहले 28 मार्च को हाईकोर्ट ने कामरा को 7 अप्रैल तक की अग्रिम जमानत दी थी। कामरा ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की। इसका शीर्षक था 'एक कलाकार को खत्म करने की स्टेप-बाय-स्टेप गाइड'। कामरा ने लिखा आज के दौर में कलाकारों के पास दो ही विकल्प हैं या तो अपनी आत्मा बेचकर डॉलर की कठपुतली बन जाएं या फिर चुपचाप खत्म हो जाएं। कामरा वर्तमान में तमिलनाडु में हैं। कामरा ने एक स्टैंडअप कॉमेडी शो में पैरोडी की थी, जिसमें शिंदे को गद्दार कहा गया था।

### संसद ने ऑटिज्म से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने बुधवार को विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों और व्यक्तियों के अधिकारों तथा कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सभापति जंगदीप धनखड़ ने सदन की कार्यवाही शुरू होने पर जरूरी दस्तावेज सदन के पटल पर रखे जाने के बाद कहा कि आज विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस है और इस मौके पर यह सदन इस रोग से पीड़ित लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि यह सदन ऑटिज्म से पीड़ित व्यक्तियों के अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

### पिछड़ा वर्ग के समूहों ने दिल्ली में धरना प्रदर्शन किया शुरू

**हैदराबाद/नई दिल्ली।** तेलंगाना पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ राष्ट्रीय समिति के नेतृत्व में पिछड़ा वर्ग समूहों ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन शुरू किया और केंद्र सरकार से 42 प्रतिशत आरक्षण को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करके लागू करने की मांग की। तेलंगाना विधानसभा ने पिछड़ा वर्ग विधेयक पारित कर दिया है, जिसके तहत शिक्षा, रोजगार और राजनीति में पिछड़ी जातियों के लिए 42 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

### पुर्तगाल व स्लोवाकिया की यात्रा पर जाएंगी मुर्मू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आगामी सात अप्रैल को चार दिन की पुर्तगाल और स्लोवाकिया की राजकीय यात्रा पर जाएंगी, जिससे दोनों यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत तथा व्यापक बनाने में मदद मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति सात से दस अप्रैल तक इन दोनों देशों की यात्रा पर जाएंगी। श्रीमती मुर्मू पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी. सूसा के निमंत्रण पर 7 और 8 अप्रैल तक पुर्तगाल की यात्रा पर रहेंगी। यह यात्रा 27 वर्षों के अंतराल के बाद ऐसे समय में हो रही है जब भारत और पुर्तगाल राजनयिक संबंधों की पुन: स्थापना के 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

### हाईकोर्ट ने पूर्व एमयूडीए प्रमुख को दी राहत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त डीबी नटेशा को जारी ईडी के समन को रद्द करने वाले एकल न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगाने से बुधवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने हालांकि, स्पष्ट किया कि यह आदेश मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की पत्नी पार्वती को कथित अवैध भूमि आवंटन की चल रही जांच में बाधा नहीं डालेगा। मुख्य न्यायाधीश एनवी अंजारिया और न्यायमूर्ति केवी अरविंद की खंडपीठ ने अपना आदेश सुनाते हुए कहा कि इस तरह की रोक की प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाती।

## सुप्रीम कोर्ट ने रेवंत रेड्डी के 'कोई उपचुनाव नहीं होगा' वाले बयान पर जताई आपत्ति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की ओर से सदन में दिए गए इस बयान पर कार्रवाई कि अगर भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे, पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सदन में मुख्यमंत्री के इस बयान के लिए उनकी खिंचाई की। पीठ ने कहा कि यदि यह सदन में कहा जाता है, तो आपके माननीय मुख्यमंत्री 10वीं अनुसूची का मजाक उड़ा रहे हैं। रामलीला मैदान में राजनेताओं द्वारा कही गई बात सदन में कही गई बात से अलग है। पीठ ने कहा कि जब राजनेता विधानसभा में कुछ कहते हैं, तो उसमें कुछ पवित्रता होती है। वास्तव में निर्णय/ निर्णयों में कहा गया है कि जब हम कानूनों की व्याख्या करते हैं, तो सदन में भाषण देने वाले माननीय मंत्री के बयान का उपयोग उस कानून की व्याख्या के लिए किया जा सकता है। विधायी कार्यवाही पर न्यायिक जांच से संवैधानिक रूप से गारंटीकृत प्रतिरक्षा का हवाला देते हुए बीआरएस से कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 पार्टी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी, इस पर उन्होंने यह स्पष्ट किया कि राज्य में कोई उपचुनाव नहीं होगा। श्री रेड्डी ने 27 मार्च को कथित तौर पर यह बयान राज्य विधानसभा में 2025-26 के लिए अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान विपक्षी विधायकों द्वारा उठाई गई चिंताओं का जवाब देते हुए दिया।



■ **तेलंगाना सीएम ने अपने बयान में कहा था अगर बीआरएस के विधायक कांग्रेस में शामिल होते हैं, तो भी उपचुनाव नहीं होंगे**

## एलओसी पर सेना ने पांच घुसपैठिए किए ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सेना ने 4-5 पाकिस्तानी घुसपैठियों को मार गिराया। हालांकि, इसे लेकर सेना का आधिकारिक बयान नहीं आया है। घटना मंगलवार शाम को पुंछ में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर कृष्णा घाटी सेक्टर के फॉरवर्ड एरिया में हुई।

एलओसी से सटे इलाके में 3 माइन ब्लास्ट हुए और पाकिस्तान की ओर से फायरिंग भी हुई थी। दावा है कि इसी समय आतंकियों ने घुसपैठ की कोशिश की थी। भारतीय सेना ने जवाबी फायरिंग की थी। जिसमें 4 से 5 घुसपैठिए मारे गए। सेना ने कहा कि एक अप्रैल को एलओसी के उस पार से पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठ की कोशिश की। इसके कारण कृष्णा घाटी सेक्टर में एक माइन ब्लास्ट हुआ। पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की और संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया। सेना ने कहा कि हमारे सैनिकों ने फायरिंग का जवाब दिया। स्थिति नियंत्रण में है और इस पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। भारतीय सेना एलओसी पर शांति बनाए रखने के लिए साल 2021 के डीजीएसएमओ समझौते को बनाए रखने की अपील करती है। इधर कठुआ में सुरक्षाबलों का 2 आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

■ **पाकिस्तानी सेना ने बिना उकसावे के फायरिंग की**

## देश में आने वालों पर रखी जाएगी कड़ी नजर: राय

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने देश में प्रवेश, निवास और यात्रा से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल तथा पारदर्शी बनाने और विदेशियों तथा आप्रवासन से संबंधित सभी मामलों को विनियमित करने वाले आप्रवास और विदेशी विषयक विधेयक 2025 को विपक्ष के संशोधनों को खारिज करते हुए बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

इसके साथ ही इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गई। लोकसभा इस विधेयक को पहले की पारित कर चुकी है। विपक्षी सदस्यों ने केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन से बहिगर्मन किया। श्री राय ने कहा कि पुराने कानून के कमजोर और बिखरे हुए होने के कारण संबंधित कानूनों को समाहित करके नया कानून बनाना जरूरी हो गया था। यह विधेयक देश की आंतरिक सुरक्षा तथा अर्थतंत्र को मजबूती देगा और वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए मजबूत नींव रखने के लिए लाया गया है। यह विधेयक देश देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त विदेशियों को देश से बाहर निकालने तथा उनके देश में प्रवेश पर रोक लगाने के लिए लाया गया है।

■ **आप्रवास विधेयक को राज्यसभा की मंजूरी**

## नक्सल विरोधी अभियान: मुठभेड़ में दो खूंखार नक्सली धराशायी

भोपाल, वार्ता

**केन्द्र एवं मध्य** प्रदेश शासन द्वारा मार्च, 2026 तक भारत को वामपंथी अतिवाद की पुरानी समस्या से मुक्त करने के उद्देश्य से अपनाई गई बहुआयामी रणनीति के तहत मध्य प्रदेश पुलिस ने बुधवार को एक मुठभेड़ में माओवादियों के एमएमसी जोन (मध्य प्रदेश- महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़) के केबी डिवीजन की भोरमदेव एरिया कमेटी के दो हार्डकोर महिला नक्सलियों को मार गिराया।

पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सुरक्षा बलों द्वारा माओवादियों के विरुद्ध लगातार आक्रामक कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के मुंडीदादार- गनेरीदादर-परसाटोला जंगल क्षेत्र में माओवादियों की सूचनाएं मिलने पर इनकी तलाश के लिए सुरक्षा बलों को जंगल में भेजा गया था। बुधवार सुबह सर्चिंग के दौरान माओवादियों ने सुरक्षा बलों को हताहत करने तथा उनके हथियार लूटने की नियत से अंधाधुंध फायरिंग की गई। सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी जवाबी फायरिंग की गई। इस कार्रवाई में दो वर्दीधारी हार्डकोर महिला माओवादी मारी गईं। इनके कब्जे से एक एसएलआर राइफल तथा एक अन्य राइफल, भरी मैगजीन, एक वॉकीटॉकी सेट तथा चाकू बरामद किया गया। मुठभेड़ के दौरान घने जंगल का फायदा उठाकर भागे अन्य माओवादियों की तलाश में सुरक्षा बलों द्वारा मुठभेड़ क्षेत्र के आसपास सघन सर्चिंग अभियान संचालित किया जा रहा है।

### ऑर्गन डोनेशन पर सरकारी कर्मचारियों को 42 दिन की छुट्टी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए आर्गन डोनेशन (अंगदान) पर 42 दिन की स्पेशल कैजुअल लीव देने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने इस संबंध में जानकारी दी। यह छुट्टी सर्जरी के टाइप पर निर्भर नहीं करेगी और इसे सरकारी डाक्टर की सिफारिश पर अधिकतम 42 दिनों तक लिया जा सकता है। यह आमतौर पर अस्पताल में भर्ती होने के दिन से शुरू होगी, लेकिन जरूरत पड़ने पर सर्जरी से एक सप्ताह पहले भी ली जा सकती है। यह प्रावधान 2023 में कार्मिक मंत्रालय के आदेश के तहत लागू किया गया था, जिससे आर्गन डोनेशन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## बिहार में पुल ढहने के मामले में जांच के लिए दायर याचिका पटना हाईकोर्ट स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिहार में कई पुलों के ढहने की घटनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मांग वाली जनहित याचिका को बुधवार को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर दिया। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

याचिका में यह गुहार लगाई है कि एक साथ कई पुलों के ढहने की घटनाओं की संपूर्ण संरचनात्मक ऑडिट और कमजोर पुलों का आकलन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया जाए। पीठ ने बिहार सरकार के जवाबी हलफनामे में दिए गए विवरणों की समीक्षा करने के बाद मामले को पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने का फैसला किया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश खन्ना ने कहा कि हमने जवाबी हलफनामे को देखा है और हम इसे पटना उच्च न्यायालय स्थानांतरित कर रहे हैं। हलफनामे में निरीक्षण और किए जा रहे उपायों का विवरण है। याचिकाकर्ता के वकील ने कार्यवाही के दौरान इस बात पर जोर दिया कि बिना किसी तीसरे पक्ष के निरीक्षण के कई पुल ढह गए थे। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति कुमार ने स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि तीन निर्माणाधीन पुल ढह गए।

### भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध: सीजेआई खन्ना

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बुधवार को कहा कि भारत और आयरलैंड के बीच गहरे कानूनी संबंध हैं। न्यायमूर्ति खन्ना ने इन संबंधों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयरलैंड तथा भारत राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों पर ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं। इसके अतिरिक्त यह सिद्धांत कि भारत राज्यों का संघ है, आयरिश संविधान से लिया गया था। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 3 आयरिश संविधान के अनुच्छेद 5 से समानता रखता है। मुख्य न्यायाधीश ने अदालती कार्यवाही के दौरान कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आयरलैंड के शीर्ष अदालत के न्यायाधीश जेरार्ड होगन हमारे साथ हैं।

### महादेव सट्टा एप मामले में बघेल पर प्राथमिकी दर्ज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर सीबीआई ने महादेव सट्टा एप मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल समेत 21 आरोपियों के नाम शामिल हैं। मामले में श्री बघेल को आरोपी बनाया गया है। वह छह नंबर के आरोपी बनाए गए हैं। प्राथमिकी के बाद सीबीआई इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई ने हाल ही में देशभर में श्री भूपेश बघेल समेत तमाम आरोपियों के 60 जगहों पर छापेमारी की थी। कई राजनेता, नौकरशाह और पुलिस अधिकारियों के यहां छापेमारी की गई थी। इनमें छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापे मारे गए थे।

## हाईवे पर ट्रक की टक्कर से दो युवतियों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के मूंढापांडे थाना इलाके में दिल्ली-लखनऊ हाईवे के जीरो प्वाइंट पर मंगलवार रात 12 बजे सीमेंट की पाइप से भरे ट्रक ने कार में टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार हरियाणा के रोहतक की मॉडल टाउन निवासी सिमरन (18) और शिवानी (25) की मौत हो गई। वहीं युवतियों के दो दोस्त राहुल और संजू को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चारों दोस्त 31 मार्च की सुबह नैनीताल गए थे।

पुलिस के अनुसार, कार सवार चारों दोस्त नैनीताल से वापस हरियाणा जा रहे थे। काशीपुर के रास्ते मुरादाबाद पहुंचे थे। जैसे ही उनकी कार मूंढापांडे क्षेत्र में जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार ट्रक में फंस गई। ट्रक चालक कार को 50 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चला गया। इसके बाद कार निर्यात फर्म की दीवार से टकरा गई। कार के इंजन से धुआं निकलने लगा। चालक ट्रक छोड़कर मौके से भाग निकला। आसपास के लोग मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों दोस्तों को बाहर निकाला और जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों को मृत घोषित कर दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि घायल युवकों का उपचार चल रहा है। घायलों के परिजनों को जानकारी दे दी गई है। पुलिस ने बताया -शेष पृष्ठ दो पर



■ **दो युवक घायल, कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी**
■ **आशंका: कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी**

## लोन नहीं मिलने पर बैंक से लूटा 17 किलो सोना

बेंगलुरु, वार्ता

**कर्नाटक के** दावणगेरे जिले के एक शख्स ने लोन नहीं मिलने पर बैंक से 17 किलो सोना लूट लिया। पुलिस ने बताया कि लूट का मुख्य आरोपी विजय कुमार (30 साल) आर्थिक तंगी से जूझ रहा था।

उसने अगस्त 2023 में एसबीआई बैंक में 15 लाख रुपये के लोन के लिए अप्लाई किया था, लेकिन उसका एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। इससे नाराज होकर उसने बैंक से 13 करोड़ रुपये का सोना लूटा। पुलिस ने कहा कि आरोपी विजयकुमार को स्पैनिश क्राइम ड्रामा सीरीज मनी हाइस्ट से चोरी का आइडिया आया। इसके बाद उनके यूट्यूब वीडियो देखकर 6-9 महीने में बैंक लूट की प्लानिंग की। बैंक लूटने में उसने भाई अजयकुमार, बहनोई परमआनंद और तीन अन्य साथी अभिषेक, चंद्रू और मंजूनाथ की भी मदद ली। पुलिस ने फिलहाल सभी 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विजयकुमार ने बैंक लूटने से पहले अपने 5 साथियों के साथ मिलकर कई महीने प्लानिंग की। विजयकुमार और चंद्रू ने कई बार बैंक की रेकी की। उन्होंने रात को सुनसान खेतों से बैंक तक जाने की मॉक ड्रिल की, ताकि पुलिस और आम लोगों की मूवमेंट का अंदाजा ना हो सके। इसके बाद गैंग ने खिड़की से बैंक में एंट्री ली। साइलेंट हाइड्रोलिक आयरन कटर और गैस-कटिंग टूल्स का इस्तेमाल करके बैंक के लॉकर तोड़े। किसी ने भी फोन का इस्तेमाल नहीं किया।

■ **मनी हाइस्ट सीरीज से आया आइडिया फिर यूट्यूब वीडियो देखकर बनाया प्लान, छह आरोपी गिरफ्तार**

## संक्षिप्त समाचार

### युवती से गैंगरेप केस में इंस्पेक्टर व चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के प्रताप गध जिले में थाना क्षेत्र रानी गंज के दुर्गागंज बाजार में प्राइवेट हॉस्पिटल में काम करने वाली दलित युवती की ड्यूटी के दौरान गैंगरेप और हत्या मामले में इंस्पेक्टर रानीगंज आदित्य कुमार सिंह और चौकी इंचार्ज रोहित यादव को लाइन हाजिर कर दिया है। पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने इस मामले में बड़ा एक्शन लिया है। एसपी ने दुर्गागंज बाजार में मामले को लेकर हुए बवाल में बुधवार को बताया कि मामले में मिली जांच रिपोर्ट के अनुसार पुलिस के अड़ियल रवैए से दुर्गा गंज के ग्रामीण भड़क गए थे और बवाल हो गया था,जिसमे ग्रामीणों द्वारा किए गए पथराव में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए थे। गौरतलब है कि पिछले सप्ताह दुर्गा गंज बाजार के एक निजी अस्पताल में रात में ड्यूटी के दौरान एक 22 वर्षीय दलित युवती घी मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डाक्टर सहित अस्पताल कर्मियों पर दलित युवती के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या का आरोप लगाया था।

### नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की

**सुकमा।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की केंद्रीय समिति ने मध्य भारत में युद्ध को तत्काल रोकने का आह्वान किया है। समिति ने शांति वार्ता को सुगम बनाने के लिए भारत सरकार और भाकपा (माओवादी) दोनों से बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हैं। समिति ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर माओवादी-प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित करते हुए 'काग' नामक एक गहन आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया। इस अभियान के परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर हिंसा, हत्याएं और सामूहिक गिरफ्तारियां हुई हैं। इस अभियान के दौरान 400 से अधिक माओवादी नेता, कार्यकर्ता और आदिवासी नागरिक कथित तौर पर मारे गए हैं। महिला माओवादियों को कथित तौर पर सामूहिक यौन हिंसा और फांसी का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा कई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है और उन्हें अवैध हिरासत और यातना दी गई है। शांति वार्ता के लिए माओवादियों ने कुछ शर्तें भी रखीं हैं । माओवादियों ने बुद्धिजीवियों, मानवाधिकार संगठनों, पत्रकारों, छात्रों और पर्यावरण कार्यकर्ताओं से शांति वार्ता के लिए सरकार पर दबाव बनाने का आग्रह किया।

### देश अब मांग रहा है आंदोलन: सपा

**लखनऊ।** केंद्र सरकार के बुधवार को लोकसभा में पेश किए गए वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा इस बिल का विरोध करती है और करती रहेग। इसके साथ ही सपा नेता ने इशारे में कहा कि सरकार समाज के कुछ लोगों को चुन-चुन कर अपमानित करने का काम कर रही है। देश अब आंदोलन मांग रहा है। सीएम योगी के सवाल पर शिवपाल ने कहा की सभी धर्म के कार्यक्रमों पर सरकार को व्यवस्था करनी चाहिए। अगर व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, तो गद्दी को छोड़ देना चाहिए। संविधान में लिखा है कि सभी समाज के लोगों को अपने-अपने धार्मिक त्योहार मनाने का अधिकार है और सरकारों की उनके त्योहार को मनाने की व्यवस्था देने का काम होता है।

# तीस जून तक बेच सकेंगे फसल

**लखनऊ, वार्ता**

**उत्तर** प्रदेश के किसानों के लिए राहत की खबर है क्योंकि अब वे मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत अपने घर बैठे सीधे सरकार को अपनी दालें और तिलहन बेच सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 2 अप्रैल से 30 जून तक चलने वाली योगी सरकार की इस पहल के तहत किसान बिचौलियों या बाजार में उतार-चढ़ाव के बिना न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर अपनी उपज बेच सकेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य उचित मूल्य सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना है, जिससे उन्हें निर्बाध और पारदर्शी बिक्री प्रक्रिया प्रदान की जा सके। इस अवसर का लाभ उठाकर किसान अपनी फसलों के लिए बेहतर रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं। पीएसएस के तहत, यूपी के विभिन्न जिलों को फसल खरीद के लिए दो प्रमुख एजेंसियों को सौंपा गया है, जिनमें नैफेड और एनसीसीएफ शामिल हैं। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने



**सीपीएस के तहत घर बैठे सीधे यूपी सरकार को बेच सकेंगे**

के तीन कार्य दिवसों के भीतर सीधे उनके आधार से जुड़े बैंक खातों में भुगतान प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि सुचारू खरीद की सुविधा के लिए, पीसीएफ, पीसीयू, जेएएफईडी और यूपीएसएस के माध्यम से फसल उत्पादक जिलों में खरीद केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए किसान हेल्पलाइन 18002101222 पर संपर्क कर सकते हैं। यह विशेष खरीद योजना केंद्र सरकार और यूपी सरकार द्वारा संयुक्त रूप से कार्यान्वित की जा रही है, जिसमें नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल व्यक्तिगत रूप से प्रक्रिया की देखरेख कर रहे हैं।

# दिल्ली विस के इतिहास में सबसे झूठा बजट: आतिशी

**नई दिल्ली, वार्ता**

**आम** आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार की ओर से पेश बजट के झूठ को उसकी सरकार के ही आदेश ने उजागर कर दिया है।

आतिशी ने संवांददाता सम्मेलन में बुधवार को कहा कि पिछले दिनों भाजपा की दिल्ली सरकार ने दिल्ली विधानसभा में बजट पेश किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने बार-बार कहा कि एक लाख करोड़ का बजट दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक बजट है, क्योंकि पहली बार इतना बड़ा बजट दिल्ली विधानसभा में पेश किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बजट ऐतिहासिक इसलिए है, क्योंकि यह दिल्ली विधानसभा के इतिहास में अब तक का सबसे झूठा बजट है। उन्होंने कहा कि



मैंने बजट सत्र में अपने संबोधन में इसे सिलसिलेवार और तार्किक तरीके से समझाया कि दिल्ली सरकार के पास एक लाख करोड़ रुपये की न आय है और न तो हो सकती है। अगर टैक्स के आंकड़े देखें, तो जितने आंकड़े इस बजट में दिए गए हैं, उससे कम से कम 5,000 करोड़ रुपये कम टैक्स आएगा, 10 हजार करोड़ रुपये कम लोन मिलेगा और केंद्र सरकार ने अभी तक अपने बजट में दिल्ली सरकार के लिए एक पैसा भी नहीं रखा है। मैंने अनुमान लगाया

**हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर दिल्ली के लोगों को मिल गया: आप**

था कि दिल्ली सरकार का बजट वास्तविक करीब 78 हजार करोड़ रुपये का है। आप नेता ने दिल्ली सरकार के कागजात का हवाला देते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग को भी पता है कि सरकार के पास एक लाख करोड़ तो छोड़िए, 78 हजार करोड़ रुपये का भी बजट नहीं है। दिल्ली सरकार के पास महज 60 हजार करोड़ रुपये का बजट है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को भाजपा की दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने आदेश जारी करके सभी विभागों को आवंटित बजट में पांच फीसद राशि ज्यादा खर्च करने पर रोक लगा दी है। जिन विभागों को यह हवा-हवाई और जुमलों वाला बजट कागजों पर मिल गया है, उन विभागों को उसे खर्च करने पर रोक लगा दी गई है।

कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर विधानसभा में हंगामा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के कला एवं संस्कृति तथा भाषा मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर बुधवार को आम आदमी पार्टी के विधायकों ने जमकर हंगामा किया। सदन की कार्यवाही जैसे ही अपरा]न दो बजे शुरू हुई, तो आप के विधायक श्री मिश्रा के इस्तीफे की मांग करने लगे। इस दौरान आप के विधायक अपने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे, जिस पर 'कपिल मिश्रा इस्तीफा दो[ लिखा हुआ था। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आप विधायकों से बार- बार शांत रहने और सदन की कार्यवाही चलने देने की अपील की, लेकिन आप विधायक शांत नहीं हुए। इसके बाद श्री गुप्ता ने विपक्ष की नेता आतिशी , आप विधायक संजीव झा, अनिल झा, मुकेश अहलावत और जरनैल सिंह सहित आप के कई अन्य सदस्यों को मार्शल के जरिये सदन से बाहर निकलवा दिया और सदन की


## वक्फ संशोधन बिल को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश का हमला

# नाकामियां छिपाने के लिए लाई सरकार

**नई दिल्ली, वार्ता**

**सपा** प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि मोदी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए वक्फ विधेयक लेकर आई है और भारतीय जनता पार्टी इसके जरिये ध्रुवीकरण की राजनीति कर अपने गिरते मतों को संभालना चाहती है।

श्री यादव ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 पर सदन में हो रही चर्चा के दौरान कहा कि नोटबंदी, किसानों की आय दुगुनी करने, गंगा सफाई, स्मार्ट सिटी, आदर्श ग्राम योजना आदि कामों में सरकार की विफलताओं से जनता का ध्यान हटाने के लिए यह विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि जो सरकार प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ में मरने वालों की संख्या नहीं बता पा रही है, वह वक्फ की संपत्तियां गिनने की तैयारी में लगी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की है और यह विधेयक भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि इसके



**इस विधेयक के पीछे नीयत करोड़ों मुस्लिमों के घरबार और दुकान छीनने की साम्प्रदायिक राजनीति का नया रूप है ये बिल**

माध्यम से सरकार मुसलमानों को भड़काना चाहती है ताकि समाज में ध्रुवीकरण हो और भाजपा के वोट में आ रही गिरावट रुके। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा के कई साथी दल भी अंदर से इस विधेयक के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतंत्र के बारे में दुनिया में एक गलत संदेश भेजेगा। उन्होंने कहा कि मैं भी हिदू हूं, हिदू सबको साथ लेकर चलने वाला होता है। श्री यादव ने इसी संदर्भ में अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू की ओर संकेत करते हुए कहा कि आप हमारे बहुत से धर्मग्रंथों को नहीं मानते, उपनिषदों को स्वीकार नहीं करते, फिर भी हम आपको अपनाकर चलते हैं। उन्होंने कहा कि श्री रिजिजू ने कहा है कि रेलवे और रक्षा विभाग की जमीनें देश की जमीनें हैं, वह पूछना चाहते हैं कि क्या रेलवे की जमीनें बेची नहीं जा रही, रक्षा विभाग की जमीनें बेची नहीं जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से वक्फ की जमीनों की बातें खूब की जा रही हैं, वक्फ की जमीनों से ज्यादा बड़ा मुद्दा देश की उन जमीनों का है, जिन पर चीन ने कब्जा करके गांव बसा लिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या श्री रिजिजू बताएंगे कि चीन ने भारत की जमीनों पर कितने गांव बसा लिए हैं। श्री यादव ने कहा कि भाजपा के मतों में गिरावट आ रही है, उस गिरावट को संभालने के लिए यह वक्फ विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे के बंटवारे के लिए लाया गया है, समा. जवादी पार्टी इस विधेयक का विरोध करती है,और मत विभाजन होने पर इसके खिलाफ वोट देगी।

### देश में भय का माहौल बना रही सरकार: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है। कांग्रेस के अभिषेक मनु सिघवी ने 'आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025' पर सदन में चर्चा शुरु करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इसका विरोध करती है। उन्होंने कहा कि इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा। यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है। व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है। यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है। उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है। उन्होंने कहा कि यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी। इससे पहले गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में चर्चा कराने के लिए यह विधेयक पेश किया। भारतीय जनता पार्टी की रेखा शर्मा ने कहा कि विदेशियों का स्वागत राष्ट्र के हितों की कीमत पर नहीं होना चाहिए। कांग्रेस के शासन में राष्ट्रहित के इस पक्ष को अनदेखा किया गया जिससे बंगलादेश के लाखों लोग भारत में जमने में कामयाब हो गए। पश्चिम बंगाल में बंगलादेशियों के कारण हालात बहुत खराब हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मशाला नहीं है। यह विधेयक भारत को भारतीयों के लिए सुरक्षित बनाने में मदद करेगा। देश में आप्रवासन के कारण जनसंख्या की समस्या बढ़ती जा रही है।

# यूजीसी के मसौदा नियम पर सुझाव दे सकते हैं: प्रधान

**नई दिल्ली, वार्ता**

**केन्द्रीय** शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के मसौदा नियम सार्वजनिक कर दिया गया है और राज्य अपने सुझाव दे सकते हैं।

श्री प्रधान ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान द्रविड मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) के सदस्य तिरुची शिवा द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में यह बात कही। श्री शिवा ने पूछा था कि क्या यूजीसी के मसौदा दिशा-निर्देशों के संबंध में राज्यों के साथ कोई परामर्श किया गया है। श्री प्रधान ने कहा कि यूजीसी के पास सुधारवादी नियम बनाने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि मसौदा प्रस्ताव जनता के लिए उपलब्ध है और प्रत्येक राज्य के मुख्य सचिव और प्रधान सचिवों को इसकी जानकारी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि दस से अधिक राज्यों ने अपने सुझाव दिए हैं, साथ ही राज्य, केंद्रीय, निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों सहित 52 विश्व. विद्यालयों ने भी अपने सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने व्यापक रूप से परामर्शी दृष्टिकोण अपनाया है और सुधारित मसौदा सार्वजनिक डोमेन में डाल दिया गया है और कोई



**राज्य सचित व चीफ प्रधान सचिव को दी गई है मसौदे की जानकारी**

भी इसके लिए सुझाव दे सकता है। श्री प्रधान ने कुलपति के चयन से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद से इस पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया है। हर बार जब राज्य न्यायालय गए हैं, तो उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि यूजीसी के सुझाव ही किसी भी मामले में मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र के बीच समन्वय है। उन्होंने गैर-शैक्षणिक व्यक्ति को कुलपति नियुक्त किए जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि वर्तमान परिवेश और प्रौद्योगिकी को देखते हुए, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को शैक्षणिक संस्थानों का नेतृत्व करना चाहिए।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार
अर्थ व्यापार

# लिवाली से शेयर बाजार ने लगाई छलांग

**मुंबई, वार्ता**

**अमेरिकी** टैरिफ की अनिश्चितताओं के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले दिवस के कोहराम से उबरकर आज शेयर बाजार ने लंबी छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 592.93 अंक अर्थात 0.78 प्रतिशत उछलकर 76,617.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 166.65 अंक यानी 0.72 प्रतिशत की तेजी के साथ 23332.35 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.38 प्रतिशत मजबूत होकर 41,667.65 अंक और स्मॉलकैप 0. 99 प्रतिशत चढ़कर 47,136.15 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4085 कंपनियों के शेयरों में



कारोबार हुआ, जिनमें से 2863 में तेजी जबकि 1091 में गिरावट रही वहीं 131 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2148 में लिवाली जबकि 757 में बिकवाली हुई वहीं 72 के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, पारस्परिक टैरिफ को लेकर अनिश्चितता आज की टैरिफ घोषणा के साथ कुछ हद तक कम हो सकती है। लेकिन, ट्रम्प के पहले भी टैरिफ को लेकर बार.बार अपने रुख में बदलाव करने की वजह से यह अनिश्चितता आज के बाद भी जारी रहने की संभावना है। निवेशकों को सलाह है कि वे टैरिफ और बाजार के रुझान के बारे में स्पष्टता का इंतजार करें। यदि टैरिफ की घोषणाएं उम्मीद से भी अधिक कठोर होती हैं तो बाजार में एक और बड़ी बिकवाली देखी जा सकती है। हालांकि, ऐसी स्थिति में भी घरेलू खपत से जुड़े सेक्टर मजबूत बने रहेंगे और उनमें स्थिरता दिख सकती है। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 122 अंक की तेजी लेकर 76,146.28 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,064.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली के दम पर बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 76,680.35 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 76,024.51 अंक के मुकाबले 0.78 प्रतिशत की छलांग लगाकर 76,617.44 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 23,158. 45 अंक के निचले जबकि 23,350. 00 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा।

# कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर बढ़ाया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने ईंधन पर बिक्री कर दरें तत्काल प्रभाव से बढ़ा दी है, जिससे पेट्रोलियम उत्पादों की दरों में भारी उछाल आ सकती है। राज्य के वित्त विभाग की बुधवार को यहां जारी एक आधिकारिक अधिसूचना में अपर सचिव जे आर ललिता ने बताया बिक्री कर की दरों को 18-44 प्रतिशत से बढ़ाकर 21-17 प्रतिशत कर दिया गया है।

कर्नाटक बिक्री कर अधिनियम 1957 के तहत जारी इस अधिसूचना के अनुसार यह बढ़ोतरी ईंधन करों पर तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। सरकार ने हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि यह वृद्धि किन विशेष उत्पादों को प्रभावित करेगी। गौरतलब है की यह परिवर्तन पूर्व में जून 2024 के संशोधित आद. ेश का ही हिस्सा है। यह बढ़ोतरी राज्यभर में आवागमन के साधनों की कीमतों को प्रभावित करेगी जिससे जरूरी सामानों और सेवाओं की कीमतों में भी वृद्धि होने की आंशका जताई गई है। इससे वाणिज्यिक वाहनों में इस्तेमाल होने वाले प्रमख ईंधन डीजल की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने की संभावना है जिसके कारण माल ढलाई की कीमतों में उछाल के साथ-साथ मुद्रास्फीती पर भी गहरा असर पड़ सकता है। इससे पेट्रोल की दरों में बढ़ोतरी के कारण रोजमर्रा की यात्रा करने वाले यात्रियों की जेब पर असर पड़ेगा।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

**विदेशी** बाजार में लगातार तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 83 रिंगिट उबलकर 4845 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0-11 सेंट की तेजी के साथ 47-55 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे।



इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5450-5550, दाल चना 6450-6550, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 8800-8900, अरहर दाल 8300-8400 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्न्न गेहूं दड़ा 3100-3200 रुपये और चावल : 3150-3250 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18681 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 15201 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16849 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देश में गरीबों की तकदीर बदलेगा.....**

किसी नियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। श्री शाह ने कहा कि जेपीसी ने विधेयक में कई संशोधन किए हैं। कांग्रेस के जमाने में कमेटियां ठप्पा होतीं थीं। हमारे समय में कमेटियां विचार करके जरूरी परिवर्तन करतीं हैं। इसके बाद अध्यक्ष श्री बिरला ने विपक्ष की आपत्तियों को खारिज करके विधेयक को पेश करने की अनुमति प्रदान की। श्री रिजिजू ने विधेयक को सदन के समक्ष विचार के लिए प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने पूरे देश में तमाम वर्ग के लोगों के साथ व्यापक चर्चा के बाद अपनी रिपोर्ट दी थी और उसके आधार पर यह विधेयक पारित कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जेपीसी ने इस विधेयक के बारे में अभूतपूर्व परिश्रम किया है। करीब 97 लाख, 27 हजार 772 सुझावों, अपीलों, ज्ञापनों एवं सिफारिशों का निस्तारण किया है। सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों, अलग-अलग संगठनों, धार्मिक समुदायों, शोधकर्ताओं आदि ने अपने विचार साझा किए हैं। उन्हें पूरा विश्वास है कि जो लोग इस विधेयक का विरोध कर रहे हैं, इसके तथ्यों के बारे में जानकर उनका दिल बदलेगा और वे सब समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंध का मामला है और इससे किसी धर्म के कार्यकलाप में कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। उन्होंने कहा कि सरकार किसी धार्मिक कार्य में हस्तक्षेप नहीं कर रही है, यह कोई मंदिर, मस्जिद का विषय नहीं है। यह शुद्ध रूप से संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि वक्फ की संपत्तियों का प्रबंध मुतव्वली करता है और यह विधेयक उसी प्रबंध से संबंधित है। संसदीय कार्य मंत्री ने इस संबंध में केरल और इलाहाबाद उच्च न्यायालयों तथा उच्चतम न्यायालय के तीन निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि तीनों ही निर्णयों में न्यायालयों ने स्पष्ट किया है कि मुस्लिम वक्फ या हिन्दू मंदिरों की संपत्तियों के प्रबंध का काम स्वाभाविक रूप से सेक्युलर (गैरधार्मिक प्रकृति का काम) है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बारे में 'आप यह तर्क बंद करें, कि मुसलमानों (की संपत्ति) के मामले में गैर-मुस्लिम को क्यों जोड़ा जा रहा है।' मंत्री ने विपक्ष खासकर कांग्रेस पर वोट बैंक की निरर्थक राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली तत्कालीन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार ने शहरी विकास मंत्रालय की दिल्ली में 123 संपत्तियों को दिल्ली वक्फ बोर्ड को हस्तांतरित कर दिया था। श्री रिजिजू ने कहा कि आपको तो इसका फायदा हुआ नहीं, आप चुनाव हार गए। फिर ऐसा काम क्यों करते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष को इस विधेयक पर चर्चा करनी चाहिए और इसको लेकर कोई भ्रम पैदा नहीं करना चाहिए। यह विधेयक किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि मुसलमानों के हित में है और तमाम मुसलमान चाहते हैं कि वक्फ की संपत्तियों का कायदे से प्रबंध हो। अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू नेकहा कि यह कहा जा रहा है कि सेना एवं रेलवे के बाद वक्फ़ के पास सबसे ज़्यादा ज़मीन है, तो यह समझना चाहिए कि रेलवे की जमीन पर पटरी बिछी है और उस पर देश की जनता चलती है। इसलिए रेलवे की ज़मीन देश की ज़मीन है। इसी तरह से सेना की जमीन भी देश की जमीन है, लेकिन वक्फ़ की संपत्ति निजी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे ज़्यादा वक्फ़ संपत्ति भारत में है, लेकिन हमारा गरीब मुसलमान परेशान क्यों हैं।

**हाईवे पर...**

कि कार में रखे मोबाइल में गूगल लोकेशन ऑन थी। इससे आशंका जताई जा रही कि कार गूगल मैप की लोकेशन पर ड्राइव हो रही थी।मूंढापांडे पुलिस ने क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है। जीरो प्वाइंट के पास मंगलवार रात करीब 12 बजे हुए हादसे के बाद दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर लंबा जाम लग गया। हाईवे के दोनों छोर पर वाहनों की कई किलोमीटर तक कतार लग गई। मौके पर पहुंची कटघर और मूंढापांडे थानों की पुलिस ने हादसे में क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को हाईवे से हटवाया। करीब डेढ़ घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। नैनीताल से लौट रहे युवक-युवतियों की कार जैसे ही जीरो प्वाइंट पर हाईवे पर चढ़ी तभी दिल्ली की ओर से आ रहे सीमेंट के पाइप से लदे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। हादसे के बाद हाईवे लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद हाईवे के दोनों ओर वाहनों के पहिये थमते चले गए। वाहनों की कई किलोमीटर तक लंबी लाइन लग गई थी। सूचना पाकर कटघर, मूंढापांडे और हाईवे पुलिस ने मौके पर पहुंच गई। जैसे तैसे कार और ट्रक को मार्ग से हटाकर यातायात सुचारू करवाया। इस दौरान करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे के बाद कार सवार दो युवक और दो युवतियां क्षतिग्रस्त कार में ही फंस गए। ट्रक चालक मौके पर ही ट्रक छोड़कर भाग निकला। हादसा देखकर दौड़े आसपास के लोग अभी कार सवारों को निकालने की कोशिश कर ही रहे थे कि कार में आग लग गई। जैसे-तैसे दोनों युवक तो कार से बाहर निकल आए, लेकिन युवतियां कार में ही फंसी रह गईं। लोगों ने पानी और मिट्टी आदि डालकर आग पर काबू पाया। बाद में युवतियों को कार से निकाला गया। सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डाक्टरों ने दोनों युवतियों सिमरन व शिवानी को को मृत घोषित कर दिया।

### सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिधिया ने कहा कि पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब उत्तर पूर्वी राज्यों को पहला अंग बनाने का काम किया है।

श्री सिधिया ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी ने उत्तर पूर्वी राज्यों के विकास को प्राथमिकता दी है। पूर्व में उत्तर पूर्वी राज्यों को देश के आखिरी टापू के रूप में देखा जाता था अब प्रधानमंत्री ने इसे पहला अंग बनाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच 54 मंत्रालय के बजट आवंटन 27 हजार करोड़ रुपये का था जो वर्तमान में 91 हजार करोड रुपये प्रति वर्ष हो चुका है जो साढे तीन गुणा अधिक है। उत्तरी पूर्वी राज्यों में 19 रेलवे प्रोजेक्ट 80 हजार करोड़ की लागत से चलाए जा रहे हैं। इन राज्यों के 4500 गांव को 4जी नेटवर्क से जोड़ा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# फिट उत्तराखंड:15 दिन में पूरा एक्शन प्लान तैयार किया लाए: सीएम धामी

■ मुख्यमंत्री ने की फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट उत्तराखंड की समीक्षा की

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** फिट उत्तराखण्ड अभियान के लिए 15 दिन के अन्दर पूरा एक्शन प्लान बनाया जाय। खेल, स्वास्थ्य, आयुष, खाद्य, शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग द्वारा मिलकर एक्शन प्लान तैयार करें। राज्य और जिला स्तर पर इसके लिए प्रतिमाह वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाए। 'ईट राइट बी फिट' के तहत चीनी, नमक और तेल को थोड़ा कम करने का संदेश आम जन तक पहुंचाया जाए। फिट उत्तराखण्ड अभियान को स्कूल, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के अलावा ग्राम स्तर तक व्यापक स्तर पर किया जाए। स्कूल और महाविद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य कैंप लगाये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट उत्तराखण्ड की



समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ मस्तिष्क का होना जरूरी है, इसलिए मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए लोगों को जागरूक किया जाए। राज्य के रजतोत्सव कैलेंडर में फिट उत्तराखण्ड अभियान को भी शामिल किया जाए। खानपान की आदतों, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और शारीरिक गतिविधियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। ग्राम स्तर तक फिट उत्तराखण्ड अभियान को ले जाने के लिए युवा और महिला मंगल दलों को शामिल किया जाए एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

खेल विभाग की लीगेसी प्लान की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बने खेल इन्फ्रास्टक्चर का खेलों के लिए नियमित उपयोग किया जाए। राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली आगामी खेल प्रतियोगिताओं के लिए राज्य से प्रतिभावान खिलाड़ी तैयार किये जाएं। स्थानीय युवाओं में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सतत स्पोर्ट्स ईको सिस्टम विकसित किया जाय।

बैठक में जानकारी दी गई कि राज्य के युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण के लिए विश्वस्तरीय और उच्च गुणवत्ता के प्रशिक्षण सेंटर विकसित किये जा रहे हैं। राज्य में कुल 28 बहुदेशीय हाल, 52 छोटे और बड़े स्टेडियम, 155 प्लेग्राउंड और हॉल, 1 शूटिंग रेंज, 5 एथलेटिक ट्रैक, 1 माउंटेनियरिंग सेंटर, 1 लॉन बॉल ग्राउंड, 5 एस्ट्रो टर्फ्स, 1 वेलोड्रोम,1 एडवेंचर ट्रेनिंग संस्थान है जिन इन्फ्रास्ट्रक्चर की लीगेसी प्लानिंग की जा रही है।

बैठक में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के सुधांशु, विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, रंजीत सिन्हा, डॉ. आर. राजेश कुमार, निदेशक खेल प्रशांत आर्य उपस्थित थे।

# अब सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा चौबटिया गार्डन

■ कृषि मंत्री जोशी ने पर्यटकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं का तत्काल लिया संज्ञान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने राजकीय उद्यान चौबटिया में पर्यटकों की आवाजाही में आ रही बाधाओं का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। विभागीय मंत्री ने सोशल मीडिया एवं मीडिया के माध्यम से राजकीय उद्यान के बंद होने की खबर का तत्काल संज्ञान लेते हुए उपनिदेशक उद्यान चौबटिया को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कृषि मंत्री गणेश जोशी के निर्देशों के तहत उपनिदेशक उद्यान चौबटिया ने अधीक्षक के साथ उद्यान का निरीक्षण किया और पर्यटकों की सुविधाओं को सुचारू करने के लिए कई महत्वपूर्ण व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई।

राजकीय उद्यान चौबटिया अब प्रतिदिन सूर्योदय से सूर्यास्त तक खुला रहेगा। भ्रमण के लिए निर्धारित द्वारों पर इस अवधि में ताले नहीं लगाए जाएंगे। पर्यटकों की सुरक्षा और



सुविधा के लिए प्रातः 6:00 बजे से रात्रि 7:00 बजे तक चौकीदार तैनात रहेगा। अतिरिक्त पार्किंग सुविधा उपनिदेशक, वनस्पति कार्यालय के पास उपलब्ध कराई गई है, जिससे पर्यटक ट्यूलिप गार्डन का आसानी से भ्रमण कर सकें। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए ट्यूलिप गार्डन तक वाहनों की आवाजाही की अनुमति दी गई है, ताकि वे भी इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सकें। पार्किंग क्षेत्र के पास जन-सुविधाओं की उचित व्यवस्था की जाएगी। गाइडों को निर्देशित किया गया है कि वे पर्यटकों को निर्धारित भ्रमण मार्गों से ही भ्रमण कराएँ।

विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पर्यटकों की सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए और समय-समय पर उच्च अधिकारियों के निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि हमने सुरक्षा, पार्किंग और वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के लिए विशेष व्यवस्थाएँ की हैं, ताकि हर कोई इस प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद ले सके। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भविष्य में भी राजकीय उद्यान के विकास और पर्यटकों के लिए सुविधाओं को और बेहतर बनाने के प्रयास जारी रहेंगे।

# प्रदेश में पुरुषों से अधिक हैं महिला श्रमिक

■ 17 लाख महिला व 13 लाख पुरुष कामगार पंजीकृत

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड में महिला श्रमिकों की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक है। इस बात का खुलासा बुधवार को उत्तराखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की बैठक के दौरान हुआ। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के श्रमिकों का हित सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। जिन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उत्तराखण्ड असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का गठन किया गया है, उनको पूरा करने के लिए स्पष्ट योजना के तहत कार्य किये जाएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि उत्तराखंड राज्य से लगभग 30 लाख श्रमिक पंजीकृत हैं। इनमें 17 लाख महिला और 13 लाख पुरुष कामगार है। अभी तक 20 लाख श्रमिकों का सत्यापन हो चुका है। 20 लाख सत्यापित कामगारों में 2.5 लाख निर्माण श्रमिक, 17.50 लाख अन्य विभिन्न श्रेणियों के कामगार है। श्रम विभाग की और से ई श्रम पोर्टल के 15 पंजीकृत कामगारों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से लाभान्वित किया गया है। जिसमें रुपए 2 लाख दुर्घटना बीमा के रूप में दिया जाता है। पीएम श्रम योगी मानधन योजना में 39 हजार 567 पंजीकृत कामगार है जिसमें 20 हजार 509 महिला और 19 हजार 58 पुरुष कामगार है।

## श्रमिकों का हित सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल: सीएम



**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक प्रकार की योजना को क्लब कर पात्र को अधिकतम लाभान्वित किया जाए, जिससे योजना प्रभावी रहे और नियमित मॉनिटरिंग भी हो सके। राज्य के संसाधनों का बेहतर उपयोग हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्रमिकों के पंजीकरण की प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जाय। श्रमिकों के बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने और उनको मिलने वाली सुविधाओं से लाभान्वित करने पर भी जोर दिया जाए। श्रमिकों के कौशल विकास पर भी ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा स्पष्ट और सरल भाषा में आम लोगों को जानकारी दी जाय। बैठकों में प्रस्तुत किए जाने वाले पीपीटी में तीन चीजों का स्पष्ट उल्लेख किया जाए कि अब तक क्या किया है? कोई कार्य नहीं हुआ, तो किस वजह से नहीं हुआ और आगे की क्या योजना है। बैठक में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, प्रमुख सचिव न्याय प्रदीप पंत, सचिव नीतेश झा, सचिन कुर्वे, डा पंकज कुमार पांडेय, बृजेश कुमार संत, वी. षणमुगम, सी रविशंकर, आयुक्त श्रम सुश्री दीप्ति सिंह, बोर्ड के सदस्य और सर्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## भट्ट ने गंगोत्री- यमुनोत्री क्षेत्र में रेल मार्ग की जरूरत की ओर ध्यान किया आकृष्ट

**देहरादून ।** राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने सदन में विशेष उल्लेख के तहत गंगोत्री यमुनोत्री क्षेत्र में रेल मार्ग की जरूरत की तरफ सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है। जिसमें उन्होंने उत्तराखंड के दोनों क्षेत्रों में रेल मार्ग की जरूरत का जिक्र करते हुए कहा कि, ये क्षेत्र हिमांचल से जुड़ा हुआ है तथा यहां सेब तथा अनेकों बेमौसमी सब्जी की उपज व्यापक पैमाने पर होती है। यहां चकराता नगर एक सुन्दर पर्यटन स्थल हैं, वहीं माँ गंगा यमुना के उदगम स्थान से जुड़े हुए क्षेत्र है, लाखों यात्री प्रतिवर्ष यहाँ यात्रा के लिए आते है ।पीएम मोदी के नेतृत्व में श्री बद्रीनाथ श्री केदारनाथ से जोड़ने वाली ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना प्रगति पर है। और इसी क्रम में गंगोत्री के लिए भी रेल लाइन पर सर्वे हो रहा है। यमुना घाटी की जनता भी यमुनोत्री रेल लाइन सर्वे की मांग लम्बे समय से कर रही है। भट्ट ने कहा कि वह सदन के माध्यम से यमुनोत्री क्षेत्र को भी रेल मार्ग से जोड़ने की मांग करते हैं।

# निजी विद्यालयों की शिकायत को टील फ्री नम्बर जारी

■ विभाग की नई वेबसाइट लॉन्च, एक क्लिक पर मिलेगी सभी जानकारियां, विभागीय मंत्री डॉ. रावत के हाथों दोनों सुविधाओं का हुआ शुभारम्भ

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों से सम्बंधी विभिन्न शिकायतों के निस्तारण के लिये टोल फ्री नम्बर 1800 180 4275 जारी कर दिया गया है। अब इस नम्बर पर अभिभावक निजी विद्यालयों से सम्बंधित शिकायतें दर्ज कर सकेंगे। इसके अलावा शिक्षा विभाग से सम्बंधित सभी जानकारियां व सूचनाएं शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को आसानी से मिल सके, इसके लिये भी विभाग द्वारा नई अधिकारिक वेबसाइट लांच कर की गई।

सूबे के विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज माध्यमिक शिक्षा निदेशालय में शिक्षा विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800 180 4275 एवं विभागीय वेबसाइटे Schooleducation-uk-gov.in कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर डॉ. रावत ने कहा कि प्रदेशभर से अभिभावकों द्वारा निजी स्कूलों के शुल्क बढ़ाने, स्कूली ड्रेस एवं महंगी किताबें थोपे जाने को लेकर विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही है। जिसको देखते हुये विभाग द्वारा एक टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है जिस




पर अभिभावक प्रत्येक कार्यदिवस में सुबह 9:30 से शाम 5:30 बजे तक कॉल करके अपनी समस्याएं एवं शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

निदेशालय स्तर से सक्षम अधिकारियों द्वारा दर्ज शिकायतों का प्रत्येक दिन मूल्यांकन कर सम्बंधित जनपद के अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेजा जायेगा। सम्बंधित जनपद के अधिकारी को प्राप्त शिकायत का निराकरण करते हुये निदेशालय को रिपोर्ट करनी होगी। डॉ. रावत ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा नई वेबसाइट schooleducation.uk.gov.in का भी शुभारम्भ किया गया है जो कि आईटीडीए के मानकानुसार सुरक्षित, स्केलेबल और सुलभ है। जो कि साइबर हमलों से सुरक्षित फ्रेमवर्क में बनाई गई है, जिसका विभाग को अगले पांच वर्ष तक सिक्योरिटी ऑडिट भी नहीं करना होगा। इस विभागीय वेबसाइट की खास बात यह है कि यह हिन्दी व अंग्रेजी दोनों ही भाषाओं में उपलब्ध है। जिसमें सभी संवर्गों की नियमावली, अशासकीय विनिमय, स्थानांतरण अधिनियम, आरटीई मैन्युअल सहित तमाम विभागीय गतिविधियों को समाहित किया गया है। यही नहीं वेबसाइट में सभी संवर्गों की वरिष्ठता सूची को भी अपलोड किया गया है। जिसकी जानकारी कोई भी व्यक्ति एक क्लिक में हासिल कर सकता है।

बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा झरना कमठान, निदेशक बेसिक शिक्षा अजय कुमार नौडियाल, निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. मुकुल सती, एपीडी समग्र शिक्षा कुलदीप गैरोला, संयुक्त निदेशक पदमेन्द्र सकलानी, जे. पी. काला, राज्य पोर्टल प्रभारी मुकेश बहुगुणा सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जबकि सभी जनपदों के मुख्य शिक्षा अधिकारियों ने बैठक में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

# चारधाम यात्रा: 11,57,592 यात्रियों ने कराया ऑनलाइन पंजीकरण

■ केदारनाथ धाम के लिए सर्वाधिक 3,80,006 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीकरण



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड की चारधाम और हेमकुंड साहिब यात्रा के प्रति श्रद्धालुओं का उत्साह हर साल बढ़ता जा रहा है। इस बार की यात्रा में एक दिलचस्प बात यह सामने आई है कि सबसे ज्यादा पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए हुआ है। कुल 3,80,006 श्रद्धालु अब तक केदारनाथ धाम के लिये रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। अब तक कुल 11,57,592 यात्रियों ने अपना ऑनलाइन पंजीकरण पूरा कर लिया है।

इसके अलावा, डिजिटल सुविधा अपनाने में भी श्रद्धालु आगे हैं। ऑनलाइन पंजीकरण और मोबाइल ऐप के जरिए इतनी बड़ी संख्या में यात्रियों का जुड़ना यह दर्शाता है कि अब लोग यात्रा की तैयारी पहले से ही डिजिटल माध्यमों से कर रहे हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि इस बार हेल्पलाइन नंबर 01351364 पर 8,706 यात्रियों ने अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं, जिसमें से अधिकतर सवाल यात्रा मार्ग, मौसम और दर्शन से जुड़े थे। यह दर्शाता है कि श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर काफी जागरूकता और उत्सुकता है। अगर यह रफ्तार जारी रही, तो इस साल चारधाम यात्रा नए रिकॉर्ड बना सकती है।

**धामवार पंजीकरण के आंकड़े**

श्री केदारनाथ धाम- 3,80,006
श्री बद्रीनाथ धाम- 3,46,133
श्री गंगोत्री धाम- 2,11,552
श्री यमुनोत्री धाम- 2,04,670
हेमकुंड साहिब - 15,231

# कई नए चेहरों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपकर चौंकाया

# धामी का सियासी मास्टरस्ट्रोक: संतुलन भी, सियासत भी!

■ हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने की जताई प्रतिबद्धता

मौहम्मद शाहनज़र

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नवरात्रों के शुभ अवसर पर बड़ा सियासी दांव खेला है। सरकार ने कई नए चेहरों को विभागीय जिम्मेदारियां सौंपकर न केवल राजनीतिक संतुलन साधा, बल्कि जनता के विकास कार्यों को भी नई रफ्तार देने का इरादा जता दिया है। इस फैसले से जहां पार्टी के भीतर समीकरण मजबूत हुए हैं, वहीं जनता को भी भरोसा दिलाया गया है कि सरकार हर वर्ग को प्रतिनिधित्व देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**हर वर्ग को प्रतिनिधित्व, हर क्षेत्र को मजबूती**

धामी सरकार ने नियुक्तियों में क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन का खास ध्यान रखा है। सायरा बानो को उत्तराखंड राज्य महिला आयोग का उपाध्यक्ष बनाकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के



साथ-साथ अल्पसंख्यकों को भी प्रतिनिधित्व देने का दम दिखाया है, जबकि भगवत प्रसाद मकवाना को दुबारा से सफाई कर्मचारी आयोग की जिम्मेदारी देकर समाज के हर वर्ग को भागीदारी देने का संकेत दिया गया है। वहीं, हरक सिंह नेगी और शांति मेहरा को वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद में जगह दी गई है, जिससे बुजुर्गों के कल्याण की योजनाओं को और मजबूती मिलेगी। खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए हेमराज बिष्ट को राज्य स्तरीय खेल परिषद का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

## सियासत में संतुलन साधने की चतुर रणनीति

उत्तराखंड की राजनीति में हाल ही में कई तरह की चर्चाएं गर्म थीं, लेकिन धामी सरकार ने इन नियुक्तियों से यह साफ कर दिया कि वह हर वर्ग को संतुलित प्रतिनिधित्व देने में पूरी तरह सक्षम है। यह सिर्फ राजनीतिक नियुक्ति नहीं, बल्कि प्रशासनिक मजबूती की दिशा में भी एक ठोस कदम है। धामी सरकार के इस फैसले से पार्टी के भीतर असंतोष की गुंजाइश कम होगी, जबकि सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने में मदद मिलेगी। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि ये नए चेहरे अपने-अपने पदों पर कितना प्रभावी प्रदर्शन करते हैं और सरकार की उम्मीदों पर कितना खरा उतरते हैं। लेकिन इतना तो तय है कि धामी सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधने का काम किया है।

# देहरादून-नैनीताल में विकास कार्यों के लिए 164 करोड़ मंजूर

**देहरादून।** केंद्र सरकार ने देहरादून और नैनीताल में विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्कीम फॉर स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल एक्सपेंडिचर के तहत 164.67 करोड़ मंजूर किए हैं। केंद्र सरकार की ओर से जिन विकास कार्यों के लिए बजट मंजूर किया गया है। उसमें मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के अधीन रामजीवाला (मियांवाला) में तालाब और पार्क निर्माण के लिए 828.27 लाख रुपए, डिफेंस कॉलोनी में गौरा देवी पार्क निर्माण के लिए 672.57 लाख, तहसील चौक पर मल्टीलेबल कार पार्किंग और ऑफिस स्पेश बिल्डिंग के लिए 13441.85 लाख, ऋषिकेश में मल्टीलेबल कार पार्किंग के लिए 12560.70 लाख, कारगी चौक के पास आढ़त बाजार निर्माण के लिए 12150.38 लाख, रायपुर के पास मालदेवता रोड पर जलस्रोत सौंदर्यीकरण के लिए 404.85 लाख, गढ़ी कैंट में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1215.36 लाख शामिल है। इसी तरह जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण नैनीताल के अधीन शेर का डांडा में ड्रैनेज और सड़क निर्माण के लिए 1241.59 लाख और नैनीताल शहर के अंदर सड़क और ड्रैनेज कार्य के लिए 621.10 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। बड़ी परियोजनाओं के लिए लगातार केंद्र सरकार का सहयोग मिल रहा है। सीएम धामी ने देहरादून और नैनीताल के लिए प्रस्तावित विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आभार जताया है।




# सहकारी बैंकों का लाभ इस वित्तीय वर्ष बढ़कर हुआ 250 करोड़

■ शद्ध लाभ 112.811 से बढ़कर 12328.62 करोड़ हुआ : डॉ रावत
वर्तमान में प्रदेश भर में लाभ की स्थिति में हैं बैंक की 280 शाखाएं

एस. आलम अंसारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के 10 जनपदों के जिला सहकारी बैंक राज्य सहकारी बैंक समेत कुल 11 बैंक 250 करोड रुपए लाभ अर्जित किया है ।

सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के जिला सहकारी बैंकों ने लाभप्रदता के मामले में उल्लेखनीय प्रगति की है। सहकारी बैंकों ने इस वित्तीय वर्ष 250 करोड़ रुपये अर्जित किया है।।

वहीं शद्ध लाभ 112.811करोड से बढ़कर 12328.62 करोड़ हुआ है।

उन्होंने कहा कि यह प्रभावशाली वित्तीय प्रदर्शन इन वित्तीय संस्थानों को समर्थन देने के लिए सरकार द्वारा शुरू की गई रणनीतियों और पहलों की प्रभावशीलता को दर्शाता है।

डॉ रावत ने कहा वर्ष 2017 में उनके द्वारा जब सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी संभाली गई थी तो तब उत्तराखंड के कुछ जनपदों के अधिकतर जिला सहकारी बैंक घाटे में थे, आज प्रदेश के सभी जनपदों के बैंक लाभ की स्थिति में है।

वर्तमान में प्रदेश भर में बैंक की 280 शाखाएं लाभ की स्थिति में है।

सिर्फ 49 बैंक शाखाएं अभी हानि की स्थिति में हैं ,इनमें से अधिकतर बैंक शाखाएं कुछ वर्ष पहले ही खुली हैं ।

2 वर्ष के अंदर यह शाखाएं भी लाभ की स्थिति में आ जाएगी ।

डॉ रावत ने बताया कि, जिला सहकारी बैंक राज्य सरकार की नीतियों को लागू करने और ग्रामीणों को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन बैंकों के माध्यम से, ग्रामीण आबादी को



अपनी आर्थिक स्थिति को बढ़ाने और अपनी आय को दोगुना करने के लिए सशक्त बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में व्यक्तियों के जीवन पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रहे हैं, उनकी समग्र समृद्धि और कल्याण में योगदान दे रहे हैं

इन पहलों के माध्यम से बैंकों ने न केवल अपने लाभ मार्जिन में वृद्धि की है, बल्कि ग्रामीणों की आय के स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। दीन दयाल उपाध्याय किसान कल्याण योजना 0 फीसदी ब्याज , सस्ती ऋण सुविधाएँ, बचत विकल्प और वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम प्रदान करके, जिला सहकारी बैंकों ने ग्रामीणों को अपने व्यवसाय शुरू करने और उनका विस्तार करने, कृषि में निवेश करने और अपने समग्र वित्तीय कल्याण में सुधार करने के लिए सशक्त बनाया है।

इसके परिणामस्वरूप, आय के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

| जनपद | सकल लाभ अनुमानित |
|---|---|
| देहरादून | 1976.30 |
| कोटद्वार | 2973. 02 |
| चमोली | 3003.93 |
| उत्तरकाशी | 2476.20 |
| हरिद्वार | 795.25 |
| उधम सिंह नगर | 2057.72 |
| नैनीताल | 1600.00 |
| टिहरी | 3168.26 |
| पिथौरागढ़ | 2165.50 |
| अल्मोड़ा | 1699.01 |
| राज्य सहकारी बैंक | 3149.00 |
| कुल सकल लाभ | 25064.19 |

## जताया विश्वास , जिला सहकारी बैंकों का लाभ स्तर निरंतर बढ़ता रहेगा

**देहरादून।** प्रदेश के सहकारिता मंत्री डॉ. रावत ने विश्वास जताया कि जिला सहकारी बैंकों का लाभ स्तर निरंतर बढ़ता रहेगा। राज्य में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इन सहकारी बैंकों की सफलता से स्पष्ट है। उन्होंने लाभ के लिए पूर्व बैंक बोर्ड, प्रशासक और बैंक अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी की लगन और कड़ी मेहनत का यह प्रमाण है। उनके प्रयासों से न केवल वित्तीय प्रदर्शन में सुधार हुआ है, बल्कि ग्रामीणों के जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के माध्यम से, ये सहकारी बैंक राज्य में सतत आर्थिक विकास और समृद्धि प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## जिला सहकारी बैंकों की सफलता के पीछे सहकारिता मंत्री का नेतृत्व

**देहरादून।** सचिव सहकारिता/प्रशासक राज्य सहकारी बैंक दिलीप जावलकर ने बताया कि प्रदेश में जिला सहकारी बैंक, एक राज्य सहकारी बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रगति और विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये बैंक न केवल ग्रामीणों को वित्तीय सेवाएँ प्रदान करते हैं, बल्कि उनकी आजीविका और समग्र कल्याण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाएँ और पहल भी प्रदान करते हैं। उत्तराखंड में इन सहकारी बैंकों की सफलता सकल लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि और ग्रामीणों की आय में दोगुनी वृद्धि में स्पष्ट है। उत्तराखंड में जिला सहकारी बैंकों की सफलता के पीछे सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत हैं। उनके नेतृत्व में इन बैंकों ने ग्रामीणों को उनके आर्थिक प्रयासों में सहायता करने के लिए विभिन्न अभिनव कार्यक्रम और पहल लागू की हैं। वर्तमान में सहकारिता मंत्री की पहल पर राज्य सहकारी बैंक में प्रोफेशनल मैनेजिंग डायरेक्टर की नियुक्ति की गई है, जिससे अब उत्तराखंड के कोऑपरेटिव बैंकों की दशा और दिशा में और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।



## एक नजर

### नशे में टैक्सी चला रहे चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा नियमों का उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। अल्मोड़ा पुलिस द्वारा बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस के दौरान लिंक रोड पर एक टैक्सी चालक सुनील कुमार निवासी फलसीमा शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पाया गया। जिसे मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। इसके अलावा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 130 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधि. नियम के तहत कार्रवाई की गई। साथ ही न्यूसेन्स फैलाने वाले कुल 17 लोगो के विरुद्ध उत्तराखण्ड पुलिस अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई गई।

### अधूरी योजनाओं और सड़कों को पूरा करें

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा की अधूरी पेयजल योजनाओं और सड़कों को लेकर पूर्व विस अध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान ने सीडीओ दिवेश शाशनी, लोनिवि, जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्हें अधूरी योजनाओं के बारे में बताया। सीडीओ ने एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पूर्व विस अध्यक्ष चौहान ने कहा कि विस की तीन प्रमुख पेयजल योजनाएं अधूरी हैं। इनमें दीनापानी क्षेत्र में ढाई लाख लीटर क्षमता वाले टैंक के निर्माण, कपिलेश्वर-खत्याड़ी ग्राम सभा समूह के लिए भी पेयजल योजना और ढटवालगांव पेयजल योजना शामिल है। वहीं, पांच सड़कों के काम भी अधूरे पड़े हैं। सीडीओ ने अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए।

### पूर्व सैनिकों की बैठक पांच अप्रैल को

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व सैनिक लीग जनपद अल्मोड़ा की बैठक पांच अप्रैल को प्रस्तावित है। लीग अध्यक्ष दिनेश चंद्र तिवारी ने बताया कि बैठक लीग कार्यालय में 11 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा होगी। उन्होंने पूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक संख्या में हिस्सा लेने की अपील की है।

### साइबर अपराध से बचाव को दी जानकारी

**अल्मोड़ा।** पुलिस की ओर से हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शहर कोतवाल जगदीश चंद्र उपाध्याय ने खिलाड़ियों को साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों जानकारी देकर जागरूक किया। वहीं महिला एवं बाल अपराध, नवीन कानून, हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी बताया।

### महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**अल्मोड़ा।** धौलछीना थाना क्षेत्र के एक गांव से मायके को निकली महिला संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। अब पति की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। धौलछीना थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस में तहरीर सौंपी है। कहना है कि 24 मार्च को उनकी पत्नी माइके के लिए निकली। लेकिन वह मायके नहीं पहुंची और ना ही घर वापस आई। इधर, थानाध्यक्ष धौलछीना विजय नेगी ने बताया कि पति की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। महिला की तलाश भी शुरू कर दी है।

### समस्याओं का निदान न होने से भड़के श्रमिक

**अल्मोड़ा।** वीपीकेएएस हवालबाग के श्रमिकों ने समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन शुरु कर दिया है। बुधवार को संस्थान के दैनिक श्रमिकों ने संस्थान के मुख्य गेट के सामने प्रदर्शन किया। संस्थान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। शाम करीब 04 बजे तक चले प्रदर्शन के दौरान कहा कि श्रमिकों को पूरे माह का वेतन नहीं दिया जा रहा है। समय-समय पर श्रमिकों को कार्य से कुछ समय के लिए निकाल दिया जाता है। बताया कि संस्थान की ओर से 15 दिनों के भीतर समस्याओं के निदान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक श्रमिकों की समस्याओं का निदान नहीं हो सका है। इससे श्रमिक फिर से हड़ताल पर जाने को मजबूर हो गए हैं। धरने को समर्थन देने पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता विनय किरौला ने कहा कि श्रमिकों की समस्याओं को पूरजोर तरीके से उठाया जाएगा। जरुरत पड़ी तो आंदोलन को और उग्र करेंगे।

### राज्यपाल कल पंतनगर विश्वविद्यालय में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** उत्तराखंड के राज्यपाल और पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ले.ज. गुरमीत सिंह कल 4 अप्रैल को विश्वविद्यालय में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का उद्घाटन करेंगे। राज्यपाल द्वारा सुबह 11 बजे मधुवाटिका का लोकार्पण और भ्रमण किया जाएगा। इसके बाद प्रात: 11.15 बजे गौरा देवी प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन होगा, जहां वे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद करेंगे। इसके बाद, प्रात: 11.25 बजे देवकी नंदन अग्रवाल (बाजपुर) छात्र रिक्रिएशन सेंटर का उद्घाटन किया जाएगा। जहां राज्यपाल 1962 बैच के पूर्व छात्र डा. शाम एस. गोयल और उनकी पत्नी विमला गोयल से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम के अंत में विश्वविद्यालय के डा. रतन सिंह सभागार में राज्यपाल सभी संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान करेंगे।

# काशीपुर में आठ सड़कों का शिलान्यास

## मेयर दीपक बाली ने किया विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का वादा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली द्वारा आज अपने विकास अभियान के निमित्त दूसरे दिन भी वार्ड पार्षदों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षकों व भाजपा के मंडल अध्यक्ष के साथ मिलकर विभिन्न वार्डों में 8 सड़कों का शिलान्यास किया गया। इस कार्य पर 2 करोड़ 5 लाख 90हजार रुपए का खर्च आएगा।

वार्डवासियों ने महापौर द्वारा उनके वार्डों में लगवाई गई स्ट्रीट लाइटों एवं मच्छरों से बचाव के लिए कराए जा रहे कीटनाशक छिड़काव के लिए भी उन्हें धन्यवाद दिया। वहीं महापौर ने दो और सड़कों के लिए करीब पौने तीन करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताया है। महापौर ने लोगों से कहा कि उनके क्षेत्र का पूरा विकास किया जाएगा क्योंकि वोट के रूप में आशीर्वाद देकर उन्होंने ही उन्हें महापौर बनाया है इसलिए अब क्षेत्र की जनता की सेवा करने की जिम्मेदारी उनकी है। महापौर दीपक बाली ने वार्ड नंबर 33 में पार्षद दीपा पाठक के साथ सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वार्ड नंबर एक में पार्षद बीना नेगी के साथ, वार्ड नंबर 1, वार्ड नंबर 3 में बांसियो वाला मंदिर के पास तथा इसी वार्ड में कृष्णा कालोनी के साथ-साथ वार्ड नंबर 4 में भी चार स्थानों पर पीसीसी टाइल्स सड़क व नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। उधर महापौर के निर्देश पर चैती मेले के चारों ओर मेला मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने तथा कीटनाशक छिड़काव का कार्य होने के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में भी मच्छरों के आतंक को देखते हुए कीटनाशक छिड़काव किया जा रहा है जो सभी 40 वार्डों में होगा। दीपक बाली ने काशीपुर क्षेत्र में रामनगर रोड पर डॉ. आरके शर्मा के सामने से सैनिक कॉलोनी और गढ़वाल कॉलोनी होते हुए कुण्डेश्वरी मार्ग तक सड़क का हॉटमिक्स द्वारा पुनर्निर्माण कार्य किए जाने हेतु 1 करोड़ 75 लाख 6 हजार तथा प्रकाश सिटी होते हुए ससपाल आदि के डेरों तक मार्ग पुनर्निर्माण के लिए दिए गए 98.79 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का काशीपुर की जनता की ओर से आभार व्यक्त किया है। शिलान्यास कार्यक्रमों मे श्री बाली के साथ अर्जुन सिंह, जसवीर सिंह सैनी, चौधरी समर पाल सिंह, शुभम कुमार, मंगतराम, कमल कुमार, अनिल कुमार गुरु दर्शन सिंह, राहुल पैगिया सहित वार्डवासी व अन्य लोग मौजूद थे।

# हर्षोल्लास से मना ओजकवि स्व. अनिल सारस्वत का जन्मदिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** ओजकवि स्व. अनिल सारस्वत का जन्मदिवस गत सायं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उक्त स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक सत्संग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट विजेन्द्र चौधरीरहे एवं संचालन अमित कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ओजकवि स्व. अनिल सारस्वत द्वारा कुछ वर्ष पूर्व नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ पढ़ी गयी कविता 'अपनी जिंदगानी वतन के नाम करता हूँ' के वाचन से किया गया। विद्यार्थियों द्वारा रामधुन एवं 'हारा हूँ बाबा पर तुझ पर भरोसा है' आदि भजनों का सुन्दर सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में उक्त विद्यालय के वार्डन संजीव विश्नोई को शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य हेतु 'अनिल सारस्वत प्रतिभा रत्न सम्मान' से शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया साथ ही आवासीय विद्यालय के दर्जन भर विद्यार्थियों को भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

# बीसीए एवं बीकॉम के विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के विगत दिवस आए यूजी पाठ्यक्रम बीसीए एवं बी कॉम (ऑनर्स) पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में संस्था के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्थान की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि बीसीए पंचम में प्रतिक्षा शर्मा ने सर्वाधिक 71.1 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं सृष्टि शर्मा ने 71.4 प्रतिशत. अंकों के साथ द्वितीय, 71. प्रतिशत अंकों के साथ ऋतिक कुमार एवं करन सिंह ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अविरल शर्मा 70.6 अंकों के साथ चतुर्थ स्थान पर रहे एवं 68 प्रतिशत अंकों के साथ अमित सिंह गुसाईं ने पंचम स्थान प्राप्त किया। वही बी कॉम (ऑनर्स) पंचम के परिणामों में फहामा सईदा नकवी ने सर्वाधिक 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रही, आकांशा सागर ने 74.8 अंक के साथ द्वितीय जबकि 73.8 अंकों के साथ कल्पना चौहान एवं मानसी संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रही। अक्षिता किस्तवाल 72.4 एवं आरजू राणा 71 प्रतिशत अंकों के साथ क्रमश: चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर संस्थान की चेयरमैन श्रीमती विमला गुड़िया, निदेशक गण, फैकल्टी एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को साधुवाद दिया है।

### भाजपाइयों ने बांटी मिठाई

**अल्मोड़ा।** भाजपा की वरिष्ठ नेत्री गंगा बिष्ट को राज्य महिला उद्यमिता परिषद का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में मिष्ठान वितरित कर खुशी जताई। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि इस प्रकार दायित्व मिलने से अन्य कार्यकर्ताओ में जोश उत्साह का संचार होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि धामी सरकार ने महिलाओं के सम्मान में कार्य किया है, इस निर्णय से महिलाओं पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। यहां नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, महापौर अजय वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि रौतेला, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोविंद पिल्खवाल, बिट्टू कर्नाटक, धर्मेंद्र बिष्ट, अमित साह, रेखा आर्या, त्रिलोचन जोशी, हरीश कनवाल आदि शामिल रहे।

# पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**अल्मोड़ा।** जिले के पॉलिटेक्निक संस्थानों के कार्यों तथा उनके माध्यम से दी जा रही तकनीकी शिक्षा के संबंध में संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने समेत अन्य दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट में बुधवार को हुई बैठक में जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय ने सभी संस्थानों में कार्यरत स्टाफ, बच्चों की संख्या, संस्थानों में संचालित किए जा रहे व्यावसायि एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए वर्तमान समय में तकनीकी शिक्षा रोजगार का बहुत बड़ा माध्यम है। इन संस्थानों की स्थापना भी इस उद्देश्य से की गई कि बच्चे अच्छी तकनीकी शिक्षा ग्रहण करें एवं रोजगार प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पढ़ाई की गुणवत्ता को बढ़ावा दिया जाए। बच्चों को आधुनिक तकनीकों से रूबरू कराए हुए पाठ्यक्रमों का संचालन किया जाए।

जिलाधिकारी ने संस्थानों के संचालन में आ रही समस्याओं को भी जाना तथा उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ दिवेश शाशनी, प्रधानाचार्या रेखा असवाल, संजय कुमार, प्रजापति पलहड़िया समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### स्कूलों की होगी मरम्मत

**बागेश्वर।** विधान सभा बागेश्वर की विधायक पार्वती दास ने बताया कि बागेश्वर विधानसभा के स्कूलों की मरम्मत के लिए पहली किस्त मिल गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 कलस्टर विद्यालय व राज्य योजना सी श्रेणी के अंतर्गत बागेश्वर में राजकीय इंटर कॉलेज सलानी में निर्माण/मरमम्त कार्य हेतु 60.40 की धनराशि के सापेक्ष प्रथम क़िस्त के रूप में 36.24 मिल गई है। इसी तरह राजकीय इंटर कॉलेज काफलीगैर के लिए 63.60 के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 38.16 धनराशि की वित्तीय स्वीकृति मिली है। राजकीय इंटर कॉलेज मैगड़ीस्टेट में तीन प्रयोगशाला कक्ष का निमार्ण हेतु 65.60 की धनराशि के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में 39.36 लाख धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। ग्रामीणों ने सीएम पुष्कर धामी, शिक्षा मंत्री धनसिंह रावत का आभार जताया है।

# ज्ञानोदय में वार्षिकोत्सव की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**अल्मोड़ा।** जिले के धौलादेवी ब्लाक अंतर्गत ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुंगरा का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने गीत व नृत्य की सुंदर प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोहा। समारोह में वर्षभर की गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ग्रामीण बैंक भनोली के प्रबंधक मनोज सिंह व प्रबंधक शांति बिष्ट ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। रंगारंग कार्यक्रमों का आगाज सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से हुआ। गीत व नृत्य के कार्यक्रमों के साथ ही बच्चों ने प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि मनोज सिंह ने विद्यालय के शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की। इससे पूर्व विद्यालय की प्रधानाचार्य राधा कार्की ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की और अभिभावकों से विद्यालय के उत्थान में सहयोग देने के लिए आगे आने की अपील की। समारोह में स्कूल टॉपर खुशबू मेहरा व आल राउंडर गरिमा कुटौला समेत शैक्षणिक व अन्य गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक नारायण सिंह बिष्ट एवं संचालन वरिष्ठ शिक्षक जवाहर सिंह बिष्ट ने किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधक शांति बिष्ट, पूर्व प्रधान दीवान सिंह, ग्राम प्रशासक सुनीता पालीवाल, नित्यानंद पांडे, शोभा जोशी, प्रह्लाद सिंह, मोहन सिंह, रेखा बिष्ट के अलावा शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक व छात्र-छात्राएं शामिल रहीं।

# एसएसपी व एसपी का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** बाबा तरसेम सिंह जत्थेदार श्री नानकमत्ता साहिब डेरा कारसेवा की हत्या करने वाले दूसरे बदमाश को पकड़ने पर खालसा फाउन्डेशन द्वारा



एसएसपी उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा व एसपी काशीपुर अभय सिंह को सम्मनित्त किया। उल्लेखनीय है कि खालसा फाउंडेशन संस्था सभी सामाजिक व प्रशासनिक कार्यो में अपना सहयोग देती है, लगभग 5 वर्ष पहले बनी संस्था, सेवा भाव में अग्रिम है, कोरोना काल हो या चैती मेला, नगर कीर्तन की सेवा हो या पेड़ लगाना, मोतियाबिंद के ऑपरेशन हो या डेंगू के रोकथाम के लिये कीटनाशक दवा का छिड़काव व फॉगिंग करना, किसान आंदोलन हो या लंगर लगाना सब गुरुद्वारा श्री ननकाना साहिब के ये सेवादार कभी भी पीछे नहीं हटते और हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहते हैं। एसपी ऑफिस में स्वागत करने के दौरान खालसा फाउंडेशन काशीपुर के सतपाल सिंह, सर्वजीत सिंह, जगमोहन सिंह बंटी, नितिन अरोरा, पलविंदर सिंह, प्रदीप गुप्ता, कुलविंदर सिंह मौजूद रहे।

# जागरूकता अभियान चलाएं

## अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाता सहभागिता को बढ़ावा देने एवं जन-जागरूकता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुधवार को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखंड डा. विजय कुमार जोगदंडे ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक ली। उन्होंने वर्चुअल जुड़े अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने एवं जनपद में इनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही आगामी तीन महीनों में विभिन्न विभागों, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इन अभियानों के माध्यम से लोकतंत्र में नागरिकों की भागीदारी को सशक्त बनाने पर विशेष बल देने को कहा गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप आरसी तिवारी ने जनपद में स्वीप कार्यक्रमों, विभिन्न हितधारकों की बैठक एवं अभिमुखीकरण कार्यशाला आदि के संबंध में जानकारी दी। वीसी में जिला समन्वयक स्वीप विजय कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** चैत्र नवरात्र में भक्तों ने देवी मां के कूष्मांडा स्वरूप का पूजन किया। भक्तों ने सुबह सवेरे ही घरों और मंदिरों में पूजन के बाद खासतौर पर



मंदिरों में जाकर माता रानी के दर्शन किए और सुख समृद्धि की कामना की। चैत्र नवरात्र पर अल्मोड़ा नगर और पूरे जिले में श्रद्धालु देवी मां की भक्ति में डूबे हुए हैं। घरों और मंदिरों में मां भगवती के भजन-कीर्तन का सिलसिला जारी है। पुरोहित पंडित विजय जोशी ने बताया कि पूजन के चौथे दिन कूष्माण्डा देवी के स्वरूप की उपासना की जाती है। इस दिन साधक का मन 'अनाहत' चक्र में अवस्थित होता है। इस दिन उसे अत्यंत पवित्र और अचंचल मन से कूष्माण्डा देवी के स्वरूप को ध्यान में रखकर पूजा-उपासना के कार्य में लगना चाहिए। इधर, नगर के नंदादेवी, उल्का मंदिर, देवी मंदिर खत्याड़ी, वन देवी मंदिर, बानरदेवी, स्याही देवी, कसार देवी आदि मंदिर में माता के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ रही। घंटों लाइन में लगकर भक्तों ने मां के दर्शन किए। उधर स्याही देवी मंदिर में कथा ज्ञान जारी है। इस रोजाना मंदिर में माता के दर्शन को लोग बड़ी संख्या में पहुॅच रहे हैं।

# वनचौकी के बरसाती नाले के डायवर्जन के लिए पेड़ों का पातन जल्द

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा स्थित बनचौकी के बरसाती नाले को डायवर्ट करने के



लिए बनाई गई कार्ययोजना के तहत अब 4 पेड़ों के पातन की कार्यवाही की जाएगी, जो कि इस परियोजना में बाधक बन रहे थे। इस संबंध में प्रभावित व्यक्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट ऑफिसर रमेश चंद्र पांडे ने बुधवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह से मुलाकात की। नगर आयुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया कि 4 अप्रैल को टेंडर के बाद, अधिकतम एक सप्ताह के भीतर इन पेड़ों का पातन कर लिया जाएगा। रमेश चंद्र पांडे के अनुसार, 7 फरवरी को सिंचाई और राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा कार्यस्थल का संयुक्त निरीक्षण किया गया था, जिसमें यह बताया गया कि एक युकेलिप्टस और तीन सागौन के पेड़ इस परियोजना के प्रभावित क्षेत्र में आ रहे हैं। इन चार पेड़ों को चिन्हित करने के बाद, प्रभागीय बनाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को पत्र भेजकर कहा कि राजस्व विभाग के स्वामित्व वाले इन पेड़ों का पातन नियमानुसार किया जाए। इससे पहले, श्री पांडे ने नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई से भी मुलाकात की थी और अतिक्रमण हटाने के लिए उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने बरसात से पहले इस कार्य को पूरा करने का आग्रह भी किया, जिस पर नगर मजिस्ट्रेट ने उन्हें आश्वस्त किया कि प्रशासन इस नाले के कारण कालोनीवासियों को हो रही परेशानी को दूर करने के लिए गंभीर है और जल्द ही इस कार्य को पूरा किया जाएगा।

# प्रधानाचार्य को सेवानिवृत होने पर दी भावपूर्ण विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज शांतिपुरी में प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद को उनकी सेवानिवृति पर विद्यालय स्टाफ द्वारा भावपूर्ण विदाई दी गई।




मंगलवार को विद्यालय के सभागार में विदाई समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाचार्य डाक्टर बी सी भट्ट एवं स्टाफ ने प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद्र को विदाई पत्र, शॉल एवं गणेश प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने प्रधानाचार्य चंद को एक आदर्श एवं कर्तव्य निष्ठ अधिकारी बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की, तो वही संपूर्ण सर्विस काल में निर्विवाद रुप से अपने कार्यकाल को सफलता पूर्वक संपन्न करने की बधाई दी। बधाई देने वालों में पूर्व शिक्षक अभिभावक संघ अध्यक्ष बीएस कोरंगा, प्रवक्ता भरत सिंह, एनपी सिंह, प्रभा राणा आदि मौजूद रहे।

### कार्यक्रमों पर मंथन

**बागेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रभा गढ़िया की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी पखवाड़े के तहत 6 तारीख को स्थापना दिवस एवं 14 तारीख को भीमराव अंबेडकर दिवस के कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक ली गई। बैठक में पिथौरागढ़ जिले के प्रभारी कुंदन सिंह परिहार को कार्यक्रम की तैयारी हेतु जिम्मेदारी सौंपी गई। वक्ताओं ने बताया कि 6 तारीख को पार्टी जिला कार्यालय में स्थापना दिवस पर कार्यक्रम हेतु जिला प्रभारी पूर्व विधायक कैलाश शर्मा बतौर मुझे अतिथि रहेंगे। जिसमें सभी मंडल अध्यक्ष पार्टी के कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। इसके साथ ही स्थापना दिवस को भव्य बनाने के लिए मंथन किया गया। इस मौके पर विधायक पार्वती दास, गोविंद सिंह टंगड़िया, जिला मीडिया प्रकाश शाह, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष खड़क टंगड़िया, दयाल कांडपाल मौजूद थे।

# प्रमुख सचिव ने देखे शोध कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नैनीताल।** सूबे के प्रमुख सचिव डाक्टर मीनाक्षी सुंदरम ने बुधवार को अपने नैनीताल प्रवास के दौरान ही उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के क्षेत्रीय केंद्र पटवाडांगर का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र में संचालित शोध एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। डॉक्टर सुंदरम ने हाईटेक प्लांट टिश्यू कल्चर प्रयोगशाला में विकसित हो रहे पौधों का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने पॉलीहाउस में उगाई जा रही विभिन्न प्रजातियों जैसे पीली व लाल गोभी समेत टमाटर के साथ ही लाल पालक तथा नेट हाउस में विकसित हो रहे स्ट्रॉबेरी के पौधों व हाइड्रोपोनिक यूनिट का भी निरीक्षण किया। केंद्र प्रभारी डस. सुमित पुरोहित ने प्रमुख सचिव को कीवी तथा पिकन नट के साथ ही तिमूर तथा बड़ी इलायची आदि के उत्पादन संबंधी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कीवी मिशन के तहत पटवाडांगर केंद्र में बड़े स्तर पर कीवी के पौधों का उत्पादन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में किसानों को कीवी की खेती के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी उत्पादकता बढ़ाना है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र में संचालित सभी शोध कार्य परिषद निदेशक डा. संजय कुमार के मार्गदर्शन में किए जा रहे हैं। प्रमुख सचिव डाक्टर मीनाक्षी सुंदरम ने शोध एवं विकास कार्यों की सराहना की और इसे प्रदेश के कृषि क्षेत्र के लिए उपयोगी बताया। निरीक्षण के दौरान वैज्ञानिक डाक्टर मणींद्र मोहन समेत संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल के अलावा एसडीएम प्रमोद कुमार तथा मनीषा व मुकुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मां जगदम्बा के विविध रूपों की महिमा का वर्णन

**बागेश्वर।** मां नंदा देवी मंदिर उद्यमस्थल में चौथे दिवस की कथा जारी रही। वेदव्यास रमेश चन्द्र पांडे ने कर्म फल, देने वाली माता की महिमा के बारे में बताया। उन्होंने सत्कर्म करने के लिए श्रद्धालुओं को प्रेरित किया गया। जिसके बाद मंदिर में महा आरती के साथ प्रसादी वितरण की गई। चौथे दिवस पर ग्राम सभा उड़ियार के ग्रामीण ढोल नगाड़ों के साथ पूजा की सामग्री, माता का चढ़ावा लेकर मंदिर में पहुंचे। जिसके पश्चात ग्रामीणों ने कथा सुनी। वही मंदिर कमेटी द्वारा सभी को वितरित की गई। इस अवसर पर तीनों ग्राम पंचायतों सुरकाली गांव, किरौली, स्यूनी के ग्रामीण सहित अन्य ग्राम सभाओं के ग्रामीणों मौजूद थे। इधर मां भद्रकाली मंदिर में श्रीमददेवी भागवत महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस को जारी रहा। मंदिर में क्षेत्र के कई गांवों के लोग कथा सुनने पहुंचे। चतुर्थ दिवस मां जगदम्बा देवी के विभिन्न रूपों की महिमा बताई गई। वेदब्यास कथावाचक मनोज कृष्ण पांडेय ने कथा सुनाई इस मौके पर दुगनाकुरी नरगोली बेरीनाग सेराघाट बनकोट बागेश्वर गरूड़ रावतसेरा देवलबिछराल भदौरा कांडा कपकोट से कथा श्रृवण को लोग पहुंचे। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भंडारी, योगेश पंत, हीरा बल्लभ जोशी, सुरेश रावत, गोपाल सिंह राठौड़, महेश राठौर, बलवीर भंडारी, शंकर धपोला, मोहन कांडपाल कुंदन मेहरा, कमला रौतेला दयाकृष्ण पंत पुजारी मनोज जोशी पूरन जोशी महेश जोशी मौजूद रहे।

# चौसला की डेमोग्राफी बदलने का आरोप

## तहसील में ग्रामीणों का प्रदर्शन, प्रशासन को दो दिन की मोहलत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी से सटे ग्रामीण क्षेत्र चौसला में अवैध प्लॉटिंग कर विशेष समुदाय को बेचने और सरकारी भूमि पर फैक्ट्री चलाने का मामला अब तूल पकड़ गया है। विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय की अगुवाई में तहसील में धरना प्रदर्शन किया और तहसीलदार पर कई गंभीर लगाए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को कार्रवाई के लिए दो दिन का समय दिया है। साथ ही चेतावनी दी है कि कार्रवाई नहीं की जाती है तो वह पूरे साक्ष्यों को सार्वजनिक करते हुए अधिकारी को बेनकाब करेंगे। फिलहाल यह पूरा मामला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संज्ञान में भी आया है, जिसके बाद प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया है। चौसला गांव में एक व्यक्ति ने जमीन की प्लॉटिंग कर उन्हें 68 लोगों को बेच दिया। एक ही समुदाय के लोगों ने यह प्लॉट खरीदे है और दाखिल खारिज भी करा लिया है। हैरत की बात है कि महज 300, 400 स्क्वायर फ़ीट में लोगों ने प्लाट खरीदे है और 13 से अधिक परिवार यहाँ रहने भी लगे है। सोची समझी साजिश के



तहत डेमोग्राफी चेंज का आरोप लगाते हुए बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री विपिन पांडेय की अगुवाई में विभिन्न संगठनों के लोग तहसील पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजयुमो नेता विपिन पांडेय ने कहा कि फरवरी 2024 में उन्होंने इसकी लिखित शिकायत अधिकारियों से की थी लेकिन इसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। इसके उलट मौजूदा तहसीलदार ने भूमि के दाखिल खारिज करा दिए। उन्होंने कहा कि सोची समझी साजिश के तहत सरकार की भूमि पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि चौसला में जिस व्यक्ति ने अपने समुदाय के लोगों को जमीन के छोटे-छोटे प्लाट बेचे है, उसने एक ही तरह का शपथ पत्र राजस्व अभिलेखों में संलग्न किया है। उसमें कहा गया है कि वह आर्थिक रूप से कमजोर है और उसे पैसों की जरूरत है, इस वजह से वह जमीन को प्लॉट के रूप में बेच रहा है। पांडेय ने दावा किया कि एक अधिकारी के खिलाफ पूरे साक्ष्य उनके पास है और यदि इस मामले में कार्रवाई नहीं होती है तो वह इसे सार्वजनिक करेंगे। उन्होंने सभी रजिस्ट्री निरस्त करने और फैक्ट्री को सील करने की मांग की है। इस दौरान पहाड़ी आर्मी के अध्यक्ष हरीश रावत, मदन मोहन जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

तहसील की टीम भेजकर इसकी जांच कराई गयी। जांच में पाया कि कुछ भूमिधरों द्वारा भूमि को छोटे-छोटे टुकड़ों में विक्रय किया जा रहा है और लगभग 60 व्यक्तियों को भूमि विक्रय अभी तक की जा चुकी है। मामले में रैरा के अंतर्गत कार्यवाही के लिए एक आख्या डीएम को भेजी गयी है। वहीं सरक.ारी भूमि पर अतिक्रमण का मामला भी संज्ञान में में आया। कुछ भूमि में खेती और कुछ भूमि में फैक्ट्री का भूभाग है। इसको हटाने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया गया है। स्वयं नहीं हटाने पर बलपूर्वक हटाएंगे।

**परितोष वर्मा, एसडीएम हल्द्वानी**

शिकायत मिलने पर पूरे मामले से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। कुछ बाहरी लोग उत्तराखंड की डेमोग्राफी बदलना चाहते है लेकिन किसी भी कीमत पर वह ऐसा नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की डेमोग्राफी चेंज न होने देने संबंधी निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उसके बाद भी छोटे-छोटे प्लाटों की रजिस्ट्री और दाखिल खारिज होना यह मुख्यमंत्री सीएम के आदेशों का उल्लंघन है।

**गजराज सिंह बिष्ट, मेयर**

## सीनियर, जूनियर रेजिडेंट की नियुक्ति के लिए साक्षात्कार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के विभिन्न विभागों में सीनियर रेजीडेंट व जूनियर रेजिडेंट की नियुक्ति के लिए बुधवार को साक्षात्कार संपन्न हुए। बता दे कि विगत दिनों विभिन्न विभागों में सीनियर रेजीडेंट व जूनियर रेजिडेंट की नियुक्ति के लिए विज्ञापन प्रका.शित किया गया था। इसी क्रम में आज विभिन्न शहरों से आये कुल 15 चिकित्सकों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिसमें से सीनियर रेजिडेंट के लिए पैथोलॉजी में 1 व एनाटॉमी विभाग में 1 कुल दो और 13 ने जूनियर रेजिडेंट के लिए साक्षात्कार दिया। चयन समिति में प्राचार्य डा. अरुण जोशी, चिकित्सा अधीक्षक डा. जीएस तितियाल व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष शामिल रहे। प्राचार्य डा. ने बताया कि विभिन्न राज्यों से आए कुल 15 चिकित्सकों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया। उन्होंने आशा जताई कि राजकीय मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों की कमी दूर होगी व मरीजों को इसका लाभ मिलेगा।

# घूसखोर वन दरोगा को 3 साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक वन दरोगा को घूस मांगने और रंगे हाथ गिरफ्तार होने के बाद अब 3 साल की सजा काटनी होगी। न्यायालय ने उसे सश्रम कारावास की सजा के साथ-साथ 25,000 रुपए जुर्माना भी लगाया है। आरोपी वन दरोगा शैलेंद्र कुमार चौहान ने डंपर मालिक से एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग की थी। यह मामला 1 अप्रैल 2019 का है। जब विजयनगर नई बस्ती काशीपुर के निवासी फईम अहमद ने सतर्कता अधिष्ठान हल्द्वानी में एक शिकायत दर्ज कराई। फईम ने आरोप लगाया कि वह और उसका साथी अली उर्फ लंबू रामनगर कोसी नदी से रेत ढुलाई का काम करते थे। 7 मार्च 2019 को उन्होंने बंजारी गेट रामनगर से टोकन कटवाकर अपना डंपर नदी में ले गए, लेकिन पट्टी चौहान जसपुर के शैलेंद्र कुमार चौहान और रेंजर आरके वर्मा ने उनके डंपर को पकड़ लिया और उसे छोड़ने के बदले एक लाख रुपए की घूस की मांग की। फईम की शिकायत के बाद विजिलेंस विभाग ने मामले की जांच शुरू की और 2



अप्रैल 2019 को विजिलेंस की ट्रैप टीम ने शैलेंद्र कुमार चौहान को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ हल्द्वानी सतर्कता अधिष्ठान में मुकदमा दर्ज किया गया और विवेचना की जिम्मेदारी संजय पांडे को सौंपी गई। अभियोजन अधिकारी दीपा ने न्यायालय में 15 गवाहों के बयान पेश किए। मामले की सुनवाई के बाद अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण नीलम रात्रा की अदालत ने शैलेंद्र कुमार चौहान को 3 साल के सश्रम कारावास और 25,000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई।

## अधिवक्ताओं के लिए टीन शेड का निर्माण शुरू

**हल्द्वानी।** दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं को खुले में नहीं बैठना पड़ेगा। जल्द ही वहां टीन शेड का निर्माण शुरू किया जाएगा। बुधवार को इस निर्माण कार्य की शुरुआत भूमि पूजन के साथ हुई, जिसमें अपर जिला जज कंवर अमनिंदर सिंह और बार एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने विधि-विधान से पूजन कार्य संपन्न किया। बार अध्यक्ष किशोर कुमार पंत ने बताया कि इस टीन शेड के निर्माण में खर्च होने वाली धनराशि अधिवक्ताओं के सहयोग और बार फंड से जुटाई जाएगी। इसके अलावा, सांसद अजय भट्ट ने अपनी विकास निधि से 5 लाख रुपये और विधायक सुमित हृदयेश ने 8 लाख 50 हजार रुपये स्वीकृत किए हैं। जैसे ही कार्यदायी संस्था को धनराशि मिल जाएगी, शेष टीन शेड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उक्त निर्माण के लिए अप्रैल 2025 में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने स्वीकृति प्रदान की थी। भूमि पूजन कार्यक्रम में बार उपाध्यक्ष सुनील पुण्डीर, उपाध्यक्ष भगवती पलड़िया, सचिव मोहन सिंह बिष्ट, संयुक्त सचिव योगेश चंद्र लो.हनी, और अन्य कई महत्वपूर्ण सदस्य मौजूद रहे।

# राम जन्म व ताड़का वध का मंचन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृति उत्थान मंच हीरानगर में पुनर्नवा महिला समिति द्वारा आयोजित महिला रामल.ीला मंचन के दूसरे दिन बुधवार श्रीराम जन्म लीला, भगवान की बाल क्रीड़ा, ताड़का मारीच एवं सुबाहू वध लीला का मंचन किया गया। इसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए। बुधवार दूसरे दिन आयोजित महिला रामलीला मंचन में बतौर मुख्यअतिथि के रूप में मौजूद मंच के अध्यक्ष खड़क सिंह बगड्वाल, देवेन्द्र तोलिया, त्रिलोक बनौली ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर मंचन का शुभारंभ किया।

मंचन के दौरान राजा दशरथ व तीनों रानियां पुत्र न होने के कारण व्यथित थे। कुलगुरु वशिष्ठ की सलाह से राजा दशरथ ने पुत्र कामना यज्ञ



कराया। जिसमें देव योग से माता कौशल्या की कोख से विष्णु के अवतार प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया। अयोध्या नगरी सहित पूरा विश्व मंगल गान करने लगा। इसके अतिरिक्त राम के साथ ही भरत, लक्ष्मण व शत्रुघ्न का जन्म हुआ। वशिष्ठ ने राजा दशरथ को बताया कि उनके ये पुत्र कीर्ति पताका फहराने वाले बनेंगे। जिसके बाद ताड़का वध की लीला का मंचन किया गया। जिसमें राजा दशरथ के दरबार में विश्वामित्र पहुंचे है और राजा दशरथ से ताड़का के आतंक की बात कहते हुए राम लक्ष्मण को वन ले जाने के लिए मांग लिया। राम-लक्ष्मण वन में असुरों का वध करते हैं और राक्षसी ताड़का को मारकर महर्षि के यज्ञ की रक्षा करते हैं। ताड़का वध होते ही पंडाल में मौजूद भक्त प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाते हैं। पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न की भूमिका में मानसी, लक्षित, दिव्यांशी, सिद्धि ने निभाई। जबकि सुमंत उर्वशी बोरा, वशिष्ट लता जोशी, विश्वामित्र तारा बहुगुणा, ताड़िका रितु कांडपाल, सुबाहू प्रिया कश्मीरा, मारीच राधा मिश्रा, जनक हेमा, सुनैना गुंजन जोशी सहित कई कलाकारों ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष लता बोरा, उपाध्यक्ष यशोदा रावत, सचिव शांति जीना, प्रचार सचिव कल्पना रावत, जानकी पोखरिया, प्रेमा बृजवासी, मंजू बनकोटी, निर्मला बहुगुणा, कुसुम बोरा, जया बिष्ट, अंजना बोरा, तुलसी रावत, रेखा रावत, सौम्या पंत, कंचन तिवारी, गीता पंत, मीना राणा, कमला रौतेला, शीला राणा आदि मौजूद रहे।

## 540 वाहनों का चालान, 16 वाहन सीज

**हल्द्वानी।** एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्टंटबाजी करने वाले युवाओं और नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अब तक 540 लापरवाह चाल.कों पर कार्रवाई करते हुए 16 वाहन जब्त किए गए हैं और 2 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। बता दें कि मुखानी थाने में एक राहगीर ने शिकायत की गई कि कुछ युवक कार से स्टंटबाजी कर रहे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार को रोका, जिसमें सलीम समेत पांच युवक सवार थे। वाहन के कागजात न होने और खतरनाक स्टंट करने के आरोप में वाहन जब्त कर लिया गया और सभी के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। वहीं कालाढूंगी में पुलिस ने दो बुलेट बाइक सवारों को रेट्रोफिट साइलेंसर लगाकर पटाखे फोड़ते हुए पकड़ा। दोनों बाइकों को जब्त करते हुए चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। बता दें कि नैनीताल जिला पुलिस ने पर्यटन सीजन को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सघन चेकिंग अभियान चला रखा है। अब तक 540 चालकों पर कार्रवाई हुई है, जिनमें 16 वाहन जब्त किए गए और 9 चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया गया। एसएसपी मीणा ने युवाओं से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा, खतरनाक स्टंटबाजी न सिर्फ आपकी जान जोखिम में डालती है, बल्कि आपको कानूनी कार्रवाई का भी सामना करना पड़ सकता है। सुरक्षित ड्राइविंग अपनाएं और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

## रोडवेज सर्वर फेल, कई काउंटरों का कार्य प्रभावित, बसें लेट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के हल्द्वानी-काठगोदाम डिपो में मंगलवार दोपहर 1 बजे से सर्वर में तकनीकी खामी आ गई, जिससे निगम के कई



कार्यालयों में कार्य बाधित हो गया। सर्वर फेल होने के कारण ड्यूटी स्लीप, कैश काउंटर, ईबीटीएम कक्ष और ऑनलाइन टिकट सिस्टम ठप्प हो गए। इस दौरान यात्रियों को टिकट प्राप्त करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। सर्वर फेल होने के कारण कई प्रमुख बस मार्गों पर भी असर पड़ा। नैनीताल, जयपुर और दिल्ली सहित अन्य मार्गों की बसें निर्धारित समय से देर से चलीं। जिससे डिपो में चालक और परिचालकों की भारी भीड़ जमा हो गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मुरादाबाद-दिल्ली के बीच सड़क के काम के दौरान लाइन कटने से सर्वर में समस्या आई थी। हालांकि, शाम करीब 6 बजे के बाद सर्वर फिर से सामान्य हुआ और कार्य फिर से शुरू हो सका। इस घटना ने यात्रियों और कर्मचारियों दोनों के लिए असुविधा उत्पन्न की, जबकि परिवहन निगम प्रशासन जल्द से जल्द तकनीकी समस्या के समाधान के प्रयास में जुटा रहा है।

## घर में घुसे नशेड़ी, बहू से बदसुलूकी पत्थर और दराती से हमला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घर में घुसकर नशेड़ियों ने महिला से अभद्रता कर दी। विरोध करने पर उन्होंने ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट कर डाली। घर के बाहर खड़ी स्कूटी तोड़कर क्षतिग्रस्त कर डाली। इसके बाद आरोपी मोबाइल लूट कर घर से फरार हो गए। नशेड़ी पुलिस को सूचित करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। मामला टीपीनगर चौकी नगर क्षेत्र का है। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार हरिपुर फुटकुंआ रामपुर रोड निवासी गुरवचन कौर पत्नी राजेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार की सुबह करीब सवा 5 बजे उनके आसपास ही रहने वाले अभिजीत सिंह, विरेन्द्र सिंह, समीर सिंह और अमरजीत सिंह उनके घर में घुस गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि नशेड़ियों ने उनकी बहू के कपड़े फाड़ने की भी कोशिश की। जब उन्होंने विरोध किया नशेड़ियों ने उन्हें और उनके बेटे रोी.हत सिंह पर पत्थर, डंडों और दराती से हमला कर दिया। इतना ही नहीं घर में खड़ी स्कूटी भी तोड़ डाली। जाते समय वह बेटे का मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। साथ ही पुलिस को सूचना देने पर जान से मारने की धमकी भी दे गए। घायलों को उपचार के लिए बेस अस्पताल ले जाया गया। तहरीर के बाद पुलिस ने मुकदम दर्ज कर लिया है।

# दोस्तों के साथ गौला नदी नहाने गए युवक की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे एक युवक की गौला नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 27 वर्षीय भूपेश सिंह रावत के रूप में हुई है, जो पिथौरागढ़ के मुनस्यारी क्षेत्र का निवासी था और अपने चाचा के घर हल्द्वानी के कठघरिया मंगला में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को भूपेश घर से निकला और अपने दोस्तों के साथ घूमने का संदेश अपने परिवार को दिया था। वह शाम तक घर वापस नहीं लौटा, जिससे परिवार के सदस्य चिंतित हो गए। जब परिवार ने दोस्तों से संपर्क किया तो उन्हें घटना के बारे में जानकारी मिली। दोस्तों ने बताया कि वे अमृतपुर स्थित अमिया में नदी में नहा रहे थे, इस दौरान भूपेश नदी में डूब गया। उसके दोस्तों ने किसी तरह उसे नदी से बाहर निकाला और तत्काल एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। भूपेश के परिवार के अनुसार, वह हाल ही में एक परीक्षा में उत्तीर्ण हुआ था और उसका सपना एक अधिकारी बनने का था। घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाल राजेश कुमार यादव ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिन्होंने शव को मुनस्यारी ले जाकर अंतिम संस्कार किया।

# स्मार्टमीटरों के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाकपा माले और किसान महासभा ने उत्तराखंड की धामी सरकार की स्मार्ट मीटर योजना के खिलाफ राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूपीसीएल के



निजीकरण के प्रयासों को रोकने, बिजली दरों में वृद्धि न करने और मीटर रीडिंग के अतिरिक्त लगाए गए फिक्स चार्ज को समाप्त करने की मांग की। धरने के बाद प्रदर्शनकारियों का जुलूस बुधपार्क से उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा, जहां उन्होंने एसडीएम ऑफिस को मुख्यमंत्री के नाम एक पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने इस योजना को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाया। उनका कहना था कि स्मार्ट मीटरों का उद्देश्य केवल यूपीसीएल का निजीकरण और बिजली दरों में वृद्धि करना है, जबकि पहले से मौजूद मीटरों से कोई समस्या नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटरों का ठेका प्रधानमंत्री मोदी के करीबी सहयोगी गौतम अडानी को दिया गया है, जो सरकार की असल मंशा को उजागर करता है। किसान महासभा की अध्यक्ष उर्मिला ने कहा कि राज्य सरकार की यह नीति आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाली है और बिजली दरों में कोई भी वृद्धि पूरी तरह अस्वीकार्य होगी। धरना प्रदर्शन में डा कैलाश पाण्डेय, प्रकाश फुलोरिया, वेद प्रकाश, पंकज चौहान, मो. यासीन, मीना भट्ट, मोहन लाल आर्य, नफीस अहमद खान, मीना भट्ट, नारायण दत्त जोशी, विमला देवी, हरक सिंह बिष्ट, चन्दन सिंह मटियाली, नंदी देवी, चंपा देवी, तुलसी देवी, इमरान, कमल नौला, शाहनवाज, लक्ष्मी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

### एक नजर

## होप फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**हल्द्वानी।** होप फाउंडेशन (एनजीओ) ने भीमताल और नैनीताल के पहाड़ी इलाकों में पिछले पांच सालों से लगातार मुफ्त मेडिकल हेल्थ कैम्प का आयोजन किया है। इन कैम्पों का उद्देश्य गांवों में रहने वाले ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराना और समाज के अन्य पहलुओं में भी सहयोग प्रदान करना है। इन हेल्थ कैम्पों में ग्रामीणों को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, स्वास्थ्य जांच, इलाज, दवाइयां और चश्मे दिए जाते हैं। इसके अलावा, संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों की भी पहल की जाती है, जैसे नौला जीर्णोद्धार, वृक्षारोपण और ऐप्पन पेंटिंग को प्रोत्साहित करना। होप फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए जाने वाले इन कैंपों में सीड बमिंग जैसी पर्यावरणीय गति.विधियां भी की जाती हैं। बच्चों और बच्चियों के लिए क्विज और ड्राइंग कंपटीशन भी आयोजित किए जाते हैं, जिसमें उन्हें प्रोत्साहन के रूप में इनाम भी दिए जाते हैं। संस्था ने अपील की है कि आस-पास के सभी ग्रामीण इस कैंप में भाग लें और इसका लाभ उठाएं।

## मंदिर में चोरी का खुलासा, एक दबोचा

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी के माँ भगवती शक्तिपीठ मंदिर में हुई घंटी व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी का खुलासा करते हुए चोरी के माल सहित एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। बता दें कि रामपुर रोड धान मिल कृष्णानगर फेज-2-टू निवासी पुजारी चंद्रशेखर पाण्डे पुत्र आनंद बल्लभ पांडे ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि बीते 31 मार्च को वह रोजना की तरह रात नौ बजे मंदिर में ताला लगाकर चले गए और अगली सुबह वह जब माँ भगवती शक्तिपीठ मंदिर पहुंचे तो मंदिर के ताले टूटे हुए थे। मंदिर के अंदर जाकर देखा तो मंदिर में रखे कुछ सिक्के व कुछ छोटे-बड़े नोट तथा 4 घंटियां चोरी कर ली। मंदिर में हुई चोरी के खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया गया। इस दौरान टीम ने मंदिर चोरी मामले में सचिन सैनी पुत्र कलवा निवासी राजनपुर नंबर दो थाना गदरपुर उधमसिंह नगर को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से पीतल की घंटियां तथा 2210 रुपए नगद तथा घटना में प्रयुक्त लोहे की सरिया व पेचकस बरामद किया है। टीम में प्रभारी चौकी मंडी प्रेम विश्वकर्मा, कांस्टेबल ललित मेहरा, धीरेंद्र सिंह अधिकारी शामिल रहे।

## बैंक से महिला ने निकाले डेढ़ लाख पर्स से हुए गायब

**हल्द्वानी।** एक महिला के साथ बैंक से रुपए निकालने के बाद एक हैरान करने वाली घटना घटी। महिला के पर्स से अचानक एक लाख रुपए गायब हो गए, जिसके बाद उसने कोतवाली पुलिस से शिकायत की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मुखानी थानाक्षेत्र के जज फार्म निवासी महिला ने कोतवाली पुलिस को बताया कि बुधवार को वह नगर निगम स्थित एक बैंक गई थी। उन्हें कुछ रुपयों की आवश्यकता थी, और बैंक से उन्होंने डेढ़ लाख रुपए निकाले। इन रुपयों को उसने अपने पर्स में रखा और बैंक से बाहर निकल गई। जब वह कुछ दूर चलीं, तो उन्होंने बैग में हाथ डाला और पाया कि पर्स में रखे एक लाख रुपए गायब थे। बैग में केवल 50 हजार रुपए ही बचे थे। महिला को यह देखकर सख्त झटका लगा और वह तुरंत कोतवाली पुलिस के पास पहुंचीं।

# आईएएस लॉबी का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुराज सेवा दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को आईएएस अधिकारियों के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते



हुए उनका पुतला दहन किया। संगठन ने आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारियों ने पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत द्वारा लोकसभा में उठाए गए अवैध खनन के मुद्दे पर सरकार पर कार्रवाई का दबाव बनाया, जो लोकतंत्र के खिलाफ है। आरोप लगाया कि आईएएस अधिकारी लो.कतंत्र को दबाने कोशिश कर रहे हैं। कुमाऊँ मंडल अध्यक्ष विशाल शर्मा और जिला अध्यक्ष डीके भट्ट ने कहा कि पूर्व सीएम रावत ने अवैध खनन पर चिंता जताई थी, लेकिन आईएएस अधिकारियों ने इस मुद्दे को दबाने के लिए सरकार को ज्ञापन देकर कार्रवाई का दबाव बनाया। उन्होंने मांग की कि इन अधिका.रियों की संपत्ति की सीबीआई जांच होनी चाहिए। जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष कीर्ति दुमका ने कहा कि अवैध खनन से नदियों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने मांग की कि सभी खनन पट्टों और नदियों की वीडियोग्राफी कर इसे सार्वजनिक किया जाए। उन्होंने कहा, अगर राजस्व की बात करें, तो अवैध खनन से हुई कमाई का 25 प्रतिशत भी सरकारी खजाने में नहीं पहुंचा। प्रदर्शन करने वालो में चंद्रशेखर बिष्ट, बहादुर सिंह बिष्ट, चंद्र मोहन पांडेय, विष्णुदत्त उपाध्याय, दीपक कुमार, मीनाक्षी, बलबीर सिंह, शंकर जोशी, विनोद, प्रभाष सिंह, विजय, निखिल कुमार, दीपक जोशी, अमरिंदर सिंह और प्रशांत सनवाल मौजूद रहे।

# बुजुर्गों को राशन वितरित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नारी शक्ति ग्रुप ने आश्रय सेवा समिति द्वारा बुधवार को वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के लिए राशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर न केवल राशन वितरित किया गया, बल्कि बुजुर्गों को जीने की कला और सकारात्मक मान.सिकता अपनाने के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान, नारी शकित ग्रुप के सदस्यों ने बुजुर्गों को प्रेरित किया और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए भजन संध्या का आयोजन किया। भजनों के साथ-साथ वरिष्ठ नागरिकों का मनो.रंजन किया गया, जिससे उन्हें मान.सिक शांति और खुशियों का अनुभव हुआ। इस आयोजन में नारी शक्ति ग्रुप की फाउंडर ममता पांडे और कार्यकारिणी सदस्य मीरा उनियाल, अलका प्रमोद डिमरी, प्रकाश चंद, नीरज भगवती, नीमा जोशी और लीला पलड़िया ने अहम भूमिका निभाई।

# निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में मिली कई खामियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना ने बुधवार को निर्मला

### आयोग की अध्यक्ष डा. गीता खन्ना ने किया स्कूलों का निरीक्षण

कॉन्वेंट स्कूल, राजकीय प्राथमिक विद्यालय कठघरिया, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कठघरिया और हल्दूचौड़ स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस विद्यालय एवं राजकीय इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। हल्दूचौड़ के विद्यालय में सुविधाएं, बच्चों का आचरण और



साफ-सफाई सराहनीय पाई गई। वार्डन और बच्चों के मध्य सामंजस्य भी अच्छा दिखा। निर्मला कॉन्वेंट स्कूल के निरीक्षण में प्रधानाचार्य अवकाश पर थी और उनकी अनुपस्थिति में किसी भी वरिष्ठ अध्यापिका के स्थान पर लेखाकार द्वारा कार्य देखा नहीं जा रहा था, जिन्हें विद्यालय की कार्यप्रणाली तथा बच्चों के अधिकारों से संबंधित कोई भी जानकारी नहीं थी। 1098 और बाल अधिकार संरक्षण आयोग की भी उन्हें जानकारी नहीं थी। कक्षाओं में संख्या से अधिक बच्चों का दाखिला किया गया था, जिससे छोटी-छोटी कक्षाओं में अनियंत्रित रूप से बच्चों को बैठाया गया था। वहीं विद्यालय द्वारा बच्चों को प्रदान की गई डायरी में उत्तराखंड से संबंधित कोई गीत इंगित नहीं था जिससे छात्रों को उत्तराखंड की संस्कृति की जानकारी मिल सके। पूरे विद्यालय को एक धर्म विशेष के चिन्हों से सजाया गया था। डा. गीता खन्ना ने कहा कि विद्यालयों में सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए, ऐसे में किसी एक धर्म को प्राथमिकता देना उचित नहीं है। वही लगभग 3000 से अधिक विद्यार्थियों वाले विद्यालय में प्राथमिक चिकित्सा की सुविधा शून्य पाई गई। प्राथमिक चिकित्सा उपचार के लिए एक छोटा-सा बॉक्स प्रधानाचार्य के कक्ष में रखा हुआ था। पूछने पर बताया गया कि आवश्यकता पड़ने पर एक नर्स को बुला लिया जाता है। काउं.सलर के नाम पर एक अध्यापिका को प्रस्तुत किया गया जो कक्षा 11 और 12 को साइकोलॉजी पढ़ाती है, लेकिन विद्यालय में एक स्थायी काउंसलर नियुक्त नहीं की गई है। परिसर में पीटीए, 1098, उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग आदि के सूचकांक नहीं लगाए मिले। उन्होंने विद्यालय को निर्देशित किया कि सभी कमियों का शीघ्र दूर करे और आयोग को भी अवगत करवाए।

## आईपीएल सट्टेबाजी पर बड़ी कार्रवाई, पांच दबोचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले सटोरियों के खिलाफ पुलिस और एसओजी ने बड़ी कार्रवाई की है। रामपुर रोड स्थित एक होटल में चल रहे सट्टेबाजी के धंधे का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच सटोरियों को गिरफ्तार किया और उनसे हजारों की नगदी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, हल्द्वानी कोतवाली और एसओजी की टीम ने बुधवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में छापा मारा, जहां आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए चार सटोरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार सटोरियों में शैलेन्द्र बिष्ट (मयूर विहार, पीलीकोठी, दिल्ली, विजय बिष्ट ग्राम चमतौला, पिथौरागढ़, जितेन्द्र सिंह मायानगर, सुल्तानपुर, दिल्ली, और सुमित शर्मा राजपुर छतरपुर, दिल्ली शामिल हैं। पुलिस ने उनके पास से 7800 रुपए नकद, लैपटॉप, नोटबुक, और 11 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इसी दौरान, मंगलपड़ाव चौकी क्षेत्र के अंबेडकर नगर से देव सक्सेना नामक एक सटोरिये को भी गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 7340 रुपए नकद बरामद हुए। पुलिस ने सभी सटोरियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में कोतवाल राजेश कुमार यादव, एसआई गौरव जोशी, एसआ.जी प्रभारी संजीत राठौर, और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

सम्पादकः एस.एन. राना

*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'

☎05946-250286

मुख्यालयः मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264

www.shahtimesnews.com

email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में खोली जा रही शराब की दुकानें, विरोध शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर के लखनपुर चौराहे पर युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला फूंक कर मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया है।

युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने कहा कि नई आबकारी नीति के तहत रामनगर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र पाटकोट, छोई, हाथीडगर और ढिकुली क्षेत्र में शराब की नई दुकान आवंटित की गई है। वहीं इन शराब की नई दुकानों को खोले जाने के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया है युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी ने बताया प्रदेश सरकार के द्वारा जो शराब की नई आबकारी नीति के तहत नई शराब कि दुकान खोली जा रही है, उसका युवा कांग्रेस विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार युवाओं को रोजगार व अच्छी शिक्षा नहीं देने के अलावा प्रदेश सरकार युवाओं को नशे के दलदल में धकेलना का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर शराब की नई दुकान ग्रामीण क्षेत्रों में



खोली जाती है तो प्रदेश सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुमित लोहनी,युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमित कुमार,सभासद सलमान सलमानी सभासद सचिन कुमार,सभासद सोनू करीम,ब्लॉक अध्यक्ष नितिन शाह,छात्रसंघ सचिव चेतन पंत,आसिफ सिद्दीकी,सोनू तिवारी,पूर्व प्रधान चंदन राम,रिहान खान आदि मौजूद रहे।

# एयरपोर्ट विस्तार की जद में आ रहे लोगों का कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

- विधायक बेहड़ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा
- विधायक बोले-बिना किसी उचित पुनर्वास योजना के ध्वस्तीकरण गलत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सरकार द्वारा पतनगर हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के कार्य से प्रभावित परिसरवा. सियों के साथ आज किच्छा विधायक तिलक. राज बेहड़ द्वारा कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। श्री बेहड़ ने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तार के लिए प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से प्रभावित परिवारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।



विधायक ने कहा कि सरकारी आवास जो इनके परिवारों के लिए आश्रय हैं, को बिना किसी उचित पुनर्वास योजना के ध्वस्त किया जा रहा है। इनके बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित होंगी क्योंकि स्कूल और अस्पताल भी ध्वस्तीकरण की जद में हैं। उन्होंने बताया इस क्षेत्र में कई फलदार वृक्ष वर्षों पुराने हैं, जोपर्यावरण के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रभावित लोगों के पुनर्वास और संपत्ति के संरक्षण के लिए कोई स्पष्ट नीति नहीं बनाई गई है। श्री बेहड़ ने कहा कि आवासीय परिसर में आवासित नियमित ठेका कर्मियों को विवि द्वारा जो आवास आवंटित किये जा रहे है वह बेहद जर्जर स्थिति में है बिना मरम्मत के उक्त आवा. सों में आवासित होने पर कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है । चतुर्थ श्रेणी ठेका कर्मी अल्प आय वाले कर्मी हैं जिनमें से अधिकतर कर्मियों को आवास तक आवंटित नहीं किये जा रहे है। सौंपे गए ज्ञापन में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को तत्काल रोके जाने, विस्थापन के लिए एक व्यापक नीति बनाये जाने, प्रभावित लोगों के साथ पारदर्शी संवाद स्थापित करने और उनकी चिंताओं को सुनते हुए स्वस्थ निराकरण किये जाने हेतु अनुरोध भी किया गया है। इस दौरान सचिन सक्सेना, अनुराधा जोशी, जनेंद्र सिंह, नितिन शाही, पृथ्वी चौहान, लईक अहमद, राजेश प्रसाद, सतेंद्र, चंचल मिश्रा, सुल्ताना, बृजलाल, मोहन शर्मा, कमला देवी आदि मौजूद थे।

# सरस्वती एकेडमी के मनप्रीत सिंह का नवोदय में हुआ चयन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के होनहार छात्र मनप्रीत सिंह का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल के द्वारा बधाइयां व आशीर्वाद दिया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य रामयश व शिक्षक शिक्षिकाओं ने मनप्रीत को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाइयां दी। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने बताया कि मनप्रीत एक होनहार वह मेधावी छात्र है जिसने गुरुजनों के सहयोग से यह सफलता प्राप्त की है उन्होंने संपूर्ण विद्यालय परिवार की ओर से मनप्रीत व उसके अभिभावकों को ढेर सारी बधाइयां दी।

# पार्क की भूमि पर निर्माण के आरोप में दो भाइयों पर एफआईआर

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** एलायंस कालोनी में सार्वजनिक पार्क की भूमि पर दो भाईयों द्वारा निर्माण कराने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्ज कराई रिपोर्ट में हरि शंकर अग्रवाल पुत्र गोरधन दास अग्रवाल निवासी एलायन्स कालौनी ने कहा है कि उसके मकान के पूरब दिशा सड़क के बाद सार्वजनिक भूमिखण्ड में सार्वजनिक पार्क है। तिरूपति इन्क्लेव भवन स्वामियों की रजिस्ट्री बैनामा में वर्णित चौहद्दी में भी अंकित है और कालौनी में निवास करने वाले परिवारों द्वारा उक्त पार्क में लाखों




रूपये की मिट्टी डलवाई गई थी और वृक्षारोपण भी कर रखा है। 29 मार्च की दोपहर अमित अग्रवाल व मोहित अग्रवाल पुत्रगण स्व- रमेश चन्द्र अग्रवाल निवासीगण एलायन्स कालौनी अपने साथ कुछ लोगों को लेकर उक्त सार्वजनिक पार्क पर आये और सार्वजनिक पार्क की भूमि पर निर्माण करने का प्रयास करने लगे। जब उसने व मौके पर उपस्थित लोगों ने उक्त लोगों से सार्वजनिक पार्क की भूमि पर निर्माण करने का कारण पूछा तो उक्त अमित अग्रवाल व मोहित अग्रवाल व उनके साथ आये सभी लोगें ने गालियां देते हुए निर्माण करने से रोकने पर जान से मारने की धमकी दी। अमित अग्रवाल व मोहित अग्रवाल ने कहा कि यह सार्वजनिक पार्क की भूमि को उन्होंने रजिस्ट्री द्वारा बेच दिया है। जिस पर कालौनीवासियों ने जानकारी ली तो पता चला कि अमित अग्रवाल व मोि. हत अग्रवाल व उनकी माँ कान्ता देवी अग्रवाल द्वारा इसी कालौनी के साथ लगती हुयी अपनी अमित राईस मिल्स प्रा. लि. की भूमि में किंग्सकोर्ट के नाम से आवासीय कालौनी विक. सित की जा रही है। जिसमें सड़क व पार्क के लिए जो जगह छोड़ी गई है वह खतौनी में स्वामी के रूप में उक्त लोगों के नाम शो कर रही है को धोखाधड़ी की नीयत से फायदा उठाते हुये अपनी अमित राईस मिल्स प्रा. लि. की भूमि की चौहद्दी से बाहर जाकर किरोड़ीमल फैमिली ट्रस्ट की भूमि की रजिस्ट्री बैनामा कर विक्रय कर दी है जो भूमि अमित अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, कान्ता देवी अग्रवाल के स्वामित्व व कब्जे में नहीं है। उक्त लोगों द्वारा अनुचित धन लाभ कमाने की नीयत से सार्वजनिक पार्क की भूमि को अपना बताकर कूटनीति षड्यन्त्र के तहत विक्रय कर कालौनीवासियों के साथ धोखाधड़ी की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### महाविद्यालय के बीबीए पंचम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** नगर के श्री गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नानकमत्ता साहिब का कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा विगत दिवस में घोषित परीक्षाफल उत्तम रहा। जिसमें महाविद्यालय स्तर पर बीबीए पंचम सेमेस्टर में सुखविंदर कौर ने 76 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, मोहित जोशी ने 74.5 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान व सोमिया राना ने 71.7 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के वर्तमान संरक्षक बाबा सुरेंदर सिंह, प्राचार्य डा. सीता मेहता, बीएड विभागाध्यक्ष डा. इंदु बाला तथा समस्त शिक्षकगणों ने सभी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### नानकमत्ता के लोगों के लिए आज भी अधूरा है मिनी स्टेडियम का सपना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता।** कई बार कोरी घोषणाओं के बाद भी नानकमत्ता के लोगों के लिए मिनी स्टेडियम का सपना आज भी अधूरा ही है।

बताते चलें कि जहा तक याद है कि तत्कालीन सरकार में भी नानकमत्ता में मिनी स्टेडियम बनाने का सपना दिखाकर घोषणा की गई थी, तथा इसके लिए नानक सागर बांध के पास की भूमि का सर्वे भी कुछ अधिकारियों द्वारा किया गया था, लेकिन इतना सब होने के बाद भी मानों कोरी घोषणा के साथ यहां मिनी स्टेडियम बनने का सपना भी लोगों के लिए अधूरा ही रहा है। बता दें कि यहां वैसे तो कई बार स्टेडियम को बनाए जाने की मांग उठती रही है, लेकिन इस पर ना तो सरकार का ध्यान केन्द्रित हुआ है, और ना ही संबधित विभाग द्वारा इस ओर कोई प्रयत्न किया गया है। यहां के लोगों को मिनी स्टेडियम बनने पर कई सुविधाओं कीउम्मीद जगी थी, की स्टेडियम बनने पर उसमें सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, स्विमिंग पूल और वॉलीबॉल कोर्ट के साथ ही सिंथेटिक कबड्डी कोर्ट, इंडोर हॉकी एस्ट्रो टर्फ जैसे का निर्माण होगा। जिसका लाभ सभी के साथ ही आज की युवा पीढ़ी को मिलेगा, जिससे यहां की युवावस्था का ध्यान भी खेल की ओर आक्रशित होगा। वर्तमान सरकार को इस ओर अपना ध्यान आकर्षित करना चाहिए, जिससे की यहां मिनी स्टेडियम का निमार्ण होने पर युवाओं को एक नई दिशा तथा खेल प्रदर्शन करने का लाभ मिल सके।

### मेघा बनीं जीएसटी इन्सपेक्टर

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** ट्रेफर्ड पब्लिक स्कूल चकरपुर की पूर्व छात्रा मेघा उपराडी इंटरमीडिएट वर्ष (2015-2016) ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मेघा ने एसएससी ग्रेजुएट लेवल परीक्षा पास कर आयकर विभाग में जीएसटी इन्सपेक्टर बन विद्यालय का नाम रोशन किया है। मेघा की इस उपलब्धि पर उन्हें विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधक पुष्कर चंद ने मेघा को सम्मानित कर इसे विद्यालय परिवार के लिए गर्भित क्षण बताया। मेघा ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजनों एवं अपने माता-पिता को दिया। मेघा की इस सफलता से विद्यालय में अत्यंत खुशी का माहौल है। इस दौरान डायरेक्टर डॉ. चंद्रा चंद, प्रधानाचार्य मनोहर सिंह रोका एवं विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी भुवन चंद्र पंत, विद्यालय के अध्यापक बलवीर खोलिया , योगेश जोशी, दिक्षा जोशी, कमल जोशी, भागीरथी पांडे ने मेघा के उज्जवल भविष्य की कामना की और आगामी सफर के लिए शुभकामनाएं दी ।

### पुलिस ने किया नाबालिग को ले जाने वाला आरोपी पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** दोराहा ग्राम महेशपुरा निवासी वादिनीद्वारा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई थी कि उसकी 15 वर्ष नाबालिक पुत्री को गांव का ही एक युवक बहला-फुसलाकर अपहरण करके ले गया है। जिस पर कोतवाली में मुकदमा धारा 137(2) इदे पंजीकृत कर विवेचना दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चन्द्र बेलवाल को दी गई।



विवेचना की धारा 87 की बढ़ोतरी की गई। मुकदमे में मैन्युअल पुलिसिंग करते हुए मुखबिर की सहायता से आरोपी सीमा पुत्र रूप किशोर निवासी ग्राम महेशपुरा को दोराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अपहर्ता नाबा. लिक को सकुशल बरामद कर लिया। कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी के निर्देश पर एसआई प्रियंका टम्टा ने ग्राम महेशपुरा निवासी आरोपी सीमा को न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में दोराहा चौकी इंचार्ज रमेश चंद्र बेलवाल, एसआई दीपक बिष्ट, एसआई प्रियंका टम्टा, कांस्टेबल नरेंद्र सिंह, राजेश गोस्वामी शामिल रहे।

### बेरोजगार हुए कर्मियों को रोजगार देने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** सरकारी अस्पताल के बाहर धरना देने के दौरान संविदा कर्मियों ने कहा कि मंगलवार से रामनगर का संयुक्त चिकित्सालय स्वास्थ्य विभाग के अधीन आ गया है। ऐसे में पीपीपी मोड में तैनात दर्जनों चुतुर्थ श्रेणी कर्मियों के साथ कई कर्मी बेरोजगार हो गए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ संविदा कर्मियों को अस्पताल प्रशासन द्वारा रख लिया गया है। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से बेरा. जगार हुए कर्मियों को रोजगार देने की मांग की है। उधर अस्पताल के सीएमएस डॉ विनोद टम्टा ने बताया कि अस्पताल में कर्मियों की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया है। निर्देश के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।इस दौरान ममता,तुलसी, शिवानी,मुमताज,उजमा, पुष्पा,सपना, सबा,डोली,सरिता,फरीदा,माया, जानकी,ज्योति, प्रिया, तारा आदि मौजूद रहे।

# बिगड़ती यातायात व्यवस्था को चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामनगर में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कोतवाली पुलिस द्वारा कई बार अभियान चलाया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद भी कई वाहन चालक एवं वाहन स्वामी प्रशासन की कार्रवाई को चुनौती दे रहे हैं, जिसको लेकर रामनगर सीओ सुमित पांडे, कोतवाल अरुण कुमार सैनी एवं वरिष्ठ उप निरीक्षक मनोज नयाल के द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाते हुए खुद मोर्चा संभाल लिया।

कोसी बैराज पर सीओ सुमित पांडे जहां एक और स्वयं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चाल. कों के खिलाफ चालान करते हुए दिखाई दिए तो वहीं बैराज के पुल पार कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने मोर्चा संभाला सीओ सुमित पांडे ने बताया



कि कोसी बैराज क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक वाहनों का चालान करते हुए हजारों रुपए का जुर्माना वसूला गया तो वहीं कुछ वाहनों को सीज करने की कार्रवाई भी की गई है।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा पुलिस टीमों द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में यह अभियान चलाया गया है तो वहीं उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

उन्होंने दो दोपहिया वाहन चालकों से तीन सवारी न बैठाने के साथ ही वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने और वाहन के सभी कागज मौजूद रखने की बात कही है।

# बडिंया में दिखाई दिया तेदुंआ बाल-बाल बची महिला

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** ग्राम बडिंया में तेदुंआ दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत फैल गई। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण काम काज छोड़ घरों में दुबक गए। खटीमा वन विभाग की टीम मौके पर तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने में जुटी है।

ग्राम बडिंया में बुधवार दोपहर के समय गेहूं के खेत में तेंदुआ दिखाई देने से क्षेत्र में दहशत दौड़ गई। ग्राम बडिंया निवासी निर्मला देवी पत्नी खेदू प्रजापति आयु 61 अपने गेहूं के खेत बालियां बीनने गई थी। वहीं खेत में घात लगाए बैठा तेंदुआ महिला को देखकर दहाड़ने लगा। महिला ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई तथा अन्य खेतों में काम कर मजदूर भी तेदुंआ की दहाड़ की आवाज सुनकर भाग खड़े हुए। वहीं वृद्ध महिला तेंदुए से बाल बाल बच गई। ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर भाजपा नौसर मंडल अध्यक्ष सोमनाथ मौर्य ने खटीमा वन



विभाग को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तेंदुआ की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने तथा अकेले खेत खलियानों में जाने से मना किया। साथ ही वन विभाग की टीम मौके पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान टीम में जीत प्रकाश, अधिकारी वन अमर सिंह, महिला आरक्षी पूजा अर्चना आदि थे।

# विजडम पब्लिक का शत प्रतिशत रहा वार्षिक परीक्षाफल

## उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशिस्त पत्र देकर किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विजडम पब्लिक सीनियर सेकण्डूरी स्कूल गंगापुर रोड रुद्रपुर का कक्षा चार से आठ तक वार्षिक परीक्षाफल 2025 घोषित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. श्वेता मढवाल तथा उषा मिश्रा ने वार्षिक परीक्षाफल की आख्या सभी अभिभावकों के समक्ष विस्तार से प्रस्तुत की।

विद्यालय के प्रबन्धक गोपाल सिंह पटवाल ने परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं तथा उपस्थित अभिभावकों को बधाई दी और कक्षा में उच्च श्रेणी से उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को मेंडल और प्रशिस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय ने वर्ष 2025 से बच्चों के शारीरिक, बौद्रिक और मानसिक रूप से विकास को ध्यान में रखते हुए विजडम स्पोर्टस अकादमी में किकेट, कबड्डी,



खो-खो, बालीवाल और बैडमिंटन जैसे खेलों में सभी उम्र के बच्चों (लडके और लडकियों) के लिए प्रवेश प्रारम्भ हो चुके हैं। विद्यालय में कक्षावार उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राओं में कक्षा-4-ए से आन्या रावत-98.5 प्रथम, अंशिका प्रजापति-85.58 द्वितीय, रागिनी सुपयाल-85.33 तृतीय, कक्षा-4-बी से काव्यांश सिंह-98.5 प्रथम, प्राची-85.58 द्वितीय, शैलेन्द्र बिष्ट-85.33 तृतीय, कक्षा-5-ए साहिबदीप सिंह-98.5! प्रथम, कामना तिवारी-91.83 द्वितीय, तनिष्क 87.91 ! तृतीय, कक्षा 5 बी सिया-92.91 प्रथम, अंशिका-92. 66 द्वितीय, वंशिका मण्डल-87.5 तृतीय, कक्षा-6-ए रामदास-97.16 प्रथम, भूमिका-94.33 द्वितीय, गीतांश वर्मा-93तृतीय, कक्षा-6-बी यश-94.4 प्रथम, दिपांशु प्रजा. पति-91.75 द्वितीय, रितिक कुमार-91. 58 तृतीय, कक्षा-7-ए क्रिश गंगवार-95.58 प्रथम, जानवी वर्मा 92.58 द्वितीय, नव्या गिरी-90. 83 तृतीय, कक्षा-7-बी सोनल बो. हरा-97.5 प्रथम, पावनी पर्सवाल-96.16 द्वितीय, अलंकृता तिवारी-95.41 तृतीय, कक्षा-8-ए दीप सरकार-92.16 प्रथम, दीपक वर्मा-90.83 द्वितीय, कल्पना कुमारी-86.6 तृतीय, कक्षा-8-बी आर्शीवाद कुमार तिवारी-95.08 प्रथम, अभय यादव-92.5 द्वितीय, ज्योति आर्या-90.33 तृतीय ने स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन निधि पाण्डेय, रेखा चन्द ने हिन्दी में और बेबी चौहान, साक्षी शर्मा ने अंग्रेजी में किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की मुख्य प्रधानाध्यापिका उषा मिश्रा, नरेन्द्र सिह रावत, महेन्द्र कुमार भारद्वाज, प्रीती नयाल, देव मण्डल, अजय मिश्रा, विमल चौधरी, प्रियंका पंत, अंजली रावत, गीता अधिकारी, टीना दास, मंजू नेगी, नीरू अधिकारी, रेनु जोशी, प्रेमलता सिंह, ममता चिलवाल आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विशेष योगदान दिया।

# चेयरमैन गित्ते ने मेहता कालोनी में किया रोड निर्माण का शिलान्यास



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के लोकप्रिय अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने नगर के वार्ड नंबर 13 मेहता कॉलोनी में डीएवी पब्लिक स्कूल को जाने वाली 220 मीटर टाईल्स रोड का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना उपरान्त नारियल फोड़कर किया।

चेयरमैन गित्ते ने कहा कि वर्षाकाल में स्कूली बच्चों और मोहल्ले वासियों को आवागमन में भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। जनभावनाओं के अनुरूप रोड का निर्माण करवाया जा रहा है। आम जन को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार ने कहा कि वार्डवासियों की भावनाओं के अनुरूप वार्ड में विकास गंगा प्रवा. हित की जा रही है।

वार्डवासियों द्वारा चेयरमैन गुरजीत सिंह 'गित्ते' और सभासद प्रतिनिधि सुनील कुमार का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज कुमार, रघुवीर सिंह मेहता, कुलदीप मेहता, विक्रम मेहता, तेजपाल सैनी, हरी सिंह यादव, भूपेन्द्र सिंह, उदयराज यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ने अभियान चलाकर कच्ची शराब की छह भट्टियों को तोड़ा

- लगभग दस हजार लीटर कच्ची शराब का लहन नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आद. श पर बाजपुर सीओ विभव सैनी के नेतृत्व में कोतवाली एसएचओ प्रवीण कोश्यारी द्वारा बाजपुर में अवैध मादक पदार्थ और कच्ची शराब की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम द्वारा बरेली क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर नदी के किनारे कच्ची शराब की छह भट्टियों को तोड़ा गया।



टीम द्वारा शराब बनाने के उपकरण को भी नष्ट किया गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर लगभग 10 हजार लीटर कच्ची शराब के लहन को नष्ट किया गया । एसएचओ प्रवीण कोश्यारी ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा आगे भी मादक पदार्थ और कच्ची शराब के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में एसआई अशोक कांडपाल, कांस्टेबल सुनील कुमार,सुरेश बिष्ट, पवन कुमार शामिल रहे।

# स्कूल में तालाबंदी कर जताया विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** रामपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में 43 बच्चे पढ़ते हैं। बीते दिनों छात्र-छात्राओं को अकेले पढ़ा रहे शिक्षक सेवानिवृत्त हो गए। इससे बच्चों की पढ़ाई चौपट हो गई है। हालांकि शिक्षक विभाग रोजाना शिक्षक बदल कर व्यवस्था के तहत पठ्न पाठन की व्यवस्था करने में लगा है। लेकिन गांव के लोगों व स्कूली बच्चों ने इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं।

बुधवार को बच्चों ने गहरी नाराजगी देखी गई। बतायााकि 13 बच्चे शिक्षा विभाग की व्यवस्था से नाराज होकर घर से स्कूल गए तक नहीं है। उनका कहना है कि परमानेंट शिक्षक की तैनाती होने के बाद ही वह स्कूल जाएंगे। गांव व स्कूल के बच्चों ने पूर्व ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी के नेतृत्व में स्कूल में तालाबंदी कर विरोध किया। उनका कहना है कि करीब आधा घंटे तक तालाबंदी की गई। इस दौरान कोई भी शिक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्कूल प्रबंध समिति के



अध्यक्ष महेश चंद्र ने आरोप लगाया कि नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। अधिकारी रामपुर गाांव के बच्चों के भविष्य खिलवाड़ कर रहे हैं। बताया कि यदि एक हफ्ते के अंदर स्कूल को स्थाई अध्यापक नहीं दिया जाता है तो खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रामनगर में आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद जायसवाल ने बताया कि जल्द ही परमानेंट शिक्षक को रामपुर स्कूल में भेजा जाएगा।इस दौरान प्रबंधक समिति के अध्यक्ष महेश चंद्र,संजय राम,हरीश चंद्र, चंद्रशेखर,चिंता राम,हरि राम आदि मौजूद रहे।

दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन व समाचार के लिए संपर्क करें।
9759273715
rudrapurst2020@gmail.com

# डीपीएस में भव्य ग्रेजुएशन डे सेरेमनी

■ अतिथियों और दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में 9 वें स्थापना दिवस एवं ग्रेजुएशन डे सेरेमनी का आयोजन भव्यता और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी नितिन भदौरिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर राजीव मेहता (महासचिव, फेंसिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं सचिव, फेंसिंग कन्फेडरेशन ऑफ एशिया), डॉ. शिवेंद्र कश्यप (प्रोफेसर एवं डीन, जी.बी. पंत विश्वविद्यालय), डॉ. गौरव गुप्ता (संस्थापक अध्यक्ष, ग्लोबल ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल, भारत), बेसम हेलिस (काउंसलर, स्टेट ऑफ फिलिस्तीन दूतावास), पंकज शुक्ला (मुख्य कोषाधिकारी), डॉ. अमृता शर्मा (एसडीएम बाजपुर), और निर्मला बिष्ट (एसडीएम खटीमा) सहित कई गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

रंगारंग प्रस्तुतियों से सजी शाम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद भारतीय परंपरा के अनुरूप अतिथियों का तिलक कर एवं पिछौड़ा पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर और वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर ने अतिथियों का अभिनंदन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इसके बाद, नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि नितिन भदौरिया ने कहा कि डीपीएस रुद्रपुर की शिक्षण पद्धति और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि डीपीएस रुद्रपुर जैसे प्रतिष्ठित संस्थान उत्तराखंड की सांस्कृतिक और शैक्षिक धरोहर को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। वाइस चेयरमैनहरमन सिंह ग्रोवर ने अभिभावकों को बच्चों का मार्गदर्शक और मित्र बनने की सलाह दी, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकें। इस भव्य कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया।

# धर्मार्थ चिकित्सालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर आज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में गुरुवार से आयोजित होने वाले तीन दीनी विभिन्न रोगों के नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के संचालन के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरों का दल चिकित्सालय में पहुंच गया है।

चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एकदेवानंद महाराज के अनुसार स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. निवेदिता द्विवेदी, डायबिटीज ख्रथायराइड एवं हार्मोंस विशेषज्ञ डा. कुनाल अनुज, न्यूरोलॉजी के विशेषज्ञ डा. मोहम्मद कैफ, हृदय रोग विशेषज्ञ डा. आशीष झा, जोड़ों का दर्द, गठिया रोग एवं महिलाओं के विभिन्न रोगों की विशेषज्ञ डा. हिमाली यहां पहुंच चुके हैं, जिनके यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने इस सुदूर क्षेत्र में चिकित्सालय द्वारा जो व्यवस्थाएं ,स्वच्छता एवं समर्पण भाव देखा उससे वे काफी प्रभावित हुए। उनका कहना था कि इस प्रकार की नि:शुल्क चिकित्सा सेवा एवं समर्पण की जो महक यहां आई हुई है ऐसा उन्होंने बहुत कम स्थानों में देखा है। चिकित्सालय में शिविर के संचालन के लिए सभी आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की व्यवस्थ की गई है।



आश्रम के अध्यक्ष स्वामी शुद्धिदानंद महाराज ने क्षेत्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव एवं उन तक गरीब लोगों की पहुंच न होने को महसूस करते हुए यहां ऐसे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टरों को आमंत्रित किया गया है जो अपने व्यस्त पेशे से समय निकल कर यहां केवल गरीब रोगियों का नि:शुल्क उपचार कर उनका आशीर्वाद एवं दुआएं लेने के लिए आए हैं। उन्होंने लोगों से अपील के है कि वे यहां के धर्मार्थ चिकित्सालय में आयोजित होने वाले नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का न केवल स्वयं लाभ उठाएं बल्कि अपने आस-पड़ोस, गांव के लोगों को भी अवगत कराएं।

# ईस्टर कंपनी ने पालिका को भेंट किए दो छोटे हाथी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ईस्टर फैक्ट्री द्वारा बुधवार को सीएसआर फंड से नगर पालिका को लगभग 20 लाख की लागत की टाटा कंपनी की दो छोटा हाथी कूड़ा गाड़ी भेंट की गई। ईस्टर फैक्ट्री के प्लांट हेड राजेंद्र सिंह गौड़ ने गाड़ी की चाबी नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी को सौंपी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि फैक्ट्री हमेशा खटीमा के विकास में अपना योगदान देते आई है और समय-समय पर सीएसआर फंड द्वारा खटीमा के विकास के लिए हर संभव सहायता करने के लिए वचनबद्ध है। नगर पालिका को स्वच्छ बनाने हेतु ईस्टर फैक्ट्री का यह एक छोटा सा प्रयास मात्र ही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ईस्टर फैक्ट्री नगर पालिका को अन्य सहायता भी उपलब्ध कराएगी। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि खटीमा में स्थापित ईस्टर कंपनी हमेशा से ही खटीमा के विकास में अपने छोटे-छोटे प्रयासों से सहयोग करती आई है। समय-समय पर स्वास्थ्य, सफाई तथा शिक्षा के क्षेत्र में किसी न किसी माध्यम से अपना योगदान देती रही है और नगर पालिका उम्मीद करती है कि इसी प्रकार फैक्ट्री नगर पालिका को स्वच्छ बनाने एवं खटीमा को उत्तराखंड राज्य की नंबर एक नगर पालिका बनाने में सहयोग करती रहेगी। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला, भाजपा नगर महामंत्री मनोज वाधवा, एचआर ईस्टर पुनीत मिश्रा, नितिन कमलाकर, राजेंद्र नेगी, नफीस, शरीफ, विश्वनाथ, राहुल सक्सेना, एचआर ईस्टर सुनील गुप्ता, शुभम पटवा, विजय वाल्मीकि तथा खुशब. द्दीन खान आदि उपस्थित रहे।

# उद्यमिता विकास कार्यक्रम में बच्चों ने सीखा बाजार का विश्लेषण करना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** उत्तराखंड सरकार एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के सौजन्य से राजकीय महाविद्यालय टनकपुर में द्वितीय दिवस के देवभूमि उद्यमिता विकास योजना कार्यक्रम एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम के अंतर्गत विशेषज्ञों ने नवाचार एवं नए स्टार्टअप की संभावनाओं पर व्याख्यान दिए। विशेषज्ञो द्वारा छात्र-छात्राओं को बाजार का विश्लेषण करना सिखाया। साथ ही अपने आसपास के वातावरण को ऑब्जर्व करते हुए अपने उद्यम के आइडिया को विक. सित करना सिखाया। वहीं विभिन्न प्रकार की साइकोलॉजिकल गति. विधियों के द्वारा छात्र-छात्राओं विचार मंथन सत्र किया।



प्रथम तकनीकी सत्र में प्रोफेसर डा. एसके कटियार ने 'नवाचार का नए उद्यम के लिए महत्व' विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने नए स्टार्टअप की स्थापना के लिए आवश्यक प्रमुख तत्वों पर प्रकाश डालते हुए प्रतिभागियों को इस दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके व्याख्यान ने युवाओं को नवाचार आधारित उद्यम स्थापित करने हेतु प्रेरित किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में डा. एएस खान ने 'व्यवसाय अवसरों की पहचान' विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक सफल उद्यम की स्थापना के लिए उपयुक्त व्यवसाय अवसरों की पहचान कैसे की जा सकती है। इस सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर डा. सुनील कुमार कटियार ने की। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से संवाद किया और अपने विचारों एवं जिज्ञासाओं को साझा किया। इस उद्यमिता विकास कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना और उन्हें आवश्यक ज्ञान एवं संसाधन उपलब्ध कराना है। देवभूमि उद्यमिता विकास योजना कार्यक्रम मे महाविद्यालय के पंजीकृत 50 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह योजना स्थानीय उत्पादों और स्थानीय विचार को प्रोत्साहित करने वाली योजना है।

महाविद्यालय के देवभूमि उद्यमिता विकास योजना में पंजीकृत छात्र-छात्राएं मोहम्मद कैफ, रुमाईशा परवीन, नीरज जोशी, राज गुप्ता, मुस्कान, सौम्या उमा, प्रियंका जोशी, अंकिता कोहली, रिया चंद, रोहन गडकोटी, दीपांशु, मिलन आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक नजर

### लापरवाही पर चिकित्सकों और स्टाफ का एक दिन का वेतन काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी के संज्ञान में आया कि 30 मार्च 2025 को अपराह्न लगभग दो बजे तनुजा देवी को प्रसव हेतु उनके परिजन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेजम लेकर गए, परन्तु स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स उपस्थित नहीं मिले। इस कारणतनुजा देवी के परिजन उन्हें 108 एंबुलेंस में जिला मुख्यालय हेतु निकले, परन्तु तनुजा देवी की हालत बिगड़ने के कारण 108 एंबुलेंस के कर्मियों द्वारा एंबुलेंस वाहन सड़क किनारे खड़ा करके तनुजा देवी का प्रसव करवाया गया।

यह भी संज्ञानित हुआ कि उक्त तिथि को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेजम में तैनात डा. विवेक कुमार, डा. रविशंकर, दानिश मुनब्बर (फार्मासिस्ट), मीनाक्षी रावत (नर्सिंग अधिकारी), नूतन (नर्सिंग अधिकारी), पवन सिंह (नर्सिंग अधिकारी), पूनम चौहान (एएनएम उप केन्द्र तेजम) एवं राकेश सिंह (स्वच्छक) बिना अवकाश स्वीकृति के अनुपस्थित थे, जो कि कार्यों के प्रति गम्भीर लापवाही है। उक्त लापरवाही हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, तेजम में तैनात उपरोक्त चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ का 30 मार्च 2025 का वेतन रोकते हुए इनके विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के सख्त निर्देश जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए हैं।

### विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकें ही की जाएं लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त निजी विद्यालयों/ सीबीएसई विद्यालयों के प्रबन्धक / प्रधानाचार्य को निर्देशित किया गया कि नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 में एनसीईआरटी की विद्यालयों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित पुस्तकें लागू की जा रही है यदि विद्यालयों में पाठ्यक्रम के अनुरूप आवश्यक होने पर अन्य प्रकाशकों की पुस्तकें लागू की गई है तो उनका मूल्य एनसीईआरटी की पुस्तकों के मूल्य के समान या लगभग इसके बराबर ही हो। इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए कि विद्यालयों द्वारा पुस्तकें / गणवेश हेतु किसी व्यक्ति विशेष क्रेता को निर्धारित न किया जाए। प्रत्येक विद्यालय एक सप्ताह के भीतर उक्त मानक संचालन प्रक्रिया का शतप्रतिशत् अनुपालन किए जाने सम्बन्धी प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। चूंकि प्रकरण छात्रहित से सम्बन्धित है, इसका अनिवार्यत: अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

### मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजनान्तर्गत विद्यालय स्तरीय चयन ट्रायल्स प्रारम्भ


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 हेतु जनपद के आठ से 14 वर्ष तक के प्रतिभावान 150 बालक एवं 150 बालिका इस प्रकार कुल 300 खिलाड़ियों के चयन हेतु जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय स्तरीय चयन ट्रायल्स आज बुधवार से प्रारम्भ हो गए हैं। विद्यालय स्तरीय चयन ट्रायल में प्रत्येक आयु वर्ग में दो बालक एवं दो बालिकाओं का चयन सम्बन्धित विद्यालय के द्वारा किया गया। चयनित बालक एवं बालिका खिलाड़ियों द्वारा चार एवं पांच अप्रैल, 2025 को आयोजित होने वाले न्याय पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका/नगर निगम स्तरीय ट्रायल हेतु प्रतिभाग किया जाएगा।



मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अन्तर्गत विभिन्न शारी. रिक परीक्षाएं 6x10 शटल रन, 30 मी. फ्लाइंग स्टार्ट, फारवर्ड रीच बैण्ड, मेडिसन बॉल पट(01 किग्रा.), 600 मी. दौड़ एवं स्टैण्डिंग ब्राड जम्प के द्वारा खिलाड़ियों का चयन किया गया। जनपद स्तरीय अन्तिम/फाइनल चयन ट्रायल में श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं वरीयता के आधार पर चयनित प्रतिभावान बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को प्रतिमाह रु. 1500/- प्रति खिलाड़ी की दर से छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

### नव नियुक्त राज्य मंत्री बिष्ट का खटीमा में स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पिथौरागढ़ से देहरादून जाते समय भाजपा नेता एवं नव नियुक्त राज्य मंत्री उपाध्यक्ष राज्य खेल परिषद हेमराज बिष्ट के खटीमा पहुंचने पर भाजपाईयों ने स्वागत किया। भाजपाईयों ने कहा कि बिष्ट के राज्य मंत्री बनने से खेल के क्षेत्र में युवाओं को लाभ मिलेगा। हेमराज बिष्ट को कुमाऊं और गढ़वाल दोनों मंडलों में लोग जानते हैं। बिष्ट का पूरा जीवन पर्वतीय और मैदानी क्षेत्र में पार्टी के लिए संघर्ष करते हुए बीता है। स्वागत करने वालों में किसन सिंह किन्ना, भुवन भट्ट्र कपिल सामंत, पूरन धामी, किशन बिष्ट, देवेंद्र चौधरी, हरीश मेहरा आदि थे।

### अवैध खनन की शिकायत पर चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अवैध खनन की शिकायत पर कोसी नदी खनन क्षेत्र का एसडीएम रामनगर राहुल शाह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। टीम में एआरटीओ रामनगर संदीप वर्मा, तहसीलदार रामनगर कुलदीप पांडेय, खनन विभाग, राजस्व विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारी शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा खनन गति. विधियों की बारीकी से निगरानी की गई, वाहनों के परमिट व दस्तावेजों की जांच की गई और पर्यावरणीय दिशा निर्देशों के पालन की स्थिति का अवलो. कन किया गया। इस दौरान अवैध खनन में लिप्त कुल 10 वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें 3 बे कराहा, 4 ट्रक,डंपर और 3 मोटरसाइकिलें शामिल थीं, जो अवैध रूप से खनन क्षेत्र में प्रयोग की जा रही थीं। इसके अतिरिक्त, 21 वाहनों के चालान किए गए जो विभिन्न नियमों का उल्लंघन करते पाए गए।एसडीएम ने कहा कि अवैध खनन व परिवहन गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में भी इस प्रकार की जांच व निगरानी की कार्रवाई जारी रहेगी।

# चितरंजन राहा की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** क्षेत्र के तमाम लोगों ने चित्तरंजन राहा को 19 बीं पुण्यतिथि पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने बंगाली समाज के दिनेशपुर क्षेत्र के उत्थान के लिए किए उनके कार्य को भी याद किया।

बुधवार को राहा निवास पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा स्वर्गीय रहा बंगाली समाज के साथ साथ सभी वर्ग के लिए हमेशा समर्पित रहे। बंगालियों की नागरिकता का सवाल हो या उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने की मांग उन्होंने जीवन भर इसके लिए संघर्ष किया। उन्होंने न सिर्फ अपने समाज बल्कि सभी वर्गों के लिए अतुलनीय कार्य किया वह हमेशा हमारी यादों में बने रहेंगे। बता दे राहा लगातार तीन बार दिनेशपुर के अध्यक्ष रहे थे और कांग्रेस शासन में उन्हें राज्य मंत्री का दर्जा भी दिया गया था। यहां पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, विष्णुपद विश्वास, देवाशीष कुमार, कालीपद विश्वास, अमित राहा, प्रमित राहा, तृप्ति राहा, अनुराधा राहा, अनीता राहा, उर्मिला राहा, हिमांशु सरकार,के के गाबा, अजय राय, अशोक कुमार,डा नारायण हालदार, हरीश कुशवाहा, रामयश, भृगनाथ, हिमांशु मंडल, किशोर हालदार व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**केलाखेड़ा।** केला खेड़ा में वार्ड नंबर 6 फिदा नगर में मुख्यमंत्री हुनर योजना के अंतर्गत स्किल डेवलपमेंट हेतु एक सेंटर का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र में अल्पसंख्यक समाज की 29 महिलाएं ब्यूटीशियन में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं को कुल 150 घंटे का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाली संस्था केबीएन एजुकेशनल एंड सोशल वेलफेयर सोसाइटी के सचिव निजाम अख्तर ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण पूरे जिले में किया जा रहे हैं ,जिसमें उत्तराखंड सरकार का सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के सचिव निजाम अख्तर व मुख्यमंत्री हुनर योजना के सदस्य मोहम्मद हनीफ तथा मोहम्मद ताहिर द्वारा किया गया।

# किसानों की मोटरें चोरी, विधायक ने किया चौकी का घेराव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** कुंडा थाना क्षेत्र के ग्राम हल्दुआ में 12 मार्च से लेकर अब तक 20 दिन में लगभग 14 मोटर चोरी होने पर किसानों ने पुलिस के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान के समक्ष अपनी पीड़ा सुनाई। किसानों से वार्ता के पश्चात विधायक चौहान कोतवाल जगदीश ढकरियाल से वार्ता कर शिवराजपुर पट्टी चौकी पहुं. चने को कहा उसके पश्चात वह भी किसानों के साथ शिवराज पट्टी पहुंचे और चौकी प्रभारी का घेराव किया वहां उन्होंने चोरी हुई मोटरों के विषय में पुलिस की कार्रवाई की जानकारी ली। पुलिस द्वारा विधायक को आश्वासन दिया गया की जल्दी ही मोटर चोर का पता लगा लिया जाएगा।

कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने बताया कि मोटर चोरी का क्षेत्र यूपी से लगा हुआ है जिसके कारण खुलासा होने में समय लग रहा है चोरों को पकड़ने के लिए पूरी टीम लगाई गई है जल्द ही चोर गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

मोटर चोरी होने वाले पीड़ित किसानों में ऋषिपाल सिंह सतनाम सिंह बलजीत सिंह कहां सिंह यशपाल सिंह हरदेव सिंह दर्शन सिंह आदि किसान मौके पर मौजूद रहे।

# सर्पदंश से एक और पीड़िता को मिला नया जीवन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही सांपों का निकलना और सांपों की डसने की घटनाएं शुरू हो गई हैं। मोहल्ला पम्पापुरी निवासी 50 वर्षीय कमला रावत पत्नी उत्तम सिंह रावत को अचानक एक जहरीले सांप ने काट लिया तभी उसे तुरंत सेव द स्नेक सोसायटी के अध्यक्ष व सर्प विशेषज्ञ चंद्रसैन कश्यप के पास ले जाया गया। जिनके द्वारा उनका लगभग तीन घंटे उपचार चलने के उपरांत कमला रावत स्वस्थ हो कर अपने परिजनां के साथ घर वापस लोटी। उन्होंने सर्प विशेषज्ञ चंद्रसेन कश्यप का आभार व्यक्त किया। वही सर्प विशेषज्ञ चद्रंसैन कश्यप ने अपील की है कि गर्मी का मौसम शुरू हो गया है।जिस कारण सांपों का निकलना जारी रहेगा इनसे बचने के लिए अपने घरों व खेतो के समीप कूडा कचरा आदि न डालें व काला फिनाइल का प्रयोग करते रहे। ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे। सांपों को न मारें।सांप दिखने पर तुरन्त वन विभाग और सेव द स्नेक सोसायटी को सूचना दें।

# नवागत प्रधानाचार्य कृष्ण वर्धन जोशी ने ग्रहण किया कार्यभार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** लाला चंभा राम विवेक. ानंद विद्या मंदिर इंटर कॉलेज टनकपुर में पूर्व प्रधानाचार्य राकेश चंद्र पांडे के द्वारा वीआरएस लिए जाने के बाद नवागत प्रधानाचार्य कृष्ण वर्धन जोशी ने कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।

बुधवार को विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान नवागत प्रधानाचार्य का फूल माला एवं शॉल उड़ाकर विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य राकेश चंद पांडे तथा विद्यालय के प्रबंधक दरबान सिंह करायत ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य कृष्ण वर्धन जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय को ऊंचाइयों पर स्थापित करना उनका प्रथम लक्ष्य है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले और बच्चों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। विद्यालय के आचार्य पूरन सिंह बोहरा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर आचार्य सुरेश चंद्र जोशी, संदीप जोशी, मोहन चंद पांडे, नवीन चंद तिवारी, हरीश चन्द्र पांडे, आचार्य किरन बिष्ट, प्रभा पांडे, प्रीति गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# बीमार हाथी की मौत पर विधायक आदेश चौहान ने शोक जताया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** तराई पश्चिम वन विभाग के पतरामपुर रेंज मकोनिया बीट क्षेत्र बगीची में बीती रोज बीमार हाथी की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय विधायक आदेश कुमार चौहान तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने बीमार हाथी के संबंध में डीएफओ से वार्ता कर हाथी का तुरंत इलाज करने की बात कही। जिस पर डीएफओ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए एक डॉक्टर की टीम को हाथी की इलाज हेतु भेजा गया, जिसे मौके पर पहुंचकर हाथी का इलाज करना शुरू कर दिया था।

विधायक चौहान द्वारा लगातार बीमार हाथी की सेहत को लेकर अपडेट लिया जा रहा था। वन क्षेत्र अधिकारी पतरामपुर धर्मानंद कुणाल ने बताया कि इलाज के दौरान कल शाम बीमार हाथी की मृत्यु हो गई जिसके पोस्टमार्टम की तैयारी की जा रही है बीमार हाथी की खबर को सुनकर क्षेत्रीय विधायक चौहान ने शोक जताया और वन विभाग को वन्य जीव प्राणियों की उचित देखभाल करने के निर्देश दिए।

# समय सीमा पूरी होने के बाद तीन किसानों के धान की पौध को रौंदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दिनेशपुर।** समय सीमा पूरी होने के बाद किसानों के खेत में तैयार गर्मी की धान की पौध को गदरपुर तहसील कर्मियों ने टैक्टर से जोत कर नष्ट कर दिया। सरकार के निर्देशों के अनुसार 31 मार्च के बाद अथवा गेहू की फसल कटने के बाद कोई भी किसान गर्मी की धान बुवाई नही कर पाएगा। इसी क्रम में बुधवार को गदरपुर तहसील क्षेत्र के आनंदखेड़ा निवासी बाबु मंडल की एक बीगा, चन्दनगढ निवासी भोला विश्वास समेत बुक्सौरा के एक किसान की लगभग आधा एकड़ धान की पौध पर ट्रैक्टर चलाकर जोत दिया। राजस्व निरिक्षक नरेन्द्र कुमार ने बताया कि 31 मार्च तक किसानों को धान लगाने की सशर्त अनुमति दी गई थी। जिसके बाद जिन किसानों के पौधे रह गए है उनको तहसील प्रशासन की अनुमति से नष्ट किया जा रहा है।



# क्रशर सीज़ करने के आदेश पर रोक

## विनोद डोभाल की याचिका पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगर पालिकाध्यक्ष बडकोट विनोद डोभाल के तहसील बड़कोट के कोटियाल गांव में चल रहे स्टोन क्रेशर को सीज कर जुर्माना लगाने के प्रशासन के आदेश पर रोक लगा दी है। मामले के अनुसार उपजिलाधिकारी बड़कोट तथा जिला खनन अधिकारी उत्तरक. ाशी तथा राजस्व अधिकारियों व पुरोला थाने की पुलिस टीम ने 27 फरवरी 2025 को विनोद डोभाल के मैसर्स अस्तित्व अनन्तराज इंटरप्राइजेज में छापा मारा। इस टीम ने मौके पर अवैध खनन व भंडारण होना पाते हुए स्टोन क्रशर को बंद करने के निर्देश देते हुए 17. 50 लाख का जुर्माना लगाया था। यह स्टोन क्रशर यमुना नदी के किनारे कोटियाल गांव के जटा नामे तोक में स्थापित है। प्रशासन के इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए विनोद डोभाल की ओर से कहा गया है कि वे बड़कोट नगर पालिका के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं और राजनीतिक विद्वेष की भावना के कारण उनके स्टोन क्रशर को सीज किया गया है। प्रशासन ने इससे पहले भी उनके स्टोन क्रशर के खिलाफ कार्यवाही की है और करीब 13 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने याचिका की सुनवाई के बाद उक्त स्टोन क्रशर को सीज करने व जुर्माना लगाने के प्रशासन के आदेश पर रोक लगाते हुए सरकार को जबाव देने के निर्देश दिए हैं।

# भूपेन्द्र कुमार का दिल्ली ट्रांसफर सही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** हाईकोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम के उप महाप्रबंधक (वित्त) भूपेंद्र कुमार का आईएसबीटी दिल्ली स्थानांतरण किये जाने को सही ठहराया है। अदालत ने सरकार को आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को जांच की सुनवाई में भाग लेने की पूरी सुविधा दी जाए और उन्हें भत्ते भी प्रदान किए जाएं। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के संज्ञान में लाया गया कि शीघ्र जांच करने के सम्बंध में पहले दिए गए आदेश का विभाग ने अवहेलना की है इसलिए अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जांच तीन महीने के भीतर पूरी की जाए अन्यथा अदालत स्वत: संज्ञान लेकर अवमानना की कार्यवाही शुरू करेगी। कोर्ट के इस आदेश की प्रति तुरंत राज्य सरकार और निगम को ईमेल के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया है। मामले के अनुसार उप महाप्रबंधक (वित्त) भूपेंद्र कुमार ने अपने स्थान्तरण आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है । मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश जी नरेंदर और न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में हुई । याचिकाकर्ता के अनुसार उस का स्थानांतरण दिल्ली के इंटरस्टेट बस टर्मिनल आईएसबीटी में किया गया है जबकि वह राज्य सडक परिवहन निगम के कर्मचारी हैं और उन्हें राज्य से बाहर स्थानांतरित नहीं किया जा सकता हालांकि याचिकाकर्ता के ने यह स्वीकार किया कि निगम का दिल्ली में भी कार्यालय है और याचिकाकर्ता के खिलाफ एक जांच शुरू की गई है जबकि परिवहन निगम की ओर से बताया गया कि याचिकाकर्ता पर वित्तीय अनियमित. ताओं के गंभीर आरोप हैं। आरोप है कि उन्होंने निगम के वेंडरों से प्राप्त धनराशि को निगम के खाते में जमा नहीं किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता पर लगे आरोप गंभीर हैं इसलिए उन्हें डिप्टी जनरल मैनेजर (वित्त) के पद से हटाने में कोई त्रुटि नहीं है चूंकि आईएसबीटी दिल्ली का कार्यालय भी निगम का ही कार्यालय है इसलिए उनका स्थानांतरण भी गलत नहीं माना जा सकता।

# ऋषिकेश में अवैध निर्माण पर गढ़वाल कमिश्नर हाईकोर्ट तलब

## उच्च न्यायालय में मामले पर अगली सुनवाई पांच अप्रैल को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के ऋषिकेश में किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक कुमार मेहरा की खण्डपीठ ने कमिश्नर गढ़वाल से 5 अप्रैल शनिवार को कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। कोर्ट ने उनसे यह भी बताने को कहा कि किस तरह से एमडीडीए अवैध निर्माण कार्यो को कम्पाउंड कर रहा है जबकि अवैध निर्माण कार्यो कम्पाउंड नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई हेतु 5 अप्रैल शनिवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार ऋषिकेश निवासी पंकज अग्रवाल व अन्य ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर कहा है कि देहरादून के ऋषिकेश में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत जाकर कुछ लोगों द्वारा अवैध निर्माण किए जा रहे है। जिसपर कार्यवाही करते हुए मंसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण ने कार्यवाही करते हुए उन्हें शील कर दिया लेकिन कुछ समय बाद विकास प्राधिकरण के एई ने उक्त सीलिंग से प्रतिबंध हटाकर अवैध निर्माण को कम्पाउंड करते हुए मानचित्र स्वीकृत कर दिया। याचिकाकर्ता का कहना है कि अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जाए ताकि पर्यावरण को बचाया जा सके। याचिका में आगे यह भी कहा गया है कि अवैध निर्माण का कार्य ऋषिकेश में ही नहीं देहरादून मंसूरी में भी चल रहा है लेकिन कमिश्नर गढ़वाल के रोक के बाद भी निचले स्तर के अधिकारी कमिश्नर के आदेश का अनदेखी करके अवैध निर्माण कार्यो को बढ़ावा देकर उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर अवैध निर्माण कार्यो को कम्पाउंड कर रहे हैं इसलिए इस अधिकारी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए।

## नाबालिग की जबरन शादी कराई, गर्भवती निकली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नेपाली मूल की 15 वर्षीय एक नाबालिग लड़की की जबरन शादी करवा दी गई। अस्पताल में जांच को पहुंचने पर नाबालिग गर्भवती निकली, जिसे सुन परिजनों के होश उड़ गए। डाक्टरों ने जांच करने के बाद बताया कि शादीशुदा नाबालिग लड़की 9 महीने की गर्भवती है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, 15 साल की नाबालिग शादीशुदा जिला अस्पताल पहुंची। डा. गायत्री पांगती ने बताया की नाबालिग शादीशुदा है। वह नौ महीने की गर्भवती है। डा. गायत्री पांगती ने गर्भवती के नाबालिग होने पर इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी है। पुलिस जांच में गर्भवती के नाबालिग होने की पुष्टि हुई है। बताया जा रहा है की दोनों ही नेपाली मूल के हैं। दो साल पहले दोनों की शादी हुई है तब से दोनों बागेश्वर में ही रह रहे हैं। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# क्या जवाब देने से बच रहे अधिकारी!

## हल्द्वानी मेयर चुनाव में मतपत्रों की गड़बड़ी के आरोपों पर दाखिल नहीं हुआ जवाब कांग्रेस प्रत्याशी की याचिका पर अगली सुनवाई अब 17 अप्रैल को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हाल ही में हुए मेयर चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी ललित जोशी ने चुनाव प्रक्रिया और मतगणना में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए



अपनी हार को चुनौती दी गयी थी, जिसका तीन सुनवाई होने के बाद भी सम्बंधित अधिकारियों द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने नैनीताल जिला एवं सत्र न्यायधीश तथा चुनाव ट्रिब्यूनल सुबीर कुमार की अदालत में 6 फरवरी को याचिका दायर की थी। याचिका में ललित जोशी ने कहा कि चुनाव में मतपेटियों में भारी गड़बड़ी हुई, जिसमें कई मतपेटियों में कम और ज्यादा वोटों का अंतर हजारों में पाया गया। इसके अलावा, मतगणना में हजारों मत रद्द हुए और कई मतपेटियों में मतों की संख्या में विचित्र वृद्धि अथवा कमी पाई गई। याचिका में उठाए गए मुद्दों में खासतौर पर कमरा नं. 288, 245 आदि सहित कई कमरों की मतपेटियां शामिल हैं, जिनमें मतों के अंतर में भारी विसंगति पाई गई। कांग्रेस के प्रत्याशी ने यह भी बताया कि उनकी हार का अंतर बेहद मामूली था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मतगणना प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी के कारण चुनाव के परिणाम प्रभावित हुए। ललित जोशी ने यह भी आरोप लगाया है कि उनके चुनावी परिणाम को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर मतों में हेरफेर की गयी है। इस मामले में अदालत में अब तक तीन बार सुनवाई हो चुकी है। पहली तारीख 18 फरवरी, दूसरी तारीख 17 मार्च और तीसरी तारीख 1 अप्रैल को निर्धारित की गई थी। हालांकि, हैरान करने वाली बात यह है कि इन तीनों तारीखों पर संबंधित अधिकारियों ने अदालत में कोई जवाब नहीं दाखिल किया है। अधिकारी न्यायालय में दायर याचिका की कॉपी न मिलने का हवाला देकर मामले को लटकाने का प्रयास कर रहे हैं, जो अधिकारियों की लापरवाही को उजागर करता है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 अप्रैल 2025 को निर्धारित की गई है। यह देखना दिलचस्प होगा कि इस तारीख पर शहरी विकास विभाग और संबंधित अधिकारी ललित जोशी की याचिका पर क्या जवाब पेश करते हैं और अदालत में आरोपों पर उनका पक्ष क्या होता है।

# पैरालॉन बॉल चैंपियनशिप में प्रीति गोस्वामी ने जीते कांस्य पदक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** प्रीति गोस्वामी जो हाईकोर्ट में एक प्रैक्टिसिंग वकील हैं और लेफ्टिनेंट कर्नल जीजी गोस्वामी की बेटी हैं जो रानीखेत के पाखुरा गांव से हैं ने 27 तथा 28 मार्च 2025 को आयोजित प्रथम पैरालॉन बॉल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में सिंगल्स और मिक्स्ड डबल्स श्रेणी में दो कांस्य पदक जीते। मिक्स्ड डबल्स में उन्होंने रुद्रपुर के शरद जोशी के साथ जोड़ी बनाई। यह चैम्पियनशिप दिल्ली के यमुनापार स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी। इसका आयोजन पैरालॉन बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था। सचिव फरोज खान ने इस कार्यक्रम के सफ ल आयोजन के लिए कड़ी मेहनत की। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह विधायक भाजपा थे। पूरे भारत से टीमें आई थीं और उत्तराखंड से 35 पैरा एथलीटों ने भाग लिया जिसमें उत्तराखंड ने लगभग 18 पदक जीते। हाल ही में 27 मार्च को प्रीति को उत्तराखंड के मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति गुहनाथन नरेंद्र और उत्तराखंड बार काउंसिल के अन्य सम्मानित न्यायधीशों और सदस्यों द्वारा पैरालंपिक खेलों में उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। प्रीति एक राष्ट्रीय स्तर की पैरास्विमर भी हैं उन्होंने मोटर स्पोर्ट्स रैली जीती है और तुली रौतेली पुरस्कार तथा दक्श दिव्यांग पुरस्कार जैसे कई पुरस्कार भी जीते हैं।

## गर्मी ने दी दस्तक, प्याऊ बदहाल

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी दस्तक देने लगी है। यहां नगर पालिका क्षेत्र में लगे प्याऊ बदहाल हो गए हैं। इसमें लगे बिजली के कनेक्शन टूट गए हैं। साथ ही गंदगी का भी अंबार लगा हुआ है। लोगों ने पालिका से जल्द इन्हें ठीक करने की मांग की है। बता दें कि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत गर्मी में प्यास बुझाने के लिए जगह जगह पर प्याऊ लगे हुए है। जिसमें से अधिकांश बदहाल की स्थिति में है। जिनमें गंदगी के साथ ही विद्युत कनेक्शन टूटे हुए है। हालाकि बिजली के तारों को बंदरों द्वारा अधिक नुकसान पहुंचाया गया है। वही दूसरी ओर कई प्लाऊ में टोटी टूटी हुई है। जिसमें नवरत पानी बहता रहता है। तो कई सूखे पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने पालिका से जल्द सभी की मरमत कर उनमें पेयजल भरने की मांग की है।

# रेलिंग गायब होने की नहीं हुई जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर पालिका से लाखों की निष्प्रयोज्य रैंलिग गायब होने का मामला सामने आया था जिस पर पहली बोर्ड बैठक में मामले की जांच की मांग की गई थी जिस पर अधिशासी अधिकारी ने जांच का आश्वासन दिया था लेकिन जांच



पूरी नहीं होने पर बुधवार को तीन सभासद पालिका दफ्तर में सांकेतिक धरने पर बैठ गए। पालिका के सभासद भगवत सिंह रावत ने कहा कि पूर्व पालिका बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने के बाद के दौरान पालिका ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों से पुरानी रैलिंग निकाली थी लेकिन पालिका में उनका कोई रिकॉर्ड तक नहीं है जबकी वे सभी रैलिंग बेच दी गई है। इसको लेकर पहली बोर्ड बैठक में मामले की जांच की मांग की गई थी। अधिशाषी अधिकारी ने एक माह के भीतर जांच का आश्वा. सन दिया था लेकिन अभी तक जांच पूरी नहीं हो सकी है,जिसको लेकर पालि. का के तीन सभासद सांकेतिक धरने पर बैठे हैं। कहा कि अगर शीघ्र ही जांच पूरी नहीं हुई तो वह आंदोलन तेज करने के लिए मजबूर होंगे। इस दौरान सभासद जितेंद्र कुमार पांडे व सुरेन्द्र कुमार मौजूद रहे।

# नैनीताल में चिंतन शिविर 25 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** मसूरी के बाद अब नैनीताल में आगामी 25 से 27 अप्रैल तक चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विशेषज्ञों के साथ ही नीति आयोग के प्रतिनिधि/ निवेशक/ प्रशासनिक अधिकारी आदि प्रतिभाग करेंगे। चिंतन शिविर के आयोजन की पूर्व तैयारी को लेकर बुधवार को सूबे के प्रमुख सचिव (नियोजन विभाग उत्तराखण्ड शासन) आर मीनाक्षी सुंदरम ने नैनीताल पहुंचकर आयोजन के पूर्व तैयारियां एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इससे पूर्व प्रमुख सचिव ने डाक्टर आर एस टोलिया प्रशासनिक अकादमी नैनीताल पहुंचकर अधिकारियों के साथ बैठक कर आयोजन के संबंध में विभिन जानकारी लेते हुए आवश्यक तैयारियों के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान प्रमुख सचिव ने एटीआई के महानिदेशक डाक्टर बीपी पाण्डे के साथ भी बैठक कर आयोजन के संबंध में विचार विर्मश किया साथ ही उन्होंने चिंतन शिविर के आयोजन को लेकर प्रशासनिक अकादमी परिसर व विभिन्न ब्लॉकों का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने हेतु सरकार निरंतर रूप से कार्य कर रही है। सरकार उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने हेतु किसी भी प्रकार से कोई कोर कसर छोडना नहीं चाहती। प्रदेश का विकास किस प्रकार से हो इसी को देखते हुए दो वर्ष पूर्व देहरादून के मसूरी में चिंतन शि. विर का आयोजन किया गया था अब यह चिंतन शिविर नैनीताल में आयोजित किया जा रहा है। चिंतन शिविर में उत्तराखण्ड में आधारभूत संचरना में किस प्रकार से वृद्धि की जा सके तथा राज्य अधिक से अधिक लोग अपना निवेश किस प्रकार से कर सकें तथा यहाँ के लोगों की आजीविका को बढ़ाने व साधन बढाने जाने हेतु किस प्रकार की रणनीति तैयार की जाए इस पर विचार विमर्श व मंथन के साथ ही राज्य में सुशासन लाने के लिए किस प्रकार की रणनीति तैयार की जाय इन थीम पर शिविर में मंथन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी वदंना सिंह समेत निदेशक नियोजन उत्तराखंड मनोज पंत मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डे अपर जिला. धिकारी पीआर चौहान तथा विवेक राय के साथ ही सचिव जिला विकास प्राधिकरण विजयनाथ शुक्ल तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल व उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## गौरव ने पास की गेट परीक्षा

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोध छात्र गौरव प्रसाद सती ने गेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। बता दें कि गौरव ने इससे पहले यू सेट की परीक्षा में भी सफ लता हासिल की है। गौरव सती वर्तमान में विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर ललित तिवारी तथा यूसेक देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डाक्टर गजेंद्र सिंह के निर्देशन में शोध कर रहे हैं। गौरव ने एमएससी की परीक्षा गोपेश्वर महाविद्यालय से पूर्ण किया। उनकी सफलता पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संजय पंत तथा कूटा की तरफ से प्रो. ललित तिवारी तथा डा. नीलू लो. धियाल डा. दीपक कुमार कूटा के महासचिव डा. विजय कुमार तथा डा. संतोष कुमार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## एक नजर

### रामगढ़ में ग्रामीणों का नौ सूत्रीय मांगों पर प्रदर्शन

**धारी।** विकासखंड रामगढ़ के ग्रामीणों ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। रामगढ़ विकास संघर्ष समिति के संयोजक गणेश आर्या ने बताया कि ग्रामीण लंबे समय से इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, जिनमें 2016 में स्वीकृत रामगढ़ उप तहसील की शीघ्र स्थापना, हरिनगर भूमि पर मालिकाना हक, जल जीवन मिशन की गुणवत्ता जांच, दैवीय आपदा प्रभावित परिवारों को मुआवजा, मंडी और कोल्ड स्टोर की मांग, वन पंचायतों की जमीनों पर बाहरी कब्जे की जांच, सड़कों का निर्माण और जीर्णोद्धार शामिल हैं। समिति ने खंड विकास अधिकारी रामगढ़ शुभम अग्रवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। समस्याओं का समाधान न होने पर 8 अप्रैल से धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर गणेश आर्या, पुष्कर सिंह नयाल, प्रकाश प्रेम पथिक, देवेंद्र मेर, केशव राम, सुरेन्द्र सिंह, कैलाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन बुधवार को 271वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में स्लोगन-देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए-पौधारोपण स्वच्छता कार्यक्रम से जुड़ते हुए पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत कोलकाता से आए पर्यटकों गौतम मुखर्जी तथा रीना मुखर्जी व डा. नीलिमा सरकार ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ पर्यावरण संरक्षण के तहत किए गए कार्यो को दर्शाता है जिसके तहत यहां पर हरियाली है और इसी हरियाली और हिमालय को देने के लिए पर्यटक यहां पर आते हैं।

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार चोटिल

**नैनीताल।** भवाली रोड में भवाली से नैनीताल को आती पर्यटकों की एक कार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से स्कूटी सवार चोटिल हो गया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो कार चालक को रोक लिया। जानकारी के अनुसार भवाली निवासी भवान सिंह अपनी स्कूटी यूके 04 एएल 2119 से भवाली को जा रहा था। इस दौरान भवाली से आती पर्यटकों की अल्टो कार यूपी 25 बीबी 7898 से जोखिया के समीप स्कूटी को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल हो गया । जिसके बाद स्कूटी सवार ने पुलिस को सूचित कर दिया। पुलिस ने कार चालक को डांठ चौराहे पर रोक लिया। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि मामले में स्कूटी की मरम्मत कराने व स्कूटी स्वामी की ओर से कोई कार्रवाई नहीं चाहने के बाद पर्यटक को छोड़ दिया।

### बाइक रोकने पर पुलिस से भिड़ा युवक

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित बारापत्थर क्षेत्र में यूपी संख्या की बाइक को पुलिस की ओर से रोकने पर युवक पुलिस से भिड़ गया। बिना डीएल बाइक से नैनीताल पहुंचे युवक की बाइक सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम को बारापत्थर क्षेत्र में पुलिस बाहरी दो पहियां वाहनों को शहर में आने से रोक रही थी। इस दौरान यूपी 21 डीएच 8564 नम्बर की बाइक को पुलिस ने हाथ देकर रोक लिया। जब पुलिस ने युवक से शहर में बाहरी बाइकों की एंट्री में बैन होने की बात कही। लेकिन युवक पुलिस से जाने की जिद करते हुए वीडियो बनाने लगा। जब पुलिस ने युवक से बाइक के दस्तावेज दिखाने की बात कही तो युवक के पास डीएल ही नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने बाइक अपने कब्जे में ले ली।

### दुगनाकुरी के गांवों में जानवरों का आतंक

**बागेश्वर।** दुग नाकुरी तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जंगली जानवरों का आतंक जोरों पर है। ग्रामीण रात भर थाली, कनस्तर, बजाकर जानवरों को भगा रहे है। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग से जंगली जानवरों का स्थाई समाधान करने की मांग की है। तहसील के ग्राम सभा जारती, पपोला, उडियार, रीमा, किरौली, सुरकाली गांव, करोली सहित अन्य गांव में जंगली सुअर व बंदरो का आतंक बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में गेहूं, मसूर, सब्जी आदि की फसल तैयार हो रही है। लेकिन जंगली जानवर आकर नष्ट कर रहे है। वे जंगली जानवरों से बचते बचाते रात भर पहरा दे रहे है। उन्होंने वन विभाग से जंगली जानवरों के स्थाई समाधान के लिए अपील की है।

### नियम तोड़ने पर 6 वाहन सीज़ किए

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस ने 6 वाहन सीज किये हैं जिसमें चार टैक्सी व दो स्कूटी बाहन शामिल हैं। जानकारी के अनुसार तल्लीताल क्षेत्र में बुधवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने व यातायात को बाधित करने पर पुलिस की ओर से जमकर कार्रवाई की गई। तल्लीताल में कार सड़क किनारे पार्क करने तथा माल रोड पर गलत दिशा में कार दौड़ाने तथा चलती कार में मोबाइल पर बात करने व ओवरलोडिंग पर चार टैक्सी कार संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वाहन सीज किए गए वहीं बिना डीएल किराए पर देने पर दो स्कूटी सीज की गई।

# संस्कृति को बढ़ावा देने की जरूरत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार सभागार में हिंदू नव वर्ष के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज पूरा विश्व भारतीय सनातन धर्म को ग्रहण कर रहा है। ऐसे में हमें अपनी संस्कृति को बढ़ावा देने के अधिक प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है। अधिवक्ताओं ने कहा हिंदू नव वर्ष प्रकृति में बदलाव को दर्शाता है। उसी के अनुसार प्रकृति में ऋतुएं आती है जबकि अंग्रेजी कलेंडर में किसी तरह की ऋतुओं के बदलाव के संकेत नहीं मिले हैं। हिंद. ुओं का नया साल लागू होने के साथ साथ प्रकृति भी अपना नया साल धारण करती है। प्रकृति भी अपने को नए रूप में अपना श्रृंगार करती है। वह भी अपना बीते कल को भूलकर नया रूप में आती है। इस अवसर पर अधिवक्ता संजय भट्ट ने विचार व्यद्र करते हुए कहा कि काल की गणना हम नहीं करते हैं यह सूर्य व चंद्रमा की गति के अनुसार होता है क्योंकि सूर्य तथा चंद्रमा व पृथ्वी की गति के अनुसार ही तय होता है उसी के अनुसार हिन्दू नव सम्वत्सर लागू होता है। यह एक अवधारणा ही नहीं एक वैज्ञानिक तथ्य है जिसका एक उदारहण मकर सक्रांति है। वरिष्ठ अधिवक्ता जीएस संधू ने कहा हिदू नव वर्ष हमें अपनी मूल संस्कृति की ओर जाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जितना प्रकृति से जुड़ा है उतना कोई देश प्रकृति प्रेमी नहीं है यही वजह है कि आज पूरा विश्व आशा की नजर से भारत की ओर देख रहा है। 5 से 6 सौ साल पहले अंग्रेजी कलेंडर 10 माह का होता था लेकिन भारतीयों ने उन्हें सीखा दिया कि प्रकृति के 12 रूप हैं हर महीने की एक अलग कहानी है। उसी के अनुरूप प्रकृति अपना स्वरूप बदलती है। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत व समापन अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डीसीएस रावत तथा पूर्व महासचिव सौरभ अधिकारी समेत भुवनेश जोशी, सैयद नदीम मून, सुखवानी सिंह, पूर्व अध्यक्ष एमसी पंत तथा विजय सिंह, वीपी बहुगुणा, डीके जोशी, शीतल सेलवाल, निरंजन भट्ट, केतन, सूरज पांडे, दीप जोशी, ममता आर्या व जय वर्धन कांडपाल, हरेंद्र रावल, सीएम साह, राजेश जोशी तथा अमित कापड़ी, रविन्द्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## बॉब के नए एमडी बने सुशील कुमार

**नैनीताल।** नैनीताल बैंक के प्रायोजक बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से सुशील कुमार को नैनीताल बैंक का अगला प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। नैनीताल बैंक के मानव संसाधन व मार्केटिंग के हेड हेमंत कुमार खुल्बे ने बताया कि आवश्यक अनुमोदन प्राप्त होने के बाद वह औपचारिक रूप से अपने पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। बैंक के वर्तमान प्रबंध निदेशक निखिल मोहन का कार्यकाल समाप्त होने के बाद यह पद सुशील कुमार को सौंपा जाएगा। कहा कि सुशील कुमार बैंकिंग क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखते हैं और उन्होंने कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उनकी नियुक्ति से बैंक को मजबूत नेतृत्व मिलने की उम्मीद है जिससे ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# धोखाधड़ी का आरोपी दबोचा


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रहलाद नारायण मीणा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक वारंटियों तथा वांछित अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी किये जाने हेतु सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में डाक्टर जगदीश चंद्रा पुलिस अधीक्षक अपराध एवं यातायात के दिशा निर्देशन में प्रमोद शाह क्षेत्राधिकारी नैनीताल के पर्यवेक्षण में रमेश बोहरा थानाध्यक्ष तल्लीताल के नेतृत्व में थाना हाजा पर पंजीकृत 16/2025 धारा 318(4) बनाम अज्ञात में लाल परमानंद दुर्गा प्रसाद साह धर्मशाला नैनीताल की फर्जी साइट बनकर ग्राहकों से ऑनलाइन कमरे बुकिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले अभियुक्त इंसाफ पुत्र शरीफ निवासी दौलतपुर थाना गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश को राजस्थान उत्तर प्रदेश की सीमा से गिरफ्तार किया जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कराकर न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार नैनीताल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रमेश सिंह बोहरा तथा उप निरीक्षक सतीश उपाध्याय समेत सुनील कुमार तथा अनूप सिंह व पुष्कर रौतेला शामिल थे। दूसरी ओर थाना तल्लीताल ने एक वारंटी युनुस पुत्र यूसुफ निवासी अल्लीखा बसफोड़ान थाना काशीपुर उम्र 60 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायालय नैनीताल के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसओ रमेश सिंह बोहरा समेत श्याम सिंह बोरा तथा धर्मेंद्र साहनी शामिल थे।

## धर्ममय भक्ति में ईर्ष्या, द्वेष का कोई स्थान नहीं: वसंत विजयानंद गिरी महाराज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमबीपीजी कॉलेज ग्राउंड में चल रहे 14 दिवसीय श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा यज्ञ पूजा महोत्सव के चौथे दिन, पूज्यपाद जगद्गुरु वसंत विजयानंद गिरी जी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म की महिमा और जीवन की



सही दिशा के बारे में उपदेश दिया। उन्होंने कहा कि धर्म सिखाना और समझाना ही साधु का धर्म है और यह भी कि धर्म में ईर्ष्या, द्वेष और निंदा का कोई स्थान नहीं है। अपने प्रवचन में जगद्गुरु जी ने यह भी कहा कि चंद्रमा की शीतलता और तेजस्विता के लिए सूर्य से प्रकाश और उज्जवल भविष्य की श्रेष्ठता केवल गुरुकृपा से ही संभव है। उत्तराखंड को संतों और महापुरुषों की कर्मभूमि बताते हुए उन्होंने कहा कि यह पावन भूमि व्यक्ति को गौरवान्वित होने का एहसास कराती है। उन्होंने बताया कि सांसारिक सुख और समृद्धि के लिए व्यक्ति को अपनी सांस, शरीर और जीवन को स्थिर रखते हुए साधना करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष समरपाल चौधरी, हेमंत पांडे, प्रमोद पांडे, पंकज पांडे, नरेश साजवानी, विजय चौधरी, महेश खुल्बे, रमेश कांडपाल, संदीप बिनवाल, हेमा पांडे, स्वाति पांडे, यतिन पांडे, भुवन जोशी, धर्मेंद्र पांडे, छितिज पांडे, करन चौधरी आदि ने सहयोग किया।


# दूर की जाएं गोल्डन कार्ड की कमियां

## पेंशनर्स ने सीएम व स्वास्थ्य मंत्री को ज्ञापन भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन ने बुधवार को मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई को सौंपा। इस ज्ञापन में संगठन ने गोल्डन कार्ड की कमियों को दूर करने, पेंशनर्स की लंबित 20 सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग की।

आर्गनाइजेशन की प्रांतीय कार्यकारिणी के आहवान पर दो दर्जन से अधिक प्रतिनिधियों ने तहसील परिसर में जाकर नगर मजिस्ट्रेट से मुलाकात की। ज्ञापन में सरकार को एक माह का समय दिया गया और चेतावनी दी गई कि यदि एक महीने के भीतर मांगें नहीं मानी गईं तो समूचा पेंशनर्स समुदाय आंदोलन



करने पर मजबूर होगा। 20 सूत्रीय प्रमुख मांगों में गोल्डन कार्ड धारकों को नि:शुल्क ओपीडी सुविधा, गोल्डन कार्ड अंशदान में 50 फीसदी कटौती, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता, और पेंशन में बढ़ोतरी जैसी मांगें शामिल हैं। इसके अलावा, पेंशनर्स से जुड़े अन्य वित्तीय लाभों और अधिकारों को शीघ्र लागू करने की भी मांग की गई है। नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने आश्वस्त किया कि ज्ञापन को सरकार को अग्रसारित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर आर्गनाइजेशन के प्रांतीय संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह गौनियां, पेंशनर्स एक्टिव टीम के संयोजक रमेश चंद्र पांडे, शाखा अध्यक्ष लीलाधर पांडे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एनसी जोशी, उपाध्यक्ष वीके मिश्रा, महासचिव विजय तिवारी उपस्थित थे।

## टीएमएच की टीम विजयी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** ब्लू डायमंड क्लब टूर्नामेंट 2025 के तहत बुधवार को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। बता दें कि पहला मुकाबला झील पार नैनीताल बनाम टीएमएच एनवाईएस के बीच खेला गया। झील पार नैनीताल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने सभी विकेट खोकर 90 रन बनाए। जवाब में टीएमएच एनवाईएस की टीम ने 11 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल किया जबकि दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला फास्ट आयारपाटा बनाम सिग्नेचर वी विहान के बीच खेला गया जिसमें सिग्नेचर वी विहान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया और 202 रन पांच विकेट के नुकसान पर बनाए जवाब में फास्ट आयारपाटा की टीम 120 रन ही बना सकी। आयोजक मंडल ने बताया कि गुरुवार (आज) को दो क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

# केकेआर और हैदराबाद की नजर जीत पर

कोलकाता, वार्ता।

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे, जिसमें दोनों टीमें जीत के साथ फॉर्म में वापसी करना चाहेंगी। इस सीजन केकेआर की बल्लेबाजी एक बड़ी चिता का विषय रही है, जिसमें उनका मध्य क्रम विफल रहा है।

क्विंटन डी कॉक एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, जबकि सुनील नरेन अभी भी सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका के साथ तालमेल बिठा रहे हैं। वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह और आंद्रे रसेल प्रभावशाली पारी खेलने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मुंबई इंडियंस के खिलाफ टीम की हालिया हार, जहां वे सिर्फ 116 रन पर ढेर हो गए, ने उनकी कमजोरियों को और उजागर कर दिया है। दूसरी ओर, एसआरएच के पास एक शक्तिशाली बल्लेबाजी इकाई है जो कुछ ही ओवरों में खेल को अपने कब्जे में ले सकती है। हालांकि, पिछले दो मैचों में उनके आक्रामक रवैये ने उलटा असर दिखाया है। ट्रेविस हेड और

**लियम लिविंगस्टन 54 रन बनाकर आउट सिराज को 3 विकेट मिले**

अभिषेक शर्मा की भूमिका इस मैच में महत्वपूर्ण होगी, जबकि हेनरिक क्लासेन और अनिकेत वर्मा ने मध्य और निचले क्रम में तेजी लाने की अपनी क्षमता दिखा चुके है। एसआरएच आईपीएल 2024 के फाइनल में केकेआर से अपनी दिल तोड़ने वाली हार के बाद हिसाब चुकता करने के लिए उत्सुक होगा।

उस हार की याद पैट कमिंस की टीम के लिए अतिरिक्त प्रेरणा का काम करेगी, जो शुरू से ही मैच पर हावी होने की कोशिश करेगी। अपनी बल्लेबाजी की समस्याओं के बावजूद, केकेआर का गेंदबाजी आक्रमण एक मजबूत पक्ष बना हुआ है। सुनील नरेन और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में महत्वपूर्ण होंगे। ईडन गार्डन्स में नरेन का रिकॉर्ड 6-33 की इकॉनमी से 60 मैचों में 71 विकेट उन्हें एक दुर्जेय खतरा बनाता है। स्पेंसर जॉनसन, वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा की तेज गेंदबाजी तिकड़ी ने भी विपक्षी बल्लेबाजों को रोकने में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि एसआरएच की बल्लेबाजी उनकी सबसे बड़ी ताकत रही है, उनके गेंदबाजी आक्रमण में निरंतरता के लिए संघर्ष करना पड़ा है।

मोहम्मद शमी और पैट कमिंस को केकेआर के बल्लेबाजों को रन बनाने से रोकने के लिए जल्दी ही अपनी लय हासिल करनी होगी। पिछले मैच में प्रभावित करने वाले युवा लेग स्पिनर जीशान अंसारी ईडन गार्डन्स की पिच पर अहम खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

हर्शल पटेल एकमात्र लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं, जिन्होंने डेथ ओवरों में अपनी विविधता का प्रभावी ढंग से इस्तेमाल किया है। ईडन गार्डन्स में पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों को तरजीह मिलती है, जहां पहली पारी में औसत स्कोर 167 रन रहा है। हालांकि, हाल के उच्च स्कोर वाले मैचों से पता चलता है कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को 190-200 के बीच स्कोर बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। छोटी बाउंड्री पावर हिटर्स के लिए अतिरिक्त लाभ प्रदान करती हैं। बारिश की रुकावट के बिना मौसम गर्म रहने की उम्मीद है।

दोनों टीमें जीत के लिए बेताब हैं, इसलिए मुकाबला काफ़ी करीबी होने की उम्मीद है। अगर केकेआर हेड, अभिषेक शर्मा और क्लासेन को जल्दी रोक लेता है, तो उनके पास वापसी करने का एक अच्छा मौका है।

हालांकि, अगर एसआरएच की बल्लेबाज़ी लय में आ जाती है, तो वे जीत सकते हैं। एसआरएच का संभावित एकादश: ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन, नितीश कुमार रेढी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अनिक.ेत वर्मा, अभिनव मनोहर, पैट कमिस (कप्तान), जीशान अंसारी, हर्षल पटेल, मोहम्मद शमी इम्पैक्ट प्लेयर: एडम ज़म्पा/वियान मुल्डर केकेआर का संभावित एकादश: क्विटन डी कॉक (विकेटकीपर), सुनील नरेन, अजिक्य रहाणे (कप्तान), वेंकटेश अय्यर, रिकू सिंह, आंद्रे रसेल, रमनदीप सिंह, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती इम्पैक्ट प्लेयर: अंगकृष रघुवंशी।


## कार्यालय नगर निगम रूड़की, जिला हरिद्वार (उत्तराखण्ड)

पत्रांक : 09/स्वा0अनु0/निविदा सूचना/कैन्टीन/2025-26 — दिनांक 02/04/2025

" निविदा सूचना "

नगर निगम रूडकी वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर निगम रूडकी के पंजीकृत ठेकेदारों तथा अनुभवी कैन्टीन संचालकों से नगर निगम परिसर में एक कैन्टीन संचालन हेतु निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है :-

| कम सं0 | कार्य का नाम | निविदा जमा करने की तिथि व समय | निविदा खोले जाने की तिथि व समय | निविदा विक्रय की तिथि एवं दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जलपान कैन्टीन संचालन | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 05:00 बजे तक। | दिनांक 16.04.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक। | नगर निगम रूडकी द्वारा कैन्टीन संचालन कार्य की निविदा प्रपत्रो का विक्रय दिनांक 15.04.2025 की शाम 05:00 बजे तक निगम कार्यालय के स्वास्थ्य/निर्वाचन अनुभाग से किया जायेगा। |

निविदा सूचना का विस्तृत विवरण तथा कार्य सम्बन्धित सूचना निगम वैबसाइट www.nagarnigamroorkee.org पर प्राप्त किये जा सकते है। आमन्त्रित निविदाओं को उपरोक्त विवरण के अनुसार नगर निगम रूडकी के सभागार में निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। निविदा हेतु धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0/बी0जी0/डी0डी0/सी0डी0आर0 जो नगर आयुक्त, नगर निगम रूडकी के नाम बन्धक कर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी अनिवार्य होगी। समस्त निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय, नगर निगम रूडकी को होगा। सशर्त निविदा व अपूर्ण तथा ओवर राइटिंग को स्वीकार नही की जायेगी। शेष शर्ते एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम रूडकी के स्वास्थ्य/निर्वाचन अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम रूडकी



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा

पत्रांक : 1001 /निविदा — दिनांक :- 02/04/2025

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 अल्मोड़ा द्वारा निम्नलिखित सील्ड निविदा दिनाक 22.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.04.2025 से 21.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्न कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 22.04.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक इन्ही कार्यालयों में डाले जा सकते है।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, प्रथम वृत्त, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
2- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा।
3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, अल्मोड़ा/बागेश्वर।

**कार्य का विवरण**

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि रू0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य आपदा मोचन नीधी (एस0डी0आर0एफ0) वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत आरतोला जागे वर नैनी मोटर मार्ग के किमी0 1 से 21 में आपदा से क्षतिग्रस्त दीवारो का पुनः निर्माण एवं बचाव कार्य | 32000.00 | 1500+ GST | 60 दिन | 4 माह | मार्ग कार्य में,डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत |
| 2 | राज्य आपदा मोचन निधी (एस0डी0आर0एफ0) वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सुवाखान दोडम चलनीछीना मोटर मार्ग के किमी0 1 से 18.300 के मध्य दीवारो का मरम्मत कार्य। | 46000.00 | 2000+ GST | 60 दिन | 4 माह | मार्ग कार्य में,डी एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत |

निविदायें दि0 23.04.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकती है।

1- निविदा की शेष शर्ते जी0पी0डब्लू0 8, जी0पी0डब्लू0 9 निविदा सूचना प्रपत्र एम/एफ 69/70 एवं शासनादेश सं0-128/2002 दि0 13-5-2002 के अनुसार होगी। शेष शर्ते एवं नियम निविदा प्रपत्र को प्राप्त कर देखी जा सकती है। सामान्य जमानत मान्य नहीं होगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रत्येक निविदा के साथ धरोहर राशि अलग-अलग ओरिजनल रूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0,
अल्मोड़ा।



## कार्यालय नगर पंचायत लालपुर (ऊधम सिंह नगर)

nagarpanchayatlalpur@gmail.com pin code 263148

पत्राक :- 04 /ठे0पंजी0सू0/2025-26 — दिनांक- 02/04/2025

"सार्वजनिक सूचना"

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नव गठित नगर पंचायत लालपुर ऊधम सिंह नगर द्वारा शासन/निदेशालय/जिलाधिकारी महोदय से प्राप्त होने वाले शासकीय अनुदानों के उपयोग हेतु निकाय क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न वार्डो में सी0सी0 सड़क/नाली/टाईल्स सड़क/नाला चार दिवारी आदि निर्माण कार्यों को व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से निर्मित करने के उद्देश्य से ठेकेदारों का पंजीकरण करवाना चाहती है ताकि निकाय को प्राप्त होने वाले शासकीय अनुदानों का समयान्तर्गत उपयोग करते हुऐ निकाय क्षेत्रान्तर्गत विकासात्मक कार्य करवाये जा सके। जिसका आवेदन दिनॉक 03/04/2025 से 15/04/2025 साय 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में नगर पंचायत लालपुर कार्यालय में आकर कर सकते है। जिसकी वैधता वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये मान्य रहेगी। प्रत्येक वर्ष माह मार्च में नवीनीकरण किये जायेगे। 15.04.2025 के उपरान्त नये ठेकेदारी आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निकाय द्वारा निमार्ण कार्यो हेतु ठेकेदारों का पंजीकरण चार श्रेणी में किये जाने हेतु उपविधि तैयार करने पर विज्ञिप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैं।

| क0सं0 | ठेकेदारों का नाम | कार्य का मूल्य जिसकी निविदा ठेकेदार दे सकते है | हैसियत प्रमाण पत्र | पंजीकरण शुल्क | नवीनीकरण शुल्क | जमानत धनराशि बचत पत्र के रूप पंचायत के पक्ष में बन्धक होगी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1- | "ए" श्रेणी | समस्त निर्माण कार्य। | 40 लाख | 15,000/- | 5,000/- | 30,000/- |
| 2- | "बी" श्रेणी | 10 लाख तक के समस्त निर्माण कार्य। | 30 लाख | 10,000/- | 3,000/- | 20,000/- |
| 3- | "सी" श्रेणी | 05 लाख तक के समस्त निर्माण कार्य। | 20 लाख | 5,000/- | 2,500/- | 15,000/- |
| 4- | "डी" श्रेणी | 2.5 लाख तक के समस्त निर्माण कार्य। | 15 लाख | 2,000/- | 1,000/- | 10,000/- |

उपरोक्तानुसार ठेकेदारी पंजीकरण करने हेतु जनपद ऊधम सिंह नगर के अन्तर्गत निवास करने वाले आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ निम्न अभिलेख प्रस्तुत करने होगे।

1- स्थाई निवास प्रमाण पत्र जिलाधिकारी/उपजिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किया गया हो।
2- ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्यो का कम से कम 05 वर्ष का अनुभव प्रमाण-पत्र किसी भी सरकारी/अर्द्धसरकारी/निकाय/निगम विभाग का प्रस्तुत करना होगा।
3- चरित्र प्रमाण-पत्र वर्तमान पते के अनुसार जो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किया गया हो तथा 06 माह से अधिक का न हो।
4- हैसियत प्रमाण पत्र सम्बन्धित उपजिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त किया गया हो तथा छः माह से अधिक समय का न हो।
5- ठेकेदार को जी0एस0टी0, आयकर, श्रम विभाग का ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0सी0 कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
6- ठेकदार को अपना आधार कार्ड, पहचान पत्र, बैंक खाते की पासबुक एवं बैंक का आई0एफ0एस0सी0 कोड आदि की छायाप्रति स्वंय प्रमाणित कर देनी होगी।
7. अधिक जानकारी कार्यालय नगर पंचायत लालपुर में दिनॉक 03.04.2025 से 14.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर आकर प्राप्त कर सकें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लालपुर
(ऊधम सिंह नगर)

अध्यक्ष
नगर पंचायत लालपुर
(ऊधम सिंह नगर)



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
## प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0. रूद्रपुर उधमसिहंनगर

दूरभाष सं0-05944-243319, फैक्स नं0 - 05944-240014 E-mail address- ccpwdrudrapur@gmail.com

पत्रांक 766 / 3 ए0सी0 — दिनांक 02/04/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0, रूदपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु सील्ड निविदायें दिनांक:- 08.04.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं निविदा प्रपत्र दिनांक 03.04.2025 से 07.04.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वान्ह से 5:00 बजे सायं तक निम्नलिखित कार्यालयों में से किसी भी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक :- 08.04.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तक निम्नलिखित किसी भी कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है।

1- कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, चतुर्थ वृत,लो0नि0वि0, रूद्रपुर 12 कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0. रूद्रपुरं 3- कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, खटीमा 14 कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने का समय | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा हल्द्वानी मार्ग के किमी0 1 से 7 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 36000.00 | 1500.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर मे पंजीकृत |
| 2. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत गदरपुर-दिनेशपुर-मटकोटा हल्द्वानी मार्ग के किमी0 8 से 14 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 36000.00 | 1500.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 3. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत मानूनगर मार्ग राज्य मार्ग सं0-05 के किमी0 1 से 4 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 16000.00 | 1000.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 4. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जाफरपुर गूलरभोज मार्ग के किमी0 1 से 3 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 5000.00 | 500.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 5. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत किच्छा दरउ मोटर मार्ग के किमी0 1 से 9 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 20000.00 | 1500.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 6. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत आजादनगर सुनैरा बरौरा लालपुर मार्ग के किमी0 1 से 7 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 12000.00 | 1000.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 7 | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अतर्गत शिमला पिस्तौर कुरैया मार्ग के किमी0 1 से 9 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 32000.00 | 1500.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 8. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अतर्गत गिद्धपुरी वीरूनगला मार्ग के 3.600 किमी0 का क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 7000.00 | 1000.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 9. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अतर्गत गदरपुर गिलकखानत मार्ग के किमी0 1 से 8 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 8000.00 | 1000.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |
| 10. | वार्षिक अनुरक्षण वर्ष 2025-26 के अतर्गत मसीत बहार बजीर सैदलीगंज मिसिंग लिंक के किमी0 1 से 11 के क्षतिग्रस्त भाग का पैच मरम्मत का कार्य। | 10000.00 | 1000.00 +18%GST | 45दिन | 02 माह | मार्ग कार्य हेतु श्रेणी डी व उच्वतर में पंजीकृत |

निविदा दिनांक:-08.04.2025 को अपराहन 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष निविदा समिति द्वारा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में खोली जायेगी, अन्य शर्ते निविदा प्रपत्रों के साथ देखी जा सकेगी।निविदा तथा किसी भी निविदा को स्वीकृत8/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा। अन्य शर्ते निविदा में देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
रुद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

## रुड़की सिविल हॉस्पिटल के प्रबंधन की लापरवाही आई सामने

# मरीज को बिना स्ट्रेचर के लिए इधर-उधर भटकते रहे तीमारदार



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** रुड़की के सबसे बड़े सिविल हॉस्पिटल के प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है। तीमारदार अपने मरीज को बिना स्ट्रेचर के लिए इध-उधर भटकते रहे।

मिली जानकारी के अनुसार रुड़की का सबसे बड़ा सिविल हॉस्पिटल किसी ना किसी मामले को लेकर अक्सर चर्चाओं में रहता है इस बार स्ट्रेचर ना मिलने पर एक मरीज को उसके परिजन हाथों में लटकाए हुए हॉस्पिटल में इधर उधर भटकते रहे ।काफी देर बाद उन्होंने मरीज को एमरजेंसी में भर्ती कराया। यह मामला अस्पताल में काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। दरअसल मंगलवार की दोपहर को दौरा पड़ने पर एक युवक को सिविल हॉस्पिटल में लाया गया था स्ट्रेचर ना मिलने पर परिजनों ने उसे स्वयं ही परिजन लेकर एमरजेंसी में पहुंचे जहां उसे भर्ती कराया गया। फिलहाल युवक का उपचार सिविल हॉस्पिटल में चल रहा है। वहीं सबसे बड़े हॉस्पिटल में स्ट्रेचर ना मिलने पर मरीज के परिजनों में बेहद गुस्सा था।इस दौरान प्रमुख समाजसेवी कृष्ण गोपाल ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं बेहद खराब हैं अस्पताल प्रबंधन मरीजों को लेकर गंभीर नहीं है। प्रदेश सरकार को स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर करने की आवश्यकता है।

## रेलवे स्टेशन को कई कॉलोनियों से जोड़ने वाला पुल बनकर तैयार

# विधायक प्रदीप बतरा ने किया निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पीरबाबा कॉलोनी को रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का विधायक प्रदीप बत्रा ने निरीक्षण किया। वहीं पुल के रास्ते को स्टेशन से जोड़ने के लिए रेल विभाग से पत्राचार किए जाने की बात विधायक ने कही।

रुड़की में विधायक प्रदीप बत्रा के प्रस्ताव पर पीरबाबा कॉलोनी से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाले पैदल पुल का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा किया गया। पुल लगभग बनकर तैयार है बस अब एप्रोच रोड जोड़े जाने हैं जिसको लेकर विधायक प्रदीप बत्रा द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। उन्होंने देखा कि पुल के रास्ते को स्टेशन तक पहुंचाने की क्या व्यवस्था बनाई जाए। वहीं मौके पर पहुंचे भागीरथ कुंज,पुष्पांजलि विहार एवं अन्य कॉलोनी के लोगों ने पुल को उनकी कॉलोनी से जोड़ने पर अपना विरोध जताया। वहीं



विधायक ने बताया कि पुल को स्टेशन तक जोड़ने के लिए रेलवे कॉलोनी के रास्ते का इस्तेमाल किया जाएगा। जिसके लिए रेल विभाग से पत्राचार किया गया है जल्द ही पुल को स्टेशन से जोड़ दिया जाएगा।

# मांगे नहीं मानने पर कर्मचारियों का तहसील में हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र की जेके टायर कंपनी में कर्मचारियों की मांगे नहीं मानने पर कर्मचारियों के द्वारा लक्सर तहसील में पहुंचकर हंगामा कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमारी बातें नियम अनुसार नहीं मानी गई तो हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। भारतीय किसान यूनियन पटेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह का भी अपने साथियों सहित समर्थन किया जा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी कीरत सिंह ने कहा की जो तीन कर्मचारी टर्मिनेट किए गए हैं उनको पहले अंदर लिया जाए उसके बाद ही वार्ता होगी। उन्होंने कहा अब आर पार की लड़ाई होगी चाहे तो रेलवे ट्रेक पर जाना पड़े चाहे जेके टायर कंपनी के गेट पर जाना पड़े हम किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। वीरेंद्र सिंह चौधरी मीरगपुर ने कहा कि 7 तारीख को जितने भी जोर हो वह लगा ले हम पीछे नहीं हटेंगे



और फैक्ट्री को जेके टायर के अधिकारी नहीं चलाएंगे। बाल कि वहां काम करने वाले कर्मचारी कंपनी को चलाने का काम करेंगे। कांग्रेस नेता चौधरी सतबीर सिंह ने कहा कि श्रम मंत्रालय मुख्यमंत्री के पास होने के बावजूद भी कोई कर्मचारियों की शुद्ध नहीं ले रहा है। अब हम आर पार की लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा पहले जो तीन कर्मचारी टर्मिनेंट किए गए हैं उनको कंपनी वापस ले उसके बाद ही वार्ता होगी। उन्होंने यह भी कहा हमने पहले भी कई बड़े आंदोलन किये जिसमें सफलता हाथ लगी जेके टायर फैक्ट्री कर्मचारी सुधीर चौधरी ने कहा सबसे पहले तो जो तीन व्यक्तियों को टर्मिनेट किया गया है उनको वापस लिया जाए उसके बाद बात की जाएगी। उन्होंने कहा 7 तारीख को लोग पूरे क्षेत्र से ट्रैक्टर ट्राली से भी धरना स्थल पर पहुंचने का काम करेंगे तहसील में धरना स्थल पर हजारों कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने एक वारंटी पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रूडकी।** न्यायालय के आदेशानुसार 01 वारंटी को कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा मा0 न्यायालय द्वारा जारी आदेशिकाओं को शतप्रतिशत तामील करने हेतु निर्देशित किया गया था जिसके अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक द्वारा टीम गठित की गई। जिसमें थाना हाजा से अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल नितिन के रवाना शुदा थाना क्षेत्र में देखरेख शांति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध / व्यक्ति छठॅ तामील में रवाना थे। दिनांक 01/04/25 को अभियुक्त शुभम अग्रवाल पुत्र सतीश अग्रवाल निवासी मकान नंबर 315 कमला नगर फेस 2 थाना धाराधार जिला आगरा उत्तर प्रदेश हाल निवासी मकान नंबर 317 पीली मंडी करोल बाग नई दिल्ली उम्र 32 वर्ष को न्यायालय परिसर रोशनाबाद जनपद से बाद बताकर कारण गिरफ्तारी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक आशीष कुमार आदि शामिल रहे।

# एससी एचटी श्रमिक संघ को दिया दो संगठनों ने समर्थन

**रुड़की।** रुड़की रोडवेज में एजीएम द्वारा एक परिचालक को निलंबित किए जाने के विरोध में चल रहे आंदोलन को रोडवेज के दो संगठनों ने मंगलवार को समर्थन दिया है। इन्हीं संगठन के साथ अब श्रमिक संघ ने आंदोलन उग्र करने की चेतावनी दी है। रुड़की रोडवेज में एजीएम केके मल्होत्रा की ओर से एक परिचालक हरि निवास को निलंबित किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले में एससीएसटी श्रमिक संघ ने आगामी आठ अप्रैल को कार्यबहिष्कार कर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी गई है। इसी क्रम में एससीएसटी श्रमिक संघ ने रोडवेज में बैठक कर मामले में अन्य संगठन से समर्थन मांगा है।

# भयानक सड़क हादसा : बस बेकाबू होकर क्लीनिक में घुसी, मची चीख पुकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** हरिद्वार-रुड़की हाईवे पर दौड़ रही बस के चालक की अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिससे निजी बस अनियंत्रित होकर एक क्लीनिक में जा घुसी। इस हादसे में बस में सवार कुछ यात्री घायल हो गए, वहीं, बस चालक की समझदारी से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। गनीमत रही कि अन्य कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं, घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार रुड़की बस स्टैंड से हरिद्वार की तरफ जाने वाले हाईवे पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया। जहां पर एक निजी बस सड़क पर चलने के बजाय साइड में बने क्लीनिक में घुस गई। बताया जा रहा है कि बस रुड़की से हरिद्वार की तरफ जा रही थी. जैसे ही बस हरिद्वार हाईवे पर मैथोडिस्ट गर्ल्स कॉलेज के पास पहुंची, वैसे ही अचानक से चालक की तबीयत बिगड़ने लगी. हालांकि, चालक ने हिम्मत और हौसला दिखाते हुए बस को कंट्रोल करने का प्रयास किया, लेकिन बस एक डेंटल क्लीनिक में जा घुसी।

**अनेक यात्रियों को आई चोट:** वहीं, हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि इस हादसे में बस में सवार कई यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। उधर, हादसा होते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया. गनीमत रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

मैं क्लीनिक के अंदर बैठा हुआ था। तभी अचानक एक तेज आवाज सुनाई दी। जब मैंने बाहर निकल कर देखा तो मेरी क्लीनिक के बाहरी हिस्से में बस घुसी हुई थी। यह हादसा बस चालक को चक्कर आने की वजह से हुआ-संदीप सिंह, क्लीनिक डॉक्टर

**लगातार सामने आ रहे सड़क हादसे:** बता दें कि उत्तराखंड में आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं. जिसमें असमय ही लोग जान गंवा रहे हैं. बीती रोज भी उत्तरकाशी के मोरी के नैटवाड़ क्षेत्र में बोलेरो पलट गई थी। इस हादसे में एक बच्चे समेत दो लोगों की जान चली गई थी। इससे पहले भी हरिद्वार में लोहाघाट जा रही रोडवेज बस पलट गई थी। राहत की बात ये थी कि इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ।

# पुलिस ने एक खाईबाड़ को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस ने सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में कोतवाली गंगनहर द्वारा टीम बनाकर सट्टे की खाईबाड़ी करने वाले अभियुक्तो के विरूद्ध अभियान चलाकर छापेमारी की कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त इनाम पुत्र मुस्तफा निवासी रामपुर कोतवाली गंगनहर जनपद हरिद्वार को सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए मय सट्टा डायरी, पैन और नगद धनराशि के साथ सुनहरा रुड़की स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली गंगनहर में मुकदमा अपराध संख्या 122 /25 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त-इनाम को पकडने वाली पुलिस टीम-कांस्टेबल रणवीर, कांस्टेबल राहुल आदि शामिल रहे।

# ईद के बाद कलियर दरगाह पर उमड़ी जायरीनो की भीड़, लगा लंबा जाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** ईद के बाद कलियर में उमड़ी भीड़ के कारण पीपल चोक पर बड़े वहानो के आने से सड़क पर जाम लग गया।मोके पर पहुंची पुलिस ने लोगो की मदद से कड़ी मशक्त के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू करवाया।

जानकारी के अनुसार पिरान कलियर में ईद के बाद दरगाह में जियारत के लिए भारी संख्या में जायरीन कलियर पहुंचते हैं। जिस कारण भीड़ होने से पीपल चोक पर मिट्टी के डंपर और बड़े वहानो के आने से पीपल चोक पर जाम लग गया। जिस कारण जायरीनों और आसपास के लोग जाम में फंसे रहे। जाम के कारण लोगो को दूसरे रास्तो से से गुजरना



पड़ा। जाम की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगो के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाकर वहानो को चालू कराया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया बड़े वहानो के आने जाने से जाम की स्थिति बन गई थी। जिसे खुलवाकर वहानो को चालू कराया।नए पुल के सामने सड़क पर खड़े ई रिक्सा चालको को भी वहां से हटाया गया हैं। ताकि सड़क पर जाम न लग सकें।

# बाइक डंपर से टकराई एक युवक गंभीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** सोहलपुर मार्ग पर बेडपुर चोक के पास एक बाईक सवार युवक की बाईक मिट्टी से भरे डम्पर में पीछे टकरा गई। जिससे युवक गम्भीर घायल हो गया।घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह सोहलपुर की ओर से एक मिट्टी से भरा डंपर आ रहा था। इसी बीच उसके पीछे सोहलपुर निवासी युवक अरविंद अपनी बाईक से सवार होकर कंपनी जा रहा था।जैसे डंपर बेडपुर चोक के पास पहुंचा तो उसने ब्रेकर पर अचानक ब्रेक लगाय तो युवक की पीछे से बाईक टकरा गई। जिसमें युवक गम्भीर घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने डंपर को अपने कब्जे में ले लिया हैं ।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि डंपर को कब्जे में लिया गया हैं।तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर दो युवक दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों व असामाजिक तत्वों पर शतरक दृष्टि रखने के लिए निर्देशित किया था जिसमें 2 अप्रैल 2024 को लक्सर क्षेत्र के दाबकी महेश्वरी गांव में दो व्यक्ति सड़क पर सरे आम उत्पादन मचाकर शांति व्यवस्था प्रभावित कर रहे थे। जिसकी सूचना पुलिस को मिली पुलिस ने तुरंत ही पहुंचकर दोनों व्यक्तियों को काफी समझाने का प्रयास किया। वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला कांस्टेबल प्रकाश चंद अक्षय तोमर शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# रुड़की में गंगा आरती को लेकर बनेगी समिति

**रुड़की।** हरिद्वार और ऋषिकेश की तर्ज पर रुड़की में भी लक्ष्मीघाट पर अब रोजाना सायंकालीन गंगा आरती शुरू हो गई है। नगर निगम की ओर से इस पहल की शुरुआत की गई है। अब नगर निगम लोगों को जागरूक करने में जुटा है कि अगर किसी का जन्मदिन, शादी की सालगिरह है या अन्य किसी तरह का विशेष आयोजन है तो वह गंगा आरती भी करवा सकता है। इसके लिए उसे कुछ राशि देनी होगी। मुख्य नगर आयुक्त राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि एक समिति भी गठित की जाएगी, जिसमें सर्वसमाज के लोगों को शामिल किया जाएगा। यह समिति ही गंगा आरती का संचालन करेगी।

# रुड़की में मानवता हुई शर्मसार नाले में मिला नवजात का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** हरिद्वार जिले के रुड़की में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां पर उस समय हड़कंप मच गया जब एक नवजात शिशु का शव गंदे नाले में पड़ा हुआ मिला। नवजात का शव मिलने से मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों की मदद से नवजात शिशु के शव को बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फिलहाल पुलिस नवजात शिशु के माता-पिता की तलाश करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के मक्खनपुर गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक गंदे नाले में नवजात शिशु का शव कीचड़ में सना हुआ पड़ा मिल। वहीं आसपास इलाके में नवजात शिशु का शव होने की खबर आग की तरह फैल गई। जिससे मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं भीड़ में शामिल किसी शख्स ने शव पड़ा होने की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल की। इसके बाद पुलिस ने लोगों की मदद से नवजात शिशु के शव को नाले से बाहर निकाला और शव कब्जे में लेकर रुड़की के सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। बताया गया है कि शव मासूम बच्ची का है, जिसको लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिरकार नवजात बच्ची के मां बाप कौन हैं, क्या बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा ऐसा ही दम तोड़ता रहेगा, या फिर इस तरह की शर्मनाक घटनाओं पर अंकुश लग पाएगा. बहरहाल फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

वहीं सिविल अस्पताल के इमरजेंसी प्रभारी डॉ. भानु प्रताप शाक्य ने बताया कि 108 एंबुलेंस से भगवानपुर से एक नवजात शिशु के शव को लेकर अस्पताल पहुंची. जिसके माता पिता के नाम का भी कोई अता पता नहीं है, उन्होंने बताया कि नवजात का शव कीचड़ में सना हुआ है। शव किसी बच्ची का है, जिसके शरीर पर किसी तरह के कोई निशान भी नजर नहीं आ रहे हैं। फिलहाल नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की बाद ही नवजात की मौत का पता चल सकेगा।

# बेटी समेत महिला को सकुशल बरामद किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बिना बताये घर से कहीं चली गई युवती को गंगनहर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को रेलवे स्टेशन के पास से एक महिला तथा उसकी बेटी को सकुशल बरामद किया।

जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि इब्राहिमपुर देह निवासी एक व्यक्ति ने अपनी बेटी तथा पत्नी की मंगलवार सुबह ही गुमशुदगी दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया कि असमीना अपनी पुत्री के साथ सोमवार को बिना बताये घर से कहीं चली गई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों को सकुशल बरामद कर लिया है।

**गोरखपुर से नाबालिग को पुलिस ने बरामद किया**-चार दिन पहले घर से बिना बताए 13 वर्षीय एक नाबालिग कहीं चली गई थी। गंगनहर कोतवाली में परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इस मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है। गंगनहर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि सोमवार देर शाम पुलिस ने नाबालिग को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के आवास विकास थाना क्षेत्र से बरामद करते हुए परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# दरगाह क्षेत्र में घूमने वाले असामाजिक तत्वों की शिकायत

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह क्षेत्र में घूमने वाले कुछ असामाजिक तत्व व अवैध रूप से रह रही महिलाओं युवतियों के खिलाफ स्थानिय लोगों और दुकानदारों ने थाना प्रभारी और दरगाह प्रबंधक को एक शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की हैं।

पिरान कलियर के दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और दरगाह प्रबंधक रजिया को पत्र देकर कहा कि दरगाह क्षेत्र में अवैध रूप से रह रही महिलाएं और गुट बनाकर घूमने वाले युवकों के कारण दरगाह शरीफ की गरिमा भंग हो रही हैं। कुछ असामाजिक तत्व रोजाना गुट बनाकर दरगाह क्षेत्र में घूमते हुए आती जाती महिलाओं से छेड़छाड़ करते हैं। जबकि दरगाह क्षेत्र और रेन बसेरों में कुछ आवारा युवतियां और महिलायें रहती हैं। आवारा घूमती ये महिलाएं गुट बनाकर माहौल खराब करते हैं। इन हुड़दंगियों ओर भींख मांगने वाले नाबालिग बच्चों से दरगाह का माहौल खराब हो रहा हैं।असामाजिक तत्वों के हौंसला इतने बुलंद हैं कि वह खुल्लम खुल्ला हुड़दंग और आवारागर्दी करते हैं। और यहां आने वाले जायरीन को भारी परेशानी उठा रहे हैं। इन समस्याओं निजात दिलाने के लिए उन्होंने कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार और दरगाह प्रबंधक रजिया के कहना है कि शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर सभासद राशिद अली, मोईन साबरी शहजाद अली लियाकत, भूरा गोल्डन, अब्दुल रहमान, गुलजार , मुराद अली नईम राणा गुल्फरीद त्यागी आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों के बीच हुए विवाद में सुलह करवाने पहुंचे ग्राम प्रधान पर हमला, चार गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** शादी के दौरान हुए झगडे में फैसले के लिए पहुंचे ग्राम प्रधान पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों के खिलाफ शान्ति भंग की धारा में कारवाई करते हुए गिरफ्तार किया है।

बीते रोज थाना पिरान कलियर को रूडकी कन्ट्रोल रूम से सूचना प्राप्त हुई कि तेल्लीवाला प्रधान पर गांव के कुछ लोगो द्वारा हमला कर दिया है व झगडा हो रहा है। उक्त सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर जानकारी की गयी तो पता चला कि गांव मे दो पक्षो का शादी को लेकर विवाद चल रहा था जिसका गांव प्रधान द्वारा दोनो पक्षों को बुलाकर समझाया गया। किन्तु एक पक्ष शहीद पुत्र वहीद,आलम पुत्र मंगता ,नबाब पुत्र रहीश व उस्मान पुत्र जहीद निवासी ग्राम तेल्लीवाला थाना पिरान कलियर द्वारा ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। तत्काल मौके पर थाना पिरान कलियर पुलिस पंहुची जाकर उपरोक्त हमलावर पक्ष




को समझाया किन्तु उपरोक्त पक्ष अत्यधिक उग्र होकर ग्राम को धमकाने व गाली गलौच कर झगड़े पर उतारू होने लगे, जिससे मौके पर काफी भीड भाड एकत्रित हो गयी। मौके पर शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत शहीद पुत्र वहीद,आलम पुत्र मंगता,नबाब पुत्र रहीश,उस्मान पुत्र जहीद को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक पुष्कर सिंह, अपर उप निरीक्षक ईमामुद्दीन, हैड कांस्टेबल,अमित कुमार,कांस्टेबल विजयपाल शामिल रहे।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 3 अप्रैल 2025

## वक्फ बिल पर रार

आज बुधवार को वक्फ संशोधन बिल लोक सभा पटल पर रखा गया। अगर यह बिल दोनों सदनों से पारित हो जाता है, तो इसे राष्ट्रपति के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राष्ट्रपति की सहमति के बाद यह कानून बन जाएगा और वक्फ बोर्ड के प्रबंधन, संपत्तियों के नियमन और अन्य प्रस्तावित बदलाव लागू हो जाएंगे। आज इस बिल को पटल पर रखने के बाद बीजेपी के किरण रिजिजू ने इसकी उपलब्धियां गिनाई, तो विपक्ष ने इस पर हंगामा कर दिया। कांग्रेस सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने इसका विरोध किया, तो एक बार संसद में हंगामा हो गया। इस बिल के जरिये बीजेपी यह जताने का प्रयास कर रही है कि वह गरीब मुसलमानों की हितैषी है। इससे पहले कभी सरकार का ध्यान इन पर नहीं गया। न तो इनकी शिक्षा का कोई अच्छा इंतजाम है और न ही रोजगार का। इन्हें इनके हाल पर जीवन जीने के लिए छोड़ रखा है। अब सरकार को इनका ख्याल कैसे आ गया, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सरकार का मानना है कि मालदार मुसलमानों ने गरीब मुसलमानों की जमीन पर कब्जा कर रखा है। यदि यह बिल पास हो जाता है, तो उनकी जमीन उनको वापस मिल जाएगी। मोदी सरकार के पिछले दस साल और वर्तमान में अभी तक गरीब मुसलमानों के लिए क्या किया गया है, इस बात को ये गरीब लोग ही अच्छा जानते हैं। सरकार और विपक्ष दोनों ने इस मुद्दे पर अपनी कमर कस ली है, जिससे संसद में तीखी बहस और हंगामे की संभावना जताई जा रही है। आज लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इस पर चर्चा के लिए 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। हालांकि, विपक्ष ने 12 घंटे की मांग की थी, जिसे सरकार ने ठुकरा दिया। लोकसभा से पारित होने के बाद, विधेयक को राज्यसभा में पेश किया जाएगा। राज्यसभा में एनडीए के पास अभी बहुमत नहीं है, इसलिए वहां इसे पास कराने के लिए सरकार को सहयोगी दलों और कुछ अन्य सांसदों का समर्थन जुटाना होगा। यहां देरी या संशोधन की संभावना बढ़ सकती है। विपक्षी इस बिल का कड़ा विरोध कर रहे हैं। विपक्ष इसे असंवैधानिक और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बता रहा है। क्या यह बिल मुस्लिम समुदाय को कमजोर करने की साजिश है। आज सरकार इन गरीबों की जमीन के बारे में सोच रही है, लेकिन भारत की जो जमीन चीन ने हथिया रखी है, उसके बारे में सरकार ने अभी तक कोई सुध नहीं ली है। इसके बावजूद इस बिल को लाकर उथल-पुथल पैदा करना चाहती है। आज देश में गरीब मुसलमान दयनीय हालत में जी रहे हैं। उनके रहने के लिए मकान नहीं हैं। स्कूलों में उनके बच्चों के एडमिशन नहीं हो पाते, जिसके कारण उनके बच्चे अनपढ़ रह जाते हैं और इसके बाद उनके सामने मजदूरी करने के अलावा और कोई रास्ता नहीं रह जाता। गरीब मुसलमानों की चिकित्सा के लिए अच्छे अस्पताल नहीं हैं। जिला चिकित्सालयों में इतनी अव्यवस्थाएं हैं कि मरीज के साथ गए तीमारदार खुद मरीज हो जाते हैं। भारत में वक्फ बोर्ड के पास 9.40 लाख एकड़ जमीन है।

## सरकार देश में भय का माहौल बना रही



मोदी सरकार देश में भय का माहौल बना रही है और व्यक्तियों के बीच भेदभाव कर रही है, आप्रवास एवं विदेशी विषयक विधेयक 2025 का कांग्रेस विरोध करती है, इससे देश में भय का माहौल बनेगा और यह संविधान की मूल भावना के विरुद्ध होगा, यह अधिकारियों को प्रताड़ना का अधिकार देता है, व्यक्तियों के बीच भेदभाव करता है, यह विदेशियों को मनमाने ढंग से देश से बाहर करने का अधिकार सरकार को देता है, यह विधेयक आव्रजन अधिकारी को असीमित अधिकार देता है, उसके निर्णय के विरुद्ध अपील भी नहीं की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह अधिकारी किसी भी व्यक्ति को विदेश जाने से रोक सकता है, यह विधेयक भारत के लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए संकट है। फिलहाल यह विदेशियों के लिए हैं, लेकिन जल्दी ही भारतीय नागरिकों पर भी इसकी छाया पड़ेगी।

**अभिषेक मनु सिंघवी**
**राज्यसभा सदस्य, कांग्रेस**

# न्यायपालिका में भ्रष्टाचार कोई नई बात नहीं...

**2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसमें भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया, 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था**



विनीत नारायण

भारत के इतिहास में पहली बार सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस रामस्वामी पर अनैतिक आचरण के चलते 1993 में संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाया गया था। पर कांग्रेस पार्टी ने मतदान के पहले लोकसभा से बहिर्गमन करके उन्हें बचा लिया। 1997 में मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस जे एस वर्मा के अनैतिक आचरण को उजागर किया तो सर्वोच्च अदालत, संसद व मीडिया तूफान खड़ा हो गया था। पर अंततः उन्हें भी सज़ा के बदले तत्कालीन सत्ता व विपक्ष दोनों का संरक्षण मिला।

2000 में एक बार फिर मैंने भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डॉ. एएस आनंद के छह ज़मीन घोटाले उजागर किए तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ये मामला चर्चा में रहा व तत्कालीन क़ानून मंत्री राम जेठमलानी की कुर्सी चली गई। पर तत्कालीन बीजेपी सरकार ने विपक्ष के सहयोग से उन्हें सज़ा देने के बदले भारत के मानवाधिकार आयोग का अध्यक्ष बना दिया। इसलिए मौजूदा विवाद जिसमें जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले नोटों के बोरे मिले, कोई चौंकाने वाली घटना नहीं है। न्यायपालिका को देश के लोकतांत्रिक ढांचे का आधार माना जाता है, जो संविधान की रक्षा और कानून के शासन को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार है। सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों की एकीकृत प्रणाली के साथ यह संस्था स्वतंत्रता और निष्पक्षता के सि(ांतों पर खड़ी है। दुर्भाग्य से हाल के दशकों में न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के बढ़ते आरोपों ने इसकी साख पर सवाल उठाए हैं। किसी न्यायाधीश के घर पर बड़ी मात्रा में नगदी मिलना एक गंभीर मुद्दा है। ऐसी घटनाओं से न सिर्फ़ न्यायपालिका पर कई सवाल उठते हैं बल्कि न्याय की आशा रखने वाली आम जनता का न्यायपालिका से विश्वास भी उठने लगता है।

भारत की न्यायपालिका का आधार संविधान में निहित है। अनुच्छेद 124 से 147 सर्वोच्च न्यायालय को शक्तियां प्रदान करते हैं, जबकि अनुच्छेद 214 से 231 उच्च न्यायालयों को परिभाषित करते हैं। यह प्रणाली औपनिवेशिक काल से विकसित हुई है, जब ब्रिटिश शासन ने आम कानून प्रणाली की नींव रखी थी। स्वतंत्रता के बाद, न्यायपालिका ने संवैधानिक व्याख्या, मूल अधिकारों की रक्षा और जनहित याचिकाओं के माध्यम से अपनी प्रगतिशील भूमिका निभाई है। 1973 के केशवानंद भारती मामले में मूल संरचना सि(ांत और 2018 के समलैंगिकता की अपराधमुक्ति जैसे फैसले इसकी उपलब्धियों के उदाहरण हैं। हालांकि न्यायपालिका की छवि आमतौर पर सम्मानजनक रही है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप इसकी विश्वसनीयता को चुनौती दे रहे हैं। 2010 में कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस सौमित्र सेन पर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगे, जिसके बाद उन पर महाभियोग की प्रक्रिया शुरू हुई। यह स्वतंत्र भारत में पहला ऐसा मामला था। हाल के वर्षों में कुछ निचली अदालतों के न्यायाधीशों के घरों से असामान्य मात्रा में नकदी बरामद होने की खबरें सामने आई हैं। 2022 में एक जिला जज के यहां छापेमारी में लाखों रुपये मिले, जिसने भ्रष्टाचार के संदेह को बढ़ाया। 2017 में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तक को एक याचिका में शामिल किया गया, जिसमें मेडिकल कॉलेजों को अनुमति देने में कथित रिश्वतखोरी का आरोप था। हालांकि ये आरोप सि( नहीं हुए, लेकिन इसने संस्थान की छवि को काफ़ी हद तक प्रभावित किया। कई मामलों में वकील और कोर्ट स्टाफ पर पक्षपातपूर्ण फैसलों के लिए पैसे लेने के आरोप भी लगे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि क्या न्यायाधीश भी इसमें शामिल हो सकते हैं। ये घटनाएं अपवाद हो सकती हैं, लेकिन इनका प्रभाव व्यापक है।

भ्रष्टाचार के ये आरोप न केवल जनता के भरोसे को कम करते हैं, बल्कि न्यायिक प्रक्रिया की पवित्रता पर भी सवाल उठाते हैं। न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों के साथ-साथ कई अन्य चुनौतियां भी हैं जो भारत की न्यायपालिका की वर्तमान स्थिति को परिभाषित करती हैं। आँकड़ों की मानें तो मार्च 2025 तक, देश भर में 4.7 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। सर्वोच्च न्यायालय में 80,000 से अधिक और उच्च न्यायालयों में 60 लाख से अधिक मामले विचाराधीन हैं। यह देरी भ्रष्टाचार के लिए अवसर पैदा करती है, क्योंकि लोग त्वरित न्याय के लिए अनुचित साधनों का सहारा ले सकते हैं। देश भर में न्यायाधीशों के स्वीकृत 25,771 पदों में से लगभग 20: रिक्त हैं। इससे मौजूदा जजों पर दबाव बढ़ता है और पारदर्शिता बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी विवाद हुए हैं। कोलेजियम प्रणाली, जो न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए जिम्मेदार है, पर अपारदर्शिता और भाई-भतीजावाद के आरोप लगते रहे हैं। 2015 में राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को असंवैधानिक ठहराने के बाद भी इस मुद्दे पर बहस जारी है। इतना ही नहीं न्यायिक जवाबदेही की कमी बाई एक गंभीर मुद्दा है। क्योंकि न्यायाधीशों को हटाने की प्रक्रिया जटिल है और महाभियोग दुर्लभ है। इसके अलावा, आंतरिक अनुशासन तंत्र कमजोर है, जिससे भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पाता। देखा जाए तो बड़ी संख्या में ग्रामीण और गरीब आबादी को कानूनी सहायता और जागरूकता की कमी का सामना करना पड़ता है। यह असमानता भी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है।

न्यायाधीशों पर भ्रष्टाचार के आरोपों का समाज पर प्रभाव बहुआयामी है। समय समय पर होने वाले सर्वेक्षण और सोशल मीडिया पर चर्चाएँ यह दर्शाते हैं कि लोग न्यायपालिका को पक्षपाती और भ्रष्ट मानने लगे हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है, क्योंकि न्यायपालिका पर भरोसा कम होने से कानून का सम्मान घटता है। जब किसी फैसले पर पैसे या प्रभाव से प्रभावित होने की आशंका उठती है, तो यह निष्पक्षता के सिद्धांत को कमजोर करता है। भ्रष्टाचार के आरोप सरकार और अन्य संस्थानों के लिए हस्तक्षेप का बहाना बन सकते हैं, जिससे न्यायिक स्वतंत्रता खतरे में पड़ती है। कई लोग मानते हैं कि 'न्याय बिकता है' और गरीबों के लिए यह पहुंच से बाहर है। ऐसा नहीं है कि भ्रष्टाचार से निपटने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। 1 जुलाई 2024 से लागू भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में पारदर्शिता और तकनीक पर जोर दिया गया है। डिजिटल साक्ष्य और समयब) सुनवाई से भ्रष्टाचार के अवसर कम हो सकते हैं। वर्चुअल सुनवाई और ऑनलाइन केस प्रबंधन से प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका कम हो सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों के लिए आचार संहिता को सख्त करने की बात कही जा रही है, हालांकि इसे लागू करने में चुनौतियां हैं।



# वैज्ञानिकता से परिपूर्ण भारतीय पंचांग की कालगणना

**इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुन्दर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 का हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा, इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों का त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिसमें पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है**



डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा

धन्य है ऋषियों की ज्ञान परंपरा और उसकी परिणति है कालगणना की वैज्ञानिक दृष्टि से सटीकता एवं शुद्धता और उसी का आधार है भारतीय पंचांग जिसका संबंध ऋतु परिवर्तन, नव संवत्सर के शुभागमन पर विभिन्न धार्मिक पर्वों के आयोजन से है। पंचांग परंपरागत भारतीय कालदर्शक है। पंचांग दो शब्द पंच+अंग से मिलकर बना है जिसका शाब्दिक अर्थ है पांच अंग अर्थात पंचांग में वार, तिथि, नक्षत्र, करण और योग पांच चीजों का विशेष रूप से उल्लेख होता है। इसके अलावा पंचांग से त्योहार, ग्रहण आदि घटनाओं और शुभ मुहूर्त की जानकारी प्राप्त होती है। वैदिक साहित्य-ऋग्वेद, यजुर्वेद और अन्य प्राचीन ग्रंथो में वर्ष के लिए संस्कृत शब्द संवत्सर का प्रयोग किया गया है।

संवत्सर नाम वत्स से पड़ा है क्योंकि प्रत्येक ऋतु के चक्र को वत्स कहते हैं। ऋतु परिवर्तन का कारण सूर्य है इसलिए भारत में छह ऋतुएं-वसंत, ग्रीष्म, वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर होती है। इसी वत्स के कारण वर्ष का नामकरण संवत्सर हुआ। नव संवत्सर का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इस बार विक्रम संवत् 2082 का शुभागमन भारतीय जीवन दर्शन की सबसे सुंदर वसंत ऋतु में 30 मार्च 2025 को हुआ है जिसे सिद्धार्थ संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इस समय प्रकृति पतझड़ के माध्यम से अपने पुराने व जीर्ण-शीर्ण पत्रों रुपी वस्त्रों को त्यागकर हरितिमा युक्त कोपलों व पल्लवों रुपी नवीन वस्त्रों को धारण कर अपना श्रृंगार करती है जिससे पशु-पक्षियों में नवजीवन का संचार होता है और कोयल पंचम स्वर में गायन कर मानव-मन को हर्ष और उल्लास से उल्लासित करती है। गांव-देहात में महिलाएं वसंत ऋतु के गीत गुनगुनाकर हृदयस्थ खुशी के भावों को प्रकट करती हैं। नव संवत्सर से नवरात्रि का श्रीगणेश होता है। नवरात्रि शक्ति जागरण का पर्व है जिसमें शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शक्तियों को जाग्रत कर ऋतु परिवर्तन के साथ अनुकूलन करने की क्षमता का विकास होता है ताकि हम हर क्षेत्र में प्रगतिपथ पर आरुढ़ हो सकें।

भारतीय ऋषियों ने पंचांग की रचना की जो पूर्णतः वैज्ञानिक है क्योंकि समय निर्धारण के लिए ऋषियों ने सटीक समय मापन पद्धति को विकसित कर अपनाया जिससे आज के खगोलविज्ञानी भी सहमत है और वे भी मानते हैं कि हजारों वर्ष पहले विकसित ऋषियों की समय मापन पद्धति पूर्णतः शुद्ध व सटीक है क्योंकि भारतीय कालगणना का सूक्ष्मतम अंश परमाणु है तथा महत्तम ब्रह्मा की आयु है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि नई पीढ़ी तक नववर्ष पर पंचांग की वैज्ञानिकता और महत्ता का ज्ञान पहुंच रहा है। भारत के महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने आज से हजारों साल पहले लिखे अपने ग्रंथ में भारतीय ईकाइयों की विशद विवेचना की है।

उनके अनुसार एक विपल आज के 0.4 सेकंड के बराबर है तथा त्रुटि का मान सेकंड का 33750वां भाग है। एक पल में 60 विपल अर्थात 24 सेकंड होते हैं। 60 पल में एक घटी अर्थात 24 मिनट होते हैं। ढाई घटी का एक होरा होता है जिसका मान एक घंटा है। 2 घंटे की एक लग्न होती है ए3 होरा का एक प्रहर होता है। 24घंटे अर्थात एक अहोरात्र में 60 घटी या 12 लग्न या 24 होरा या 8 प्रहर होते हैं। इस होरा से ही अंग्रेजी का हावर बना है। दिन के प्रथम होरा और उसके स्वामी ग्रह के आधार पर दिनों का नामकरण हुआ। सृष्टि का प्रारंभ चौत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के दिन हुआ। इस दिन के प्रथम होरा का स्वामी ग्रह सूर्य था इसलिए इस दिन का नाम रविवार, उसके अगले दिन के प्रथम होरा का स्वामी चंद्रमा तो सोमवार और अगले दिन प्रथम होरा का स्वामी मंगल था तो मंगलवार हुआ।

इसी प्रकार शेष वारों के नाम प्रथम होरा के स्वामी ग्रह के आधार पर बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार निर्धारित हुए। पंचांग का निर्माण भूत, भविष्य, वर्तमान की गणना के लिए किया गया जैसे 7 दिनों को मिलाकर सप्ताह, चार सप्ताह का एक मास, दो मास की एक ऋतु, 6 ऋतुओं का एक वर्ष, 100 वर्षों की एक शताब्दी, 360 वर्ष का एक दिव्य वर्ष, 12,000 दिव्य वर्ष का एक महायुग होता हैं। चारों युग-सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग को मिलकर एक महायुग बनता है। 71 महायुग से 1 मन्वंतर और 14 मन्वंतरों से एक कल्प बनता है। एक कल्प ब्रह्मा का एक दिन है। धार्मिक एवं शुभ कार्यों के समय हम संकल्प मंत्र पढ़ते हैं--ऊं विष्णु विष्णुर्विष्णुः द्वितीय परार्ध श्री श्वेत वाराहकल्पेवैवस्वतमन्वन्तरे अष्टाविंशति तमे कलियुगे कलि प्रथमचरणे भारतवर्षे भरत खण्डे जम्बूद्वीपे आर्यावर्तक देशान्तर्गते सिद्धार्थ संवत्सरे। इस मंत्र से हमें ज्ञात होता है कि इस समय 28वीं चतुर्युगी के कलियुग का प्रथम चरण, ब्रह्मा का द्वितीय परार्ध, श्वेतवाराह कल्प, वैवस्त मन्वंतर और सिद्धार्थ संवत्सर चल रहा है। 30 कल्प,14 मन्वंतर और 60 संवत्सर होते हैं। ब्रह्मा की 100 वर्ष की आयु 31नील10 खरब 40अरब वर्ष है। पंचांग में तिथि, वार, नक्षत्र, करण और योग इन पांच चीजों का मुख्य रूप से उल्लेख है। एक दिन को तिथि कहा गया है जो पंचांग के आधार पर 19 घंटे से 26 घंटे तक की होती है। चंद्र मास में 30 तिथियां होती हैं जो दो पक्ष-शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष में बंटी है। शुक्ल पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और पूर्णिमा मिला कर 15 तिथि, वहीं कृष्ण पक्ष में प्रतिपदा से चतुर्दशी और अमावस्या मिलकर 15 तिथि होती हैं। आकाश में तारामंडल के विभिन्न रूपों में दिखाई देने वाले आकार को नक्षत्र कहते हैं। मूलतः 27 नक्षत्र माने गए हैं-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी से लेकर रेवती तक 27 नक्षत्र हैं। चंद्रमा इन 27 नक्षत्र में भ्रमण करता है। 12 मासों के नाम आकाशमंडल के 12 नक्षत्रों के नाम पर रखे गए हैं जिस मास की पूर्णिमा को चंद्रमा जिस नक्षत्र में होता है उसी के नाम पर उस मास का नाम रखा गया है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी की लेखनी से कांपती थी ब्रिटिश सरकार...

**26 अक्टूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टी जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की और हुआ, हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे**





योगेश कुमार गोयल

गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता जगत के ऐसे महान पुरोधा थे, जिनकी लेखनी से ब्रिटिश सरकार इस कदर भयभीत रहती थी कि क्रांतिकारी लेखन के लिए उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा पांच बार सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा दी गई। उनके लेखों में ऐसी गजब की ताकत थी कि उनकी पत्रकारिता ने ब्रिटिश शासन की नींद हराम कर दी थी। जब उनकी कलम चलती थी तो ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिल जाती थी। बेमिसाल क्रांतिकारी पत्रका. रिता के कारण ही गणेश शंकर विद्यार्थी और उनका अखबार 'प्रताप' आज के दौर में भी पत्रकारिता जगत के लिए आदर्श माने जाते हैं। वह एक निर्भीक पत्रकार, समाजसेवी, महान क्रांतिकारी और स्वतंत्रता सेनानी थे। वे स्वयं तो एक उच्च कोटि के पत्रकार थे ही, उन्होंने अनेक युवाओं को लेखक, पत्रकार तथा कवि बनने की प्रेरणा और ट्रेनिंग दी। कांग्रेस के विभिन्न आन्दोलनों में भाग लेने तथा ब्रिटिश सत्ता के अत्याचारों के विरुद्ध 'प्रताप' में निर्भीक लेख लिखने के कारण वे पांच बार जेल गए। जब भी उन्हें अंग्रेज सरकार द्वारा गिरफ्तार किया जाता तो उनकी अनुपस्थिति में 'प्रताप' का सम्पादन माखनलाल चतुर्वेदी तथा बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' सरीखे साहित्य के दिग्गज संभाला करते थे।

26 अक्तूबर 1890 को उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद के अतरसुइया मोहल्ले में एक स्कूल हैडमास्टर जयनारायण के घर जन्मे विद्यार्थी जी की प्रारम्भिक शिक्षा उर्दू तथा अंग्रेजी में हुई। इलाहाबाद में शिक्षण के दौरान ही उनका झुकाव पत्रकारिता की ओर हुआ। हिन्दी साप्ताहिक 'कर्मयोगी' के सम्पादन में वे पंडित सुन्दर लाल की सहायता करने लगे। कानपुर में अध्यापन के दौरान उन्होंने कर्मयोगी सहित कई और अखबारों में लेख लिखे और पत्रकारिता के जरिये स्वाधीनता आन्दोलन से गहरे जुड़ गए। कुछ समय बाद उन्होंने पत्रकारिता, सामाजिक कार्यों तथा स्वाधीनता आन्दोलन से जुड़ाव के चलते 'विद्यार्थी' उपनाम अपना लिया और गणेश शंकर से 'गणेश शंकर विद्यार्थी' हो गए। उनकी उत्कृष्ट लेखनशैली से प्रभावित होकर हिन्दी पत्रकारिता जगत के पुरोधा पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी ने 1911 में अपनी साहित्यिक पत्रिका 'सरस्वती' में उपसम्पादक के पद पर कार्य करने का ऑफर दिया किन्तु विद्यार्थी जी को ज्वलंत समाचारों, समसामयिक तथा राजनीतिक विषयों में ज्यादा दिलचस्पी थी, इसलिए उन्होंने द्विवेदी जी का प्रस्ताव स्वीकारने के बजाय महामना पं. मदन मोहन मालवीय के हिन्दी साप्ताहिक 'अभ्युदय' में नौकरी ज्वाइन की। 9 नवम्बर 1913 को उन्होंने एक क्रांतिकारी पत्रकार के रूप में कानपुर से स्वयं 'प्रताप' नामक पत्रिका निकालना शुरू कर दिया। प्रताप के जरिये विद्यार्थी जी किसानों, मजदूरों और ब्रिटिश अत्याचारों से कराहते गरीबों का दुख-दर्द उजागर करने लगे। ब्रिटिश शासनकाल की उत्पीड़न और अन्याय की क्रूर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाना उनकी पत्रकारिता का सबसे महत्वपूर्ण अंग था, जो ब्रिटिश हुकूमत को फूटी आंख न सुहाया और इसीलिए अपनी इसी क्रांतिकारी पत्रकारिता का खामियाजा उन्हें कई मुकद्दमों, भारी जुर्माने और कई बार जेल जाने के रूप में भुगतना पड़ा। 1920 में उन्होंने 'प्रताप' का दैनिक संस्करण निकालना शुरू कर दिया, जो मूलतः किसानों, मजदूरों और पीड़ितों का हिमायती समाचारपत्र बना रहा। उन्होंने 'प्रताप' के अलावा 'प्रभा' नामक एक साहित्यिक पत्रिका तथा एक राजनीतिक मासिक पत्रिका का भी प्रकाशन किया। घटना जनवरी 1921 की है, जब रायबरेली के एक ताल्लुकदार सरदार वीरपाल सिंह ने किसानों पर गोलियां चलवाई थी। 'प्रताप' के संपादक गणेश शंकर विद्यार्थी ने उस घटनाक्रम का पूरा विवरण अपने अखबार में छापा, जिसके लिए उन्हें तथा 'प्रताप' छापने वाले शिवनारायण मिश्र पर मानहा. नि का मुकद्दमा दर्ज किया गया और उन्हें जेल हो गई। 16 अक्टूबर 1921 को विद्यार्थी जी ने स्वयं गिरफ्तारी दी और 22 मई 2022 को जेल से रिहा हुए। जेल में रहते हुए उन्होंने एक डायरी लिखी और रिहाई के बाद उन्होंने उसी पर आधारित 'जेल जीवन की झलक' नामक एक ऐसी श्रृंखला छापी, जिसे अत्यधिक पसंद किया गया और 'प्रताप' के साथ पाठकों का काफिला जुड़ता गया। उसके बाद तो अंग्रेजों ने उन्हें वक्त-बेवक्त लपेटने का कोई अवसर नहीं छोड़ा लेकिन विद्यार्थी अपने क्रांतिकारी विचारों से जरा भी नहीं डिगे।जेल से रिहाई के कुछ ही समय बाद भड़काऊ भाषण देने के आरोप में उन्हें ब्रिटिश सरकार द्वारा फिर गिरफ्तार कर लिया गया और 1924 में तब रिहा किया गया, जब उनका स्वास्थ्य बहुत खराब हो गया था। 1925 में राज्यसभा विधानसभा चुनाव में वे कानपुर से चुने गए और कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की स्वागत-समिति के प्रधानमंत्री भी नियुक्त हुए लेकिन 1929 में उन्होंने पार्टी की मांग पर त्यागपत्र दे दिया, जिसके बाद वे 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चुन लिए गए और उन्हें प्रदेशभर में सत्याग्रह आन्दोलन का नेतृत्व करने की अहम जिम्मेदारी दी गई। उसी दौरान उन्हें फिर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और गांधी-इरविन पैक्ट के बाद 9 मार्च 1931 को उनकी जेल से रिहाई हुई। स्वाधीनता संग्राम के उस दौर में हिन्दू-मुस्लिम एक-दूसरे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग कर रहे थे लेकिन ब्रिटिश हुकूमत ने दोनों समुदायों की भावनाओं को भड़काने का ऐसा खेल खेला कि जगह-जगह हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगे भड़कने लगे और देशभर में साम्प्रदायिक हिंसा फैलने लगी। कानपुर शहर भी साम्प्रदायिक दंगों की आग में झुलस उठा। गणेश शंकर विद्यार्थी का मन इन दंगों से बड़ा व्यथित हुआ और वे स्वयं इन दंगों को रोकने तथा दोनों समुदायों में भाईचारा कायम करने के लिए लोगों को समझाते हुए घूमने लगे। कई जगहों पर वे लोगों को समझाने में सफल भी रहे और इन दंगों के दौरान उन्होंने हजारों लोगों की जान बचाई भी लेकिन वे स्वयं दंगाइयों की एक ऐसी टुकड़ी में फंस गए। जो उन्हें पहचानते नहीं थे। उसके बाद उनकी बहुत खोज की गई किन्तु वे कहीं नहीं मिले। आखिर में उनका पार्थिव शरीर एक अस्पताल में लाशों के ढ़ेर में पड़ा मिला, जो इतना फूल गया था कि लोग उसे पहचान भी नहीं पा रहे थे। हजारों लोगों की जान बचाने के बावजूद गणेश शंकर विद्यार्थी स्वयं धार्मिक उन्माद की भेंट चढ़ गए।

## माटी अब भी पूछती

पैदा क्यों होते नहीं, भगत सिंह से वीर
माटी अब भी पूछती, कब जागेगी पीर?
स्वप्न सिसकते रह गए, कहां गई वह बात
चिंगारी तो जल रही, राख हुई सौगात।
नारे मंच पर गूंजते, हुई जुबां है मौन
जोश बिखरकर रह गया, जज्बा लाए कौन।
होते हैं भाषण बहुत, पर खामोश ज़मीर
शब्द बचे हैं युद्ध के, गए कहां रणधीर?
भारत माता पूछती, कौन बने कुर्बान
लाल हुए थे जो कभी, लगते अब अनजान?
सबके हित की बात का, बुझने लगा उबाल
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं भूचाल।
सत्ताओं की सांकलें, बांध रहीं तक़दीर
खुद को खुद से हारकर, भारत खड़ा अधीर।



प्रियंका सौरभ

# ईरान की परमाणु जिद हिला देगी अमेरिका के चूल

## यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे

**तेहरान।** अरब में महायुद्ध के सायरन बज रहे हैं। यहां किसी भी वक्त अमेरिका और ईरान की जंग शुरू हो सकती है, जिसकी वजह है ईरान की परमाणु जिद। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने साफ कर दिया है, वो ट्रम्प से परमाणु वार्ता नहीं करेंगे। सिर्फ इतना ही नहीं ईरान ने ट्रम्प को धमकी दी है कि अगर यूएस बॉम्बर तेहरान की तरफ आते नजर आए, तो आईआरजीसी कमांडर अमेरिकी मिलिट्री बेस राख में मिला देंगे।

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने देश को संबोधित किया। संबोधन ईद पर था, लेकिन मंच से खामेनेई ने साफ कर दिया कि अमेरिका आग से खेल रहा है और ईरान वाशिंगटन को उसी के लहजे में जवाब देगा। उन्होंने कहा कि वो हम पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं, जिसकी हमें संभावना नहीं लगती, लेकिन यदि अगर वो कोई शरारत करेंगे तो उन्हें निश्चित रूप से करारा जवाब मिलेगा। तेहरान से निकली इस धमकी और इन नारों की गूंज से वाशिंगटन तक में हड़कप है। डर है कि अगर अमेरिका ने ईरान पर हमला किया, तो ईरान अमेरिकी को दहला सकता है और इसकी संभावनाएं खामेनेई के संबोधिन के बाद बेहद ज्यादा बढ़ गई हैं। दरअसल, इसकी वजह देश को संबोधित करने के दौरान ईरानी सुप्रीम लीडर के हाथों में मौजूद ये राइफल है, जो साल 1980 के दशक की है। इससे पहले खामेनेई के हाथों में ये राइफल एक अगस्त 2024 को नजर आई थी। तब खामेनेई ने हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत पर देश को संबोधित किया था, जिसके बाद एक अक्टूबर के दिन ईरान ने हानिया और नसरल्लाह की मौत का बदला इजरायल से लिया था। अब खामेनेई के पास ये राइफल अमेरिका की धमकियों के बीच एक बार फिर नजर आई है। ऐसे में माना जा रहा है कि ईरान बहुत जल्द अमेरिका के खिलाफ बारूदी एक्शन ले सकता है। एक तरफ खामेनेई के रिएक्शन से अमेरिका पर एक्शन का रास्ता साफ हो गया है, तो वहीं ईरानी कमांडर्स के रुख से ऐसे सिग्नल मिल रहे हैं कि ईरान अमेरिकी हमले का इंतजार नहीं करना चाहता। माना जा रहा है कि ईरान अमेरिकी एक्शन से पहले ही उसे बारूदी संदेश भेज सकता है। दरअसल, आईआरजीसी के कमांडर अमेरिकी एयरबेस पर प्री एम्प्टिव स्ट्राइक की मांग कर हैं। आईआरजीसी कमांडर चाहते हैं कि ईरान डिएगो ग्रासिया एयरबेस के पास मिसाइल दागे, लेकिन इस मिसाइल से बेस को नुकसान नहीं होगा, बल्कि मिसाइल बेस के करीब समंदर में जाकर गिरेगी, अमेरिका के इस बेस की ईरान से दूरी 3846 किमी है। हाल ही में अमेरिका ने यहां 7बी-2 बॉम्बर तैनात किए थे। दरअसल, अमेरिकी बेस के पास मिसाइल दागकर ईरान ट्रम्प को अपनी क्षमता



और शक्ति का परिचय देना चाहता है ताकि ट्रम्प ईरान पर हमले के ख्याल को अपने जहन से निकाल दें। इधर, आईआरजीसी एयरफोर्स के कमांडर आमिर अली हाजीजादेह ने भी अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने अपने एक बयान में कहा है, जो शीशे के घर में रहते हैं, वो दूसरों पर पत्थर नहीं फेंकते। अमेरिका के अरब में करीब 10 बेस हैं, 50 हजार से ज्यादा सैनिक मौजूद हैं। मतलब वो शीशे के घर में मौजूद हैं। साफ है ईरान के रडार में अमेरिका के कई बेस हैं। अगर ट्रम्प बारूदी कदम उठाते हैं, तो ईरान इन्हें दहलाकर अपना प्रतिशोध पूरा करेगा। ईरान की तैयारी इसपर मोहर भी लगा रही हैं। दरअसल, चीन ने मिसाइलों से लदा कार्गो शिप ईरान भेजा था, जो ईरान के बांदर अब्बास पोर्ट पहुंच चुका है। दावा है कि इसमें चीन की लॉन्ग रेंज मिसाइलें मौजूद हैं। आईआरजीसी ने नेवातिम एयरबेस पर मिसाइल ड्रिल शुरू कर दी है। सैटेलाइट तस्वीरें से खुलासा हुआ है कि ईरान मिसाइलों की एक्यूरेसी टेस्ट कर रहा है।

### ईरान खुद को कर रहा तैयार

ईरान की इन तैयारियों को अमेरिका से जोड़कर देखा जा रहा है। दावा है कि ईरान ट्रम्प के हर संभावित कदम के लिए खुद को तैयार कर रहा है। इधर ईरान से आ रही खबरों के बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर ईरान को बारूदी धमकी भेजी है। ट्रम्प ने अपने एक बयान में कहा है कि अगर ईरान डील नहीं करता, तो बमबारी होगी और ऐसी बमबारी होगी, जो पहेल कभी नहीं देखी गई। दूसरी बार राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद ऐसे पहली बार है जब डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर स्पष्ट शब्दों पर बमबारी की बात की है। हालांकि ट्रम्प और ईरान के बीच अरब के देश एक दीवार की तरह खड़े हैं। हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी, कुवैत और कतर ने ईरान को गुप्त आश्वासन दिया है। वो ईरान पर हमले के लिए अपने एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं होने देंगे। रिपोर्ट में ये भी दावा है कि ट्रम्प ईरान पर हमला करने वाले थे, लेकिन इन तीनों देशों से अमेरिका को ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि ये देश ट्रम्प को कबतक रोक पाएंगे ये कहना बेहद मुश्किल है। इधर, 2 हफ्ते बाद भी हूती पर अमेरिका की स्ट्राइक जारी है। अमेरिका ने एक बार फिर सना और अल हुदैदा पर एयरस्ट्राइक की।

### अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह

दावा है कि अमेरिका की लेटेस्ट स्ट्राइक में 40 हूती लड़ाकों की मौत हो गई। वहीं, हूती के टॉप मिसाइल एक्सपर्ट अब्दुल खालिक बदरुद्दीन अल-हौथी के भी मारे जाने की खबर है। हूती ने भी अमेरिका पर जबरदस्त पलटवार किया है। हूती का दावा है कि उसके हमले में अमेरिका का डफ-9 रीपर ड्रोन तबाह हो गया। हूती प्रवक्ता याह्या सारी ने कहा कि हमारी सेना ने सफलतापूर्वक अमेरिका का डफ-9 ड्रोन मार गिराया है। वो हमें तबाह करने के मिशन पर था, लेकिन हमने उसे जहन्नुम पहुंचा दिया। ये दुश्मन का 16वां ड्रोन है, जिसे हमने तबाह किया है। हूती भले इसे बड़ी कामयाबी बता रहा है, लेकिन ट्रम्प ने साफ कर दिया है कि अमेरिका के मौजूदा हमले अभी सिर्फ शुरुआत भर है। अगर लाल सागर में हूती के मिसाइल अटैक बंद नहीं हुए, तो पहले असली तबाही हूती देखेगा और उसके बाद हूती का प्राजोयक ईरान। ट्रम्प के रुख से साफ है, वो किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु शक्ति हासिल करने देना नहीं चाहते, फिर चाहे इसके लिए उन्हें अरब में महायुद्ध ही क्यों ना छेड़ना पड़े।

# गाजा में पर्याप्त भोजन का दावा खारिज

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को इजरायल के गाजा में पर्याप्त भोजन है, के दावे को हास्यास्पद बताते हुए खारिज कर दिया। गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए जिम्मेदार इजरायली सैन्य एजेंसी सीओजीएटी ने दिन में पहले कहा कि अगर हमास नागरिकों को भोजन उपलब्ध कराता है, तो लंबे समय के लिए पर्याप्त भोजन है।

संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा ''हास्यास्पद। हम अपनी आपूर्ति के अंतिम चरण में हैं।'' उन्होंने कहा कि बेकरियों को ''मज़े के लिए'' बंद नहीं किया गया है क्योंकि मुख्य सामान गायब हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम ने एक अप्रैल



**इजरायली रक्षा मंत्री ने की गाजा पट्टी पर हमले तेज करने की घोषणा, पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी सेना**

को घोषणा की कि उसके गोदामों में आटा खत्म हो गया है और जब तक इजरायल क्रॉसिग को फिर से नहीं खोलता और आपूर्ति की अनुमति नहीं देता तब तक उसकी बेकरियां संचालित नहीं हो सकतीं। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने बुधवार को सेना से गाजा पट्टी पर सैन्य हमले तेज करने की घोषणा की और इसके बाद सेना बफर ज़ोन स्थापित करने के लिए गाजा पट्टी में अतिरिक्त क्षेत्रों पर कब्जा करेगी। श्री काट्ज ने एक बयान में कहा, हइस विस्तार में युद्ध क्षेत्रों से गाजा की आबादी को व्यापक रूप से निकाला जाएगा। गौरतलब है कि इज़रायल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्ध विराम के बाद हमले तेज कर दिए और फलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और ज़मीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि नए सिरे से किए गए इज़रायली हमलों में अब तक 1,042 फलिस्तीनी मारे गए हैं और अन्य 2,542 घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2023 से इजरायल और हमास के बीच शुरू हुए युद्ध में मरने वालों की संख्या बढ़कर 50,399 हो गई है।

## पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी अस्पताल में भर्ती



**कराची।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की तबीयत खराब होने पर उन्हें मंगलवार शाम एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रपति अपने पैतृक शहर गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। मीडिया के अनुसार श्री जरदारी अपने पैतृक शहर गए हुए थे और उन्हें बुखार और संक्रमण की शिकायत होने पर डॉक्टरों ने उन्हें आगे की जांच के लिए कराची ले जाने का फैसला किया। डॉक्टर उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहे हैं। उनके परिवार के सदस्य भी अस्पताल में उनसे मिलने गए। प्रधानमंत्री शरीफ ने जरदारी के स्वास्थ्य की जानकारी ली व उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## पाक ने अफगानों का सामूहिक निर्वासन टाला

**इस्लामाबाद।** पाक ने अवैध रूप से देश में घुसे अफगानिस्तान के नागरिकों के सामूहिक निर्वासन की शुरुआत को 10 अप्रैल तक के लिए टाल दिया है।

पाकिस्तान के अखबार डॉन ने यह रिपोर्ट दी। अखबार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एक अप्रैल से दस अप्रैल तक के लिए स्थगन मुस्लिम त्योहार ईद के कारण है जो रमजान के पवित्र महीने के अंत का प्रतीक है। पाकिस्तान में तीस लाख अफगानों को कथित तौर पर निर्वासन के लिए नामित किया गया है।



# नेपाल में प्रदर्शनों के बीच संवाद का दौर

**काठमांडू/रक्सौल।** नेपाल में राजशाही समर्थक प्रदर्शनों के बीच जांच, गिरफ्तारी और कूटनीतिक संवाद का दौर शुरू हो गया है। नेपाल की सरकार अबतक करीब चौबीस कथित आंदोलनकारियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है।

सरकार ने गृह मंत्रालय को काठमांडू के तिनकुने में हुए हिंसक विरोध प्रदर्शन की जांच का आदेश दिया है। इन्ही प्रतिकूल हालातों के बीच नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने भारतीय अधिकारियों से बात की है और भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। नेपाल में प्रतिकूल राजीतिक हालातों के बीच भारत में नेपाल के राजदूत डा. शंकर शर्मा ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की है। यह मुलाकात इस लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि इस वर्ष 12 मार्च को काठमांडू के त्रिभुवन



अंतराष्ट्रीय हवाईअड्डा पर अपने पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के स्वागत में आंदोलनकारियों ने भारत के हिदूवादी पहचान वाले राजनेता योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ प्रदर्शन किया था। उस प्रदर्शन में राजशाही और हिदू राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग की गई थी। दूसरी तरफ नेपाल के विदेश मंत्री आरजू राणा ने पहले भारतीय अधिकारियों से राजशाही समर्थक आंदोलन के मुद्दे पर बात की है। हालांकि भारत लगातार तटस्थ रह कर नेपाल में बदलते हालातों पर नजर रखे हुए है, फिर भी इस मुद्दे पर नेपाल द्वारा भारत से किए जा रहे इन कूटनीतिक संवादों के राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। इधर नेपाल की सरकार ने गृह मंत्रालय को हिसक तिनकुने विरोध प्रदर्शन की जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसमें लोग घायल हुए और हताहत हुए थे। जिला पुलिस रेंज के प्रवक्ता एसपी अपिल राज बोहरा के अनुसार, काठमांडू पुलिस ने राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र मिश्रा और महासचिव धवल शमशेर राणा सहित 24 लोगों को राजशाही आंदोलन से संबंधित अराजकता, आगजनी और लूटपाट के आरोप में गिरफ्तार किया है। ए गिरफ्तारियां जिला पुलिस रेंज काठमांडू द्वारा की गईं। इसके अलावा 41 लोग हिरासत में लिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि 28 मार्च को हुए प्रदर्शनों के हिसक हो जाने पर कीर्तिपुर निवासी फोटो पत्रकार सुरेश रजक और सबिन महारजन की मौत और बड़े पैमाने पर आगजनी की घटनाएं हुईं थी।

नेपाल सरकार ने जनता से राजशाही समर्थक प्रदर्शनों में भाग लेने से बचने का आग्रह किया है। मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने भी मंगलवार को मंत्रिमंडल बैठक की ब्रीफिग के दौरान इस आशय की घोषणा की थी।

## अमेरिकी आयात पर इजरायल ने शुल्क रद्द किए

**तेल अवीव।** इजरायल सरकार ने अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, वित्त मंत्री बेजेल स्मोट्रिच और अर्थव्यवस्था एवं उद्योग मंत्री नीर बरकत के निर्देश पर इजरायल ने अमेरिका, इजरायल के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार से आने वाले उत्पादों पर अब तक लगाए गए सभी सीमा शुल्क रद्द कर दिए हैं।'' बयान में कहा गया कि अमेरिका और इजरायल के बीच 1985 के मुक्त व्यापार समझौते के तहत अमेरिका से आयातित 99 प्रतिशत वस्तुओं को सीमा शुल्क से छूट दी गई थी।

